अपनी व्यापक कायापलट की रणनीति के एक भाग के रूप में आपका बैंक एक ओर अपने कारोबार को खुदरा और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में पुनर्निर्धारित करने तथा दूसरी ओर कॉरपोरेट लोन बही विशेष रूप से बृहद् कॉरपोरेट खंड में कारोबार वृद्धि को सीमित करने की दिशा में कार्य कर रहा है. बैंक द्वारा अपनायी गई यह रणनीति कम पूंजी कारोबार मॉडल का परिणाम है जो बैंक की जोखिम भारित आस्तियों (आरडबल्यूए) को कम करने के साथ-साथ बैंक के तुलन पत्र को मजबूत बनाने में सहायक होगी. पूंजी के इष्टतम उपयोग को मद्देनजर रखते हुए आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान निम्न रेटिंग वाले कॉरपोरेट ग्राहकों के एक्सपोजर में कमी, विनियामक खुदरा पोर्टफोलियो के एक्सपोजर में वृद्धि, जहां संभव हो नकद प्रतिभूति मार्जिन में बढ़ोत्तरी, डेटा शोधन आदि द्वारा जोखिम भारित आस्तियों (आरडबल्यूए) को उल्लेखनीय रूप से 18% तक कम कर दिया है. इसके साथ-साथ बैंक ने अपनी अनर्जक आस्तियों (एनपीए) को कम करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना एवं रोड मैप का भी निर्माण किया है जिसमें बैंक की सम्पूर्ण संरचना को मजबूत बनाने, स्पष्ट नीतिगत दिशानिर्देश निर्दिष्ट करने, समय पर डेटा उपलब्ध कराने पर जोर देने/ कार्यकलापों की विश्लेषण आधारित निगरानी तथा सुनियोजित समीक्षा करने, बड़े मूल्य वाले खातों के लिए विशेष रणनीति आधारित वसूली योजना बनाने, खुदरा खातों पर निरंतर समय पर कार्रवाई आधारित दृष्टिकोण अपनाना शामिल है. आगे चलकर यह बैंक की पूंजीगत आवश्यकताओं में कमी लाने में सहायक होगा. बैंक ने अपनी गैर परिचालनगत आस्तियों का विनिवेश करना भी शुरू कर दिया है जिसमें कुछ सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में अपनी हिस्सेदारी बेचना

तथा उन वाणिज्यिक संपत्तियों को बेचना जिनका उपयोग पूरी तरह से बैंक के पूंजीगत आधार को बढ़ाने में नहीं हो रहा था.

आपके बैंक ने खुदरा आस्ति वृद्धि, खुदरा देयतायों में बढ़ोत्तरी तथा आय शुल्क में वृद्धि के जरिए अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय भी किए हैं. इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, बैंक तत्परतापूर्वक अच्छी ग्राहक सेवा, फील्ड बिक्री में उत्कृष्टता तथा विश्लेषण युक्त बिक्री द्वारा अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है.

अपने लाभ में संवृद्धि के लिए राजस्व को अधिकाधिक बढ़ाने के साथ-साथ आपका बैंक अपनी परिचालनगत लागतों को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है. बैंक ने उपरिव्यय, किराए में कमी, एटीएम की विवेकपूर्ण स्थापना, आईटी प्रक्रियाओं को सुसंगत बनाना तथा बाह्य स्रोतों से कार्य पर होने वाले व्यय में कमी जैसे ऐसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान भी कर ली है जिनमें उच्चतर क्षमता के लिए काफी संभावना है.

इस अति महत्वपूर्ण रणनीति को सार्थक बनाने के लिए आपके बैंक ने यह सुनिश्चित किया है कि खुदरा कारोबार खंड और ऋण निगरानी एवं वसूली टीम के पास पर्याप्त स्टाफ मौजूद हैं. इसके साथ-साथ, आपके बैंक में अभिशासन प्रणाली को नवीन रूप देने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं. आपका बैंक अन्य बातों के साथ-साथ अपने कारोबारी उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी मूल ताकत यथा मजबूत ब्रांड इक्विटी, सक्षम खुदरा परिचालन, उत्कृष्ट ग्राहक सेवा, मजबूत आईटी प्लेटफॉर्म जैसी अन्य कई सुविधाओं का लाभ भी उठा रहा है.

वर्ष के दौरान सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) सहित आपके बैंक का पुनः पूंजीकरण किया है. आपके बैंक ने सरकार को बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंडरटेकिंग प्रस्तुत की है जिसके द्वारा यह निर्धारित समय सीमा के भीतर कुछ विशिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करेगा, जिसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं.

सरकार द्वारा पूंजी उपलब्ध कराना इस बात पर निर्भर करता है कि सुधार एजेंडे पर पीएसबी का कार्यनिष्पादन कैसा रहा है. आपके बैंक सहित सभी पीएसबी अपनी कारोबारी रणनीति को सुव्यवस्थित कर अधिक जवाबदेह एवं जिम्मेदार बैंक बनने का प्रयास कर रहे हैं.

अपनी रणनीतिक पहलों में अंतर्निहित भावनाओं को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक कई ग्राहक केंद्रित पहल कार्यों के साथ निरंतर अपने ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है. बैंक वर्ष के दौरान सरकार द्वारा आरंभ किए गए संवर्धित पहुँच और सेवा उत्कृष्टता (ईएएसई) के निर्धारित लक्ष्य पर केन्द्रित पीएसबी सुधार एजेंडे के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है. ईएएसई की रूपरेखा मुख्यतः छ थीम के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं, यथा (i) ग्राहक के प्रति अनुक्रियाशीलता (ii) उत्तरदायित्वपूर्ण बैंकिंग (iii) ऋण में बढ़ोत्तरी (iv) उद्यमी मित्र के रूप में पीएसबी (v) वित्तीय समावेशन को मजबूत करना एवं डिजिटलीकरण और (vi) सुनिश्चित परिणामप्राप्ति - मानव संसाधन. आपके बैंक ने यह सुनिश्चित किया है कि उसके द्वारा आरंभ की गई विविध पहल इस थीम पर केंद्रित रहें तथा इन मोर्चों की नियमित आधार पर निगरानी एवं मूल्यांकन किया जाता रहे.

मुख्य कारोबारी पहल-कार्य

आपके बैंक ने पूर्ण सेवा देने वाले नई पीढ़ी के वाणिज्यिक बैंक के उद्देश्य के अनुरूप व्यापक खुदरा आधारित कारोबार पोर्टफोलियो को लक्षित करना जारी रखा है. अपने खुदरा कारोबार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिक संतुलित कारोबार पोर्टफोलियो संमिश्र प्राप्त करने हेतु आपका बैंक अपने ग्राहकों की सम्पूर्ण अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पादों एवं सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराता है. ग्राहकों की निरंतर बदलती एवं उभरती जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक निरंतर नए उत्पादों एवं सेवाओं का शुभारंभ करने के साथ मौजूदा उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं को बेहतर बना रहा है जिससे वह प्रतिस्पर्धा में अपना स्थान बनाए रख सके.

आपका बैंक सम्पूर्ण भारत में 1,916 शाखाओं, 3,779 एटीएम तथा 58 ई-लाउंज के नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है. अपने ग्राहकों को किसी भी समय किसी भी स्थान पर संव्यवहार की सुविधा को और अधिक सहज बनाने के लिए आपका बैंक विभिन्न डिजिटल ऑफर के माध्यम से एक अनुपूरक भौतिक नेटवर्क भी मुहैया कराता है.

आपका बैंक अपनी आईटी क्षमताओं का उपयोग अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों की उपलब्धता, सेवाओं से संबंधित नवीनतम तकनीक एवं सुरक्षा की दृष्टि से निरंतर बदलती एवं उभरती जरूरतों को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए कर रहा है. आपका बैंक परिचालनगत सुविधाओं एवं कार्य क्षमताओं में वृद्धि की गारंटी द्वारा निरंतर अपनी तकनीक में सुधार कर रहा है जिससे इसके ग्राहकों को उच्च स्तरीय अनुभव प्राप्त हो सके. आपका बैंक अपने ग्राहकों से जुड़ी सूचना एवं लेनदेनों की सुरक्षा एवं गोपनीयता को भी उच्च स्तरीय महत्व देता है. इसके अलावा ग्राहकों को संभाव्य साइबर धोखाधड़ियों के प्रति जागरूक करने और विश्वसनीय तथा सुरक्षित बैंकिंग पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए आवधिक आधार पर सक्रिय उपाय भी किए जाते हैं.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र खंडों की क्षमता एवं उसकी कारोबारी संभाव्यता को देखते हुए आपका बैंक अपने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) पोर्टफोलियो को निरंतर मजबूत बना रहा है और यह रिजर्व बैंक द्वारा जारी अधिदेशों का अनुपालन भी कर रहा है. आपका बैंक अपने कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) नेटवर्क का लाभ उठाकर अपने कारोबार को ग्रामीण तथा अर्धशहरी क्षेत्रों में फैलाने का प्रयास कर रहा है जिससे वित्तीय समावेशन के विस्तार के साथ-साथ बैंक के पीएसएल कारोबार को भी बल मिल सके.

आपका बैंक समाज में हाशिये पर रह रहे लोगों द्वारा अपेक्षित वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं तक निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किफ़ायती लागत पर उनकी पहुँच सुनिश्चित करते हुए सक्रिय रूप से अर्थव्यवस्था में समावेशी वृद्धि सुनिश्चित करने के सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है. वित्तीय समावेशन के एजेंडे का समाधान तीन प्रमुख क्षेत्रों अर्थात् उपयुक्त वित्तीय उत्पादों की पेशकश, प्रौद्योगिकी के गहन प्रयोग और वित्तीय साक्षरता में बढ़ोत्तरी के माध्यम से किया जा सकता है. इसके अलावा, बैंक भारत सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी सक्रियतापूर्वक सहभागिता कर रहा है. साथ ही आपके बैंक ने वित्तीय साक्षरता के प्रचार में भी अहम योगदान दिया है. प्रभावी वित्तीय समावेशन एवं लाभार्थियों को उपलब्ध वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता को प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाय) के एक महत्वपूर्ण भाग की पूर्वापेक्षा के रूप में निर्धारित किया गया है.

आपका बैंक पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर अपने परिपूर्ण प्राधिकृत व्यापारी व्यापार वित्त (टीएफ) केन्द्रों तथा रिटेल व्यापार वित्त शाखाओं के माध्यम से अपने व्यापार वित्त कारोबार का संचालन करता है. उच्चतर ग्राहक सुविधा

सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न यंत्रचलित परिचालनों की शुरुआत की गई है जो आपके बैंक की उत्पादकता और कार्यक्षमता बढ़ाने में भी सहायक रहे हैं.

आपका बैंक अपने सर्वोत्तम प्रौद्योगिकीय प्लेटफॉर्म के माध्यम से केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों तथा भुगतानों का प्रबंध करने के लिए उनके एजेंट के रूप में भी कार्य करता है. आपका बैंक केंद्र सरकार के करों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) को संग्रहित करने के लिए प्राधिकृत है, जिनमें अन्य सेवाओं के साथ-साथ सरकारी प्राप्तियाँ, रेलवे मालभाड़ा प्रभारों का इलेक्ट्रॉनिक भुगतान, ईपीएफओ अभिदान, स्टैम्प ड्यूटी संग्रहण, अल्प बचत योजनाएँ ऑफर करना, पेंशनधारकों के लिए आधार आधारित जीवन प्रमाणपत्र सुविधा उपलब्ध कराना शामिल हैं.

आपके बैंक को भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) - रिजर्व बैंक अधिदेशित प्रणाली - के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त है जिसका उद्देश्य भारत में एकीकृत तथा अंतर-परिचालनीय बिल भुगतान प्रणाली उपलब्ध कराना है.

आपके बैंक ने कंपनी अधिनियम 2013 के अनुपालन में 1 अप्रैल 2014 से बोर्ड अनुमोदित सीएसआर नीति कार्यान्वित की है जो यह रेखांकित करती है कि आपका बैंक समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार संस्था है. आपका बैंक उल्लेखनीय एवं योजनाबद्ध ढंग से अन्य बातों के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं तक लोगों की पहुँच बढ़ाने, बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने, पर्यावरण संबंधी संपोषणीयता सुनिश्चित करने, लिंग समानता को बढ़ावा देने, आजीविका अवसरों में वृद्धि, व्यावसायिक और रोजगारपरक कौशल के विकास तथा गांवों के सर्वांगीण विकास में योगदान देता रहा है.

वर्ष के दौरान किए गए बैंक के पहल कार्यों का विस्तृत ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013, आपके बैंक के संस्था अंतर्नियम और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 में यथा परिकल्पित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं द्वारा नियंत्रित है. बोर्ड सीधे तौर पर और आपके बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2018 को आपके बैंक के बोर्ड में दस निदेशक थे, जिनमें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ), दो उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी), दो गैर-कार्यपालक निदेशक और पाँच स्वतंत्र निदेशक थे. यथा 31 मार्च 2018 को बोर्ड में श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ, श्री के. पी. नायर तथा श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री पंकज जैन तथा श्री प्रवीण गर्ग, गैर-कार्यपालक निदेशक के रूप में केंद्र सरकार के सरकारी नामिती; श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल और श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक के रूप में शामिल थे. मई 2018 के दौरान श्री एस. रवि एवं श्री निनाद कर्पे ने बोर्ड के स्वतंत्र निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया जबकि भारत सरकार द्वारा श्री प्रवीण गर्ग, सरकारी नामिती निदेशक के स्थान पर श्री सुधीर श्याम को रखा गया. स्वतंत्र निदेशकों की 2(दो) रिक्तियों को भरने के लिए बोर्ड ने श्री समरेश परिडा और श्री एन जंबुनाथन को अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया है जो 19 मई 2018 से प्रभावी है. संस्था के अंतर्नियम के अंतर्नियम 116(1) के अंतर्गत निर्दिष्ट 13 निदेशकों की अधिकतम संख्या के स्थान पर बोर्ड में 10 (दस) निदेशकों की वर्तमान संख्या संस्था अंतर्नियम के अंतर्नियम 114(ए) की अपेक्षाओं को पूरा करती है.

शीर्ष समितियां

आपके बैंक के कारोबार और परिचालन के विभिन्न कार्य पहलुओं की देख-रेख करने के लिए बोर्ड की कुल पंद्रह समितियां अर्थात् बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, पारिश्रमिक समिति, कार्यपालक समिति, नामांकन समिति, अंशधारक संबंध समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, वसूली समीक्षा समिति, जोखिम प्रबंध समिति, स्वतंत्र निदेशक समिति, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति, असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति, कारोबार समीक्षा समिति, ग्राहक सेवा समिति, इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति तथा सूचना प्रौद्योगिकी समिति हैं.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन की बेहतर पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. आपके बैंक की यह मान्यता है कि उचित कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ विनियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि शेयरधारकों के मूल्य में वृद्धि के लिए सुसाध्यकारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कारोबार दायित्व रिपोर्ट

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दिनांक 22 दिसंबर 2015 की अपनी अधिसूचना के जरिए बीएसई और एनएसई में बाजार पूंजीकरण के आधार पर सूचीबद्ध 500 शीर्ष कंपनियों के लिए वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में कारोबार दायित्व (बीआर) रिपोर्ट का समावेशन अनिवार्य कर दिया है. कारोबार दायित्व रिपोर्ट में सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन परिप्रेक्ष्य में आरंभ किए गए पहल-कार्यों का वर्णन होना चाहिए. बैंक की कारोबार दायित्व रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर रखी गई है.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अंतर्गत कथन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसा कोई कार्मिक पूरे वर्ष आपके बैंक की सेवा में नहीं रहा जिसे ₹ 1.02 करोड़ से अधिक वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष की किसी आंशिक अवधि के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे बैंक की सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह ₹ 8.50 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष अथवा उसके

किसी हिस्से के दौरान ऐसा कोई कार्मिक नियुक्त नहीं किया गया जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अथवा उप प्रबंध निदेशक द्वारा आहरित कुल पारिश्रमिक की दर से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो और जिसके पास अथवा जिसके पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के साथ मिलाकर बैंक के 2% इक्विटी शेयर से कम शेयर धारित हों.

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा का अर्जन तथा व्यय

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(एम) के प्रावधान आपके बैंक पर लागू नहीं होते हैं. तथापि, आपका बैंक अपने परिचालनों में सूचना प्रौद्योगिकी का उत्तरोत्तर प्रयोग कर रहा है.

भारतीय रिज़र्व बैंक की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए)

आपके बैंक की उच्च निवल अनर्जक आस्तियों (एनपीए) और आस्तियों पर नकारात्मक प्रतिलाभ (आरओए) को देखते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने 5 मई 2017 के अपने पत्र के जरिए आपके बैंक के लिए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) शुरू कर दी है. बैंक इस संबंध में रिजर्व बैंक के निदेशों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहा है. बैंक ने अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए कायापलट की एक व्यापक रणनीति भी बनाई है. इसके साथ-साथ, रिजर्व बैंक द्वारा संयुक्त ऋणदाता फोरम (जेएलएफ) व्यवस्था के अंतर्गत आने वाले मामलों को छोड़कर नये कॉरपोरेट एक्सपोजर देने पर प्रतिबंध के संबंध में जारी निदेशों के अनुपालन के क्रम में बैंक ने अपनी आंतरिक क्रेडिट नीति की समीक्षा की है और यह अपने कॉरपोरेट एक्सपोजर को सीमित करने की दिशा में काम कर रहा है.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा घोषणा और पुष्टि करता है कि:

क. वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है.

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनका निरंतर प्रयोग किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं एवं अनुमान लगाए हैं जो वित्तीय वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए यथोचित तथा विवेकपूर्ण हैं.

ग. निदेशकों ने आपके बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए विनियामक प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है.

घ. निदेशकों ने चालू समुत्थान के आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं.

ङ. निदेशक मंडल ने बैंक द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा उक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं; और

च. निदेशक मंडल ने लागू सभी नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियाँ तैयार की हैं तथा कि ये प्रणालियाँ पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (रिजर्व बैंक) और अन्य सभी सांविधिक/ विनियामक प्राधिकरणों को उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी है. निदेशक मंडल विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय बैंकों/ संस्थाओं से समय-समय पर मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी निष्ठावान शेयरधारकों और ग्राहकों का भी वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए हृदय से आभार प्रकट करता है और भविष्य में भी उनसे सतत् सहयोग की अपेक्षा करता है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और बैंक के प्रति उनकी वचनबद्धता का अत्यधिक सम्मान करता है.

[के.पी. नायर]
उप प्रबंध निदेशक

[महेश कुमार जैन]
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 मई 2018

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors is pleased to present the Report on its business and operations for the financial year ended March 31, 2018.

India's economic milieu in the financial year 2017-18 was characterised by conducive policy environment which aided in strengthening its macroeconomic fundamentals. Banking industry, especially in an economy like India, is a critical enabler for ensuring sustainable economic growth. Growth in the Indian economy is, *inter alia,* contingent upon widening and deepening of the banking penetration, and this, in turn, requires a more robust public sector banking framework, considering their dominance. However, the year proved to be a difficult one for the banking sector due to various factors. The performance of your Bank can be considered reasonable given this difficult banking sector environment.

Financial Highlights

As on March 31, 2018, your Bank's aggregate deposits and advances touched ₹ 2,47,931.61 crore and ₹ 1,71,739.95 crore, respectively. Your Bank's business highlights for the period under review are presented in Table 1.

Table 1: Key Financials

(In ₹ crore)

	As on March 31, 2017	As on March 31, 2018
Capital	2,058.81	3083.86
Reserves & Surplus	20,504.83	18,125.87
Deposits	2,68,538.10	2,47,931.61
Borrowings	56,363.98	63,185.53
Other Liabilities & Provisions	14,408.75	17,986.77
Total Liabilities	**3,61,874.47**	**3,50,313.64**
Cash & Balances with RBI	13,346.92	13,163.69
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	19,337.16	20,522.40
Investments	92,934.41	91,606.06
Advances	1,90,825.93	1,71,739.95
Fixed & Other Assets	45,430.05	53,281.54
Total Assets	**3,61,874.47**	**3,50,313.64**
For the period	**2016-17**	**2017-18**
Total Income	31,799.20	30,035.41
Total Expenses (other than provisions)	27,180.52	22,130.90
Provisions (other than tax)	13,236.70	20,497.05
Profit/ (Loss) Before Tax	(8,618.02)	(12,592.53)
Provision for Tax*	(3,459.88)	(4,354.61)
Profit/ (Loss) After Tax	(5,158.14)	(8,237.92)

** Net of Current Income Tax and Deferred Income Tax*

During the year under review, your Bank's total income amounted to ₹ 30,035.41 crore, comprising interest income of ₹ 23,026.53 crore and other income of ₹ 7,008.88 crore. Interest expenses stood at ₹ 17,386.21 crore and operational expenses at ₹ 4,744.69 crore, accounting for total expenditure (excluding provisions and contingencies).

Total provisioning of your Bank increased in view of continued stress in the Bank's corporate loan portfolio. The provisions include ₹ 22,118.86 crore towards provision for non-performing assets, bad debts written-off and investments. As a result, your Bank incurred a net loss of ₹ 8,237.92 crore during FY 2017-18.

While the Earnings per Share (EPS) during the year was negative due to the losses, the Book Value per Share (excluding intangible assets) stood at ₹ 39.01 as at end-March 2018. In view of the losses incurred, the Board of Directors have not recommended any dividend for the year.

Report on the Performance and Financial Position of Subsidiaries and Joint Venture included in the Consolidated Financial Statement as on March 31, 2018

Name of the entity	Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		Share in profit or (loss)	
	As % of consolidated net assets	Amount (In ₹ crore)	As % of consolidated profit or (loss)	Amount (In ₹ crore)
1	2	3	4	5
Parent : IDBI Bank Ltd.	95.37%	21,209.73	101.86%	-8,237.92
Subsidiaries:				
Indian:				
1. IDBI Capital Market Services Ltd.	1.45%	321.46	-0.16%	12.73
2. IDBI Intech Ltd.	0.21%	47.50	-0.04%	3.01
3. IDBI Asset Management Company Ltd.	0.51%	112.44	-0.10%	8.01
4. IDBI MF Trustee Company Ltd.	0.01%	1.42	0.00%	0.22
5. IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.78%	173.49	-0.45%	36.45
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Minority Interests in all subsidiaries	0.39%	85.96	-0.20%	16.51
Associates (Investment as per the equity method)				
Indian				
1. Biotech Consortium India Ltd.	NA	NA	-0.01%	0.42
2. National Securities Depository Ltd.	NA	NA	-0.33%	26.85
3. North Eastern Development Finance Corporation Ltd.	NA	NA	-0.17%	13.95
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Joint Venture (as per proportionate consolidation/ investment as per the equity method)				
Indian				
1. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	1.68%	374.33	-0.60%	48.45
Foreign	NA	NA	NA	NA
TOTAL	100%	22,240.36	100%	-8,087.83
Elimination	-1.49%	-332.41	0.55%	-44.57
Net Total	98.51%	21,907.96	100.55%	-8,132.40

Material changes and commitments, if any, affecting financial position of IDBI Bank which have occurred during the end of financial year and the date of Board Report.

There are no material changes and commitments affecting the financial position of the Bank which have occurred between the end of the financial year of the Bank, i.e. March 31, 2018 and the date of the Directors' Report.

The details in respect of adequacy of internal financial controls with reference to the financial statements.

According to Section 143(3) (i) of Companies Act 2013, with effect from financial year 2015-16, the report of the Statutory Auditors shall state whether the Bank has adequate Internal Financial Control (IFC) system in place and the operating effectiveness of such controls, in the context of the financial statements. IFCs as referred to in Section 143 (3) (i) of Companies Act relates to Internal Financial Controls over Financial Reporting (IFC-FR). The Bank's Management is responsible for establishing and maintaining internal financial controls based on the internal control over financial reporting criteria established by the Bank considering the essential components of internal control stated in the Guidance Note on Audit of IFC-FR issued by the Institute of Chartered Accountants of India. These responsibilities include the design, implementation and maintenance of adequate internal financial controls that were operating effectively for ensuring the orderly and efficient conduct of its business, including adherence to Bank's policies, the safeguarding of its assets, the prevention and detection of frauds and errors, the accuracy and completeness of the accounting records, and the timely preparation of reliable financial information, as required under the Companies Act, 2013, the Banking Regulation Act, 1949 and the guidelines issued by the Reserve Bank of India.

With a view to put in place IFC-FR framework, the Bank has appointed a Consultant to provide compliance with respect to the documentation, certification and reporting process of controls across all Business Verticals/ Departments. For the financial year 2017-18, the Consultant has validated base framework and also submitted the internal compliance certificate for the quarters ended June 2017, September 2017, December 2017 and March 2018 after validation of all processes and testing the same.

Capital Adequacy

Your Bank computes regulatory capital requirement for credit, market and operational risks as prescribed under the Pillar 1 guidelines of the Basel III framework.

As on March 31, 2018, the Capital to Risk-weighted Assets Ratio (CRAR) of your Bank was 10.41% as against the minimum regulatory requirement of 10.875%. Your Bank's *"Common Equity Tier 1 (CET 1) + Capital Conservation Buffer (CCB) ratio"* was 7.42% as against the minimum applicable ratio of 7.375% stipulated by the RBI. The *"Tier 1 + Capital Conservation Buffer (CCB) ratio"* stood at 7.73% as on March 31, 2018 against the regulatory requirement of 8.875%. Basel guidelines have introduced a mandatory Capital Conservation Buffer (CCB) with effect from March 31, 2016. CCB is designed to ensure that banks build up buffers during normal times which can be drawn down as losses are incurred during stressed periods. In line with the transitional arrangements of the regulatory guidelines, the CCB applicable for March 31, 2018 is 1.875%. Accordingly, the minimum regulatory requirement of *"Total Capital + CCB"* is 10.875% as on March 31, 2018. Your Bank has a Board-approved policy on Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) in line with the Pillar 2 norms of the Basel III framework, which enables the Bank to internally assess and quantify those risks which are not covered under Pillar 1 as well as develop appropriate strategies to manage risks under normal and stress conditions. Your Bank has adopted a Disclosure Policy in accordance with the Pillar 3 requirements under the Basel norms and accordingly, publishes disclosures on the Bank's website at the end of each quarter.

Business Strategy

During the year, the Bank launched Project Nishchay to drive its strategic transformation through focussed interventions in four major areas, viz. (i) Asset Utilisation, (ii) Revenue Maximisation, (iii) Operating Cost Rationalisation, and (iv) Manpower Planning.

As a part of its comprehensive turnaround strategy, your Bank has been working towards realignment of its business mix in favour of retail and priority sector lending business while limiting growth in its corporate loan book, especially in large corporate segment. This strategy has been adopted in pursuance with a capital light business model as it would facilitate the Bank to reduce its Risk Weighted Assets (RWAs) as also help in improving the quality of the balance sheet. With a view to optimising its capital, your Bank has significantly reduced the RWAs by 18% during FY 2017-18 by reducing exposure to low-rated corporate clients, ensuring incremental exposure in regulatory retail portfolio, enhancing cash security margin wherever feasible, data cleaning, etc. Simultaneously, the Bank has adopted a comprehensive action plan and road map for reduction of Non-Performing Assets (NPAs), which involves strengthening the overall structure, defining clear-cut policy guidelines, emphasising on timely data availability/ analysis-based activity monitoring and structured review, case-specific strategy-based recovery action for large value accounts and persistent, timely, action-based approach to retail accounts. This will aid in further reduction in the capital requirement of the Bank going forward. The Bank has also embarked on divestment of its non-core assets, including sale

of its stakes in certain associates and Joint Ventures and sale of its residential and commercial properties which were not being optimally utilised, to augment its capital base.

Your Bank has also taken several measures to augment its revenue streams by enhancing retail asset growth, improving retail liabilities and enhancing fee income. In alignment with this objective, the Bank has been proactively enhancing its capabilities in terms of improved customer service, field sales excellence and analytics driven sales.

As a corollary to revenue maximisation for boosting its bottom-line, your Bank has been working towards rationalisation of its operating costs. The Bank has identified a number of areas with significant potential for higher efficiency such as overheads expenses, rent reduction, ATM rationalisation, streamlining of IT processes and reduction of outsourcing expenses.

To support this overarching strategy, your Bank has ensured that the retail business segment and credit monitoring and recovery teams are adequately staffed. Furthermore, measures are being taken to revamp the governance in your Bank. Additionally, the Bank has been leveraging its core strengths, that is, strong brand equity, efficient retail operations, excellent customer service, robust IT platform, among others, to achieve its business objectives.

During the year, the Government recapitalised Public Sector Banks (PSBs), including your Bank. Your Bank has furnished a Board-approved undertaking to the Government whereby it will meet certain milestones in a defined timeframe, for which necessary steps are being taken.

The infusion of capital by the Government is contingent upon performance of PSBs on the reform agenda. All PSBs, including your Bank, are striving towards aligning their business strategy to become more responsive and responsible banks.

Underlying its strategic initiatives, your Bank continues to remain committed towards its customers with a number of customer-centric initiatives. The Bank is also committed to the *PSB Reforms Agenda* aimed at Enhanced Access and Service Excellence (EASE) unveiled by the Government during the year and is taking the necessary steps towards its implementation. The EASE framework centres around six themes, viz. (i) Customer Responsiveness, (ii) Responsible Banking, (iii) Credit Off-Take, (iv) PSBs as Udyami Mitra, (v) Deepening Financial Inclusion & Digitalisation and (vi) Ensuring Outcomes - HR. Your Bank has ensured that these themes are central to the various initiatives being taken by it and the progress on these fronts is monitored and evaluated on a regular basis.

Key Business Initiatives

In keeping with its intended positioning as a full-service new generation commercial bank, your Bank continues to target a broad-based retail business portfolio. In order to foster its retail business to ensure a more balanced business mix, your Bank offers an array of products and services to cater to the full spectrum of its customers' requirements. Taking into consideration the emerging and evolving customer needs and trend, your Bank constantly launched new products and services as also fine-tuned its existing array of products, services and processes to remain competitive.

Your Bank served its customers through its network of 1,916 branches, 3,779 ATMs and 58 e-lounges. The physical network was also supplemented by a range of digital offerings to extend the convenience of transacting at any time and any place to its customers.

Your Bank has been leveraging its IT capabilities to offer financial products and services embedded with state-of-the-art technology and security features to seamlessly cater to the ever-increasing needs and demands of its customers. Your Bank is continuously embracing technological improvements to ensure highest level of user experience by guaranteeing operational convenience and enhanced efficiency. Your Bank also assigns highest significance to security and confidentiality of customers' information and transaction details. Furthermore, proactive measures are also undertaken to sensitise customers on a periodic basis about the potential cyber threats as also to promote safe and secure banking practices.

Recognising the potential of the priority sector segment and business potential therein, your Bank has been increasingly strengthening its Priority Sector Lending (PSL) portfolio, thereby also adhering to the RBI's mandate. Your Bank is also leveraging its network of Business Correspondents (BCs)/ Business Facilitators (BFs) in an effort to increase penetration in rural and semi-urban areas and thereby, ensuring wide-spread financial inclusion while simultaneously placing emphasis on its PSL business.

Your Bank has been actively furthering the Government's agenda of ensuring inclusive growth in the economy by ensuring access to financial products and services needed by the marginalised sections of the society at an affordable cost in a fair and transparent manner. The agenda of financial inclusion is addressed through interventions in three key areas viz., offering appropriate financial products, making intensive use of technology and enhancing financial literacy. Furthermore, the Bank has also proactively participated in various social security schemes of Government of India. Simultaneously, your Bank has placed utmost importance on promoting financial literacy. Financial literacy has been identified as a pre-requisite for effective financial inclusion

and an integral part of the Pradhan Mantri Jan-Dhan Yojana (PMJDY) in order to let the beneficiaries make best use of the financial services being made available to them.

Your Bank conducts its Trade Finance (TF) business through its full-fledged Authorised Dealer TF centres and Retail TF branches in various locations pan-India. In a bid to ensure greater customers convenience, various initiatives have been undertaken to automate operations which has also helped your Bank to increase its productivity and efficiency.

Your Bank also acts as an agent for Central Government and State Governments to manage their receipts and payments through its best-in-class technology platform. Your Bank is authorised to collect Central Government taxes (direct and indirect), Government receipts, electronic payment of Railway freight charges, EPFO subscription, collect stamp duty, offer Small Saving Schemes, extend Aadhaar-based authentication of Life Certificate for pensioners, among other services.

Your Bank is authorised to facilitate Utility Bill Payments using Bharat Bill Payment System (BBPS) - an RBI mandated system - aimed at offering integrated and interoperable bill payment system in India.

Your Bank has put in place a Board-approved CSR policy with effect from April 2014 in compliance with the Companies Act, 2013, underscoring your Bank's inclination towards being a socially and environmentally responsible entity. Your Bank, through its planned interventions, has significantly contributed towards providing improved access to health services, promoting education for children, ensuring environmental sustainability, promoting gender equality, enhancement of livelihood opportunities, advancement of vocational & employable skills and holistic development of villages, among others.

The detailed descriptions of the Bank's initiatives undertaken during the year are outlined in the Management Discussion and Analysis section of the Annual Report.

Board of Directors

Your Bank's Board of Directors is broad-based and its constitution is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Companies Act, 2013, the Articles of Association of your Bank and the requirements of Corporate Governance, as envisaged in SEBI (LODR) Regulations, 2015. The Board functions directly as well as through various Board Committees constituted to provide focussed governance in the important functional areas of your Bank.

As on March 31, 2018, the Board comprised of ten Directors, including Managing Director and CEO (MD & CEO), two Deputy Managing Directors (DMDs), two Non-Executive Directors and five Independent Directors. Shri Mahesh Kumar Jain, MD & CEO, Shri K. P. Nair and Shri G. M. Yadwadkar, DMDs, Shri Pankaj Jain and Shri Praveen Garg, Central Government official Nominees as Non-Executive Directors, Shri S. Ravi, Shri Ninad Karpe, Shri Gyan Prakash Joshi, Dr. Ashima Goyal and Shri Bhuwanchandra B. Joshi as Independent Directors constituted the Board as on March 31, 2018. During May 2018, Shri S. Ravi and Shri Ninad Karpe, Independent Directors resigned from the Board while Shri Praveen Garg, Government Nominee Director was replaced by Shri Sudhir Shyam by Government of India. To fill the 2 (two) vacancies of Independent Directors, the Board has appointed Shri Samaresh Parida and Shri N. Jambunathan as Additional Directors with effect from May 19, 2018. The present strength of 10 (ten) Directors on the Board, as against the composition for maximum strength of 13 Directors provided under Article 116(1) of the Articles of Association, meets the requirement provided under Article 114(a) of the Articles of Association.

Apex Committees

The Board has a total of fifteen committees to oversee various functional aspects of your Bank's business and operations. The committees are Audit Committee of the Board, Remuneration Committee, Executive Committee, Nomination Committee, Stakeholders' Relationship Committee, HR Steering Committee, Frauds Monitoring Committee, Recovery Review Committee, Risk Management Committee, Independent Directors' Committee, Corporate Social Responsibility Committee, Non-Cooperative Borrowers' Review Committee, Customer Service Committee, Wilful Defaulters Review Committee and Information Technology Committee.

Corporate Governance

Your Bank is committed to adopting best corporate governance practices. It believes that effective corporate governance is not just a requirement for regulatory compliance, but also a facilitator for enhancement of stakeholders' value. The details of your Bank's corporate governance practices are given in this Annual Report as a separate section under Corporate Governance Report.

Business Responsibility Report

The Securities and Exchange Board of India (SEBI), vide its notification dated December 22, 2015, has mandated the inclusion of Business Responsibility (BR) Report as part of the Annual Report for Top 500 listed entities based on market capitalisation at BSE and NSE. The BR Report should describe initiatives taken by the listed entity from an environmental, social and governance perspective. The Bank's Business Responsibility Report has been hosted on the website of the Bank (www.idbi.com).

Statement under Section 134 of the Companies Act, 2013 read with Rule 5 of the Companies (Appointment and Remuneration of Managerial Personnel) Rules, 2014

There were no personnel in your Bank's services, during the financial year under review, who received remuneration over ₹ 1.02 crore annually. Besides, there were no personnel in the service of the Bank for a part of the year who received remuneration in excess of ₹ 8.50 lakh per month. Further there was no personnel employed throughout the financial year or part thereof who was in receipt of remuneration at a rate, which in the aggregate, was in excess of that drawn by Managing Director & CEO or Deputy Managing Director of the Bank and who held by himself or along with his spouse and dependent children, not less than 2% of the equity shares of the Bank.

Conservation of Energy, Technology Absorption, Foreign Exchange Earnings and Outgo

The provisions of Section 134(3)(m) of the Companies Act, 2013 read with Rule 8(3) of the Companies (Accounts) Rules, 2014 are not applicable to your Bank. However, your Bank has been increasingly using information technology in its operations.

RBI's Prompt Corrective Action (PCA)

The RBI, vide its letter dated May 05, 2017, initiated PCA for your Bank in view of its high net Non-Performing Assets (NPA) and negative Return on Assets (ROA). The Bank has been taking necessary actions to comply with the RBI's directive in this regard. The Bank has also put in place a comprehensive turnaround strategy to improve its financial position. Furthermore, in compliance with the RBI directive with regard to restriction on fresh corporate exposure except for cases under Joint Lenders' Forum (JLF) mechanism, the Bank has reviewed its internal credit policy and has been working towards limiting its corporate exposure.

Directors' Responsibility Statement

The Board of Directors, hereby, declares and confirms that:

a. In the preparation of the annual accounts, the applicable accounting standards had been followed along with proper explanation relating to material departures;

b. The Directors had selected such accounting policies and applied them consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for that period;

c. The Directors had taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of this Act for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities;

d. The Directors had prepared the annual accounts on a going concern basis;

e. The Directors had laid down internal financial controls to be followed by the Bank and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively; and

f. The Directors had devised proper systems to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

Acknowledgements

Your Bank's Board of Directors is sincerely grateful to the Government of India, Reserve Bank of India (RBI) and all other statutory/ regulatory authorities for their valuable co-operation and guidance. The Board also acknowledges, with gratitude, the co-operation and support received from various State Governments and other banks/ financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their support. The Board takes this opportunity to put on record its deep sense of gratitude to its loyal shareholders and customers for extending their support during the year, and looks forward to their continued association in the years ahead. The Board appreciates the sincere and devoted services displayed by its entire staff and highly values their commitment towards the Bank.

[K.P. Nair] — Deputy Managing Director

[Mahesh Kumar Jain] — Managing Director & CEO

Place: Mumbai
Date: May 25, 2018

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

कारोबारी परिवेश

निवेश, विनिर्माण गतिविधियों और व्यापार में आए उछाल के फलस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्यापक स्तर पर सुधार जारी है. इस परिदृश्य में विभिन्न मान्यताप्राप्त अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों जैसे विश्व बैंक, आईएमएफ, ओईसीडी आदि ने 2018 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया है.

वित्तीय वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में जीडीपी विकास की दर तेजी से बढ़कर 7.7% हो गई है, जो विगत सात तिमाहियों में सर्वाधिक है. इसके चलते भारत ने तीव्रतम गति से उत्तरोत्तर बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था की अपनी स्थिति को बरकरार रखा है. कृषि उपज में सुदीर्घ सुधार, बेहतर विनिर्माण निष्पादन और गतिशील सेवा क्षेत्र ने समग्र विकास को संचालित किया है. तथापि जीडीपी विकास की दर वित्तीय वर्ष 2016-17 की 7.1% के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2017-18 में 6.7% ही रही है. यद्यपि वित्तीय वर्ष 2017-18 की समाप्ति पर जीडीपी विकास की दर विगत चार वर्षों में सबसे कम थी, फिर भी वित्तीय वर्ष 2017-18 की दूसरी तिमाही से विकास की बेहतर हो रही दर आने वाले अच्छे समय का विश्वास दिलाती है. शीर्ष संस्थाओं/ संगठनों को ऐसी आशा है कि अगले चार-पाँच वर्षों में भारत तीव्रतम गति से उत्तरोत्तर बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन जाएगा.

भारत में विकास को बढ़ावा देनेवाले प्रमुख संवाहक मुख्यतः देशी और नीतिगत कारक रहे हैं, तथापि वैश्विक विकास में एक साथ होने वाले सुधार से कुछ अनुकूल माहौल अवश्य बनेगा. खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन संभावित होने, कॉरपोरेटों द्वारा बिक्री में भारी वृद्धि होने, तैयार माल की अधिक खपत होने, कॉरपोरेटों द्वारा अचल आस्तियों में निवेश प्रारम्भ करने, जोकि पूंजीगत व्यय चक्र को नवीकृत करने का संकेत दे रहा है; तथा सेवा क्षेत्र की आघात-सहनीयता के चलते भारत के आर्थिक विकास का भावी परिदृश्य सकारात्मक हो रहा है. देशी हवाई यात्रियों के आने-जाने और विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि के चलते उच्चतर निजी उपभोग होने, उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में उछाल आने, पैसेंजर वाहनों आदि की बिक्री में बढ़ोत्तरी होने से देशी मांग की स्थिति और भी मजबूत होने के संकेत मिल रहे हैं.

कारोबार समीक्षा

आपके बैंक ने अपनी अनिवार्यताओं को देखते हुए रणनीतिक रूपान्तरण के उद्देश्य से वर्ष के दौरान चार प्रमुख क्षेत्रों यथा (i) आस्ति का उपयोग करने (ii) राजस्व को अधिकतम करने (iii) परिचालन लागत को युक्तिसंगत बनाने तथा (iv) मानवशक्ति आयोजना संबंधी प्रयासों को केंद्र में रखकर प्रोजेक्ट निश्चय आरंभ किया. इस प्रोजेक्ट के तहत इन चार प्रमुख स्तंभों के अंतर्गत एक बहु-आयामी, विविध पहल कार्य वाली रणनीति तैयार की गई.

अपनी व्यापक रूपान्तरण रणनीति के एक भाग के रूप में आपके बैंक ने अपनी कॉरपोरेट ऋण बही की वृद्धि को सीमित कर रिटेल और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण देने पर जोर देते हुए अपने कारोबार संमिश्र को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए. इससे बैंक को अपनी जोखिम भारित आस्तियों (आरडबल्यूए) में कमी लाते हुए अपेक्षाकृत कम पूंजी वाले कारोबार मॉडल की ओर जाने में मदद मिलेगी. अपनी आस्ति गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए बैंक ने गैर-निष्पादक आस्तियों (एनपीए) में कमी लाने हेतु व्यापक कार्य योजना तैयार कर रोड मैप बना लिया है. इससे आगे चलकर बैंक की पूंजीगत आवश्यकता में और भी कमी आएगी. बैंक ने अपना पूंजी आधार मजबूत करने के लिए अपनी गैर-प्रमुख आस्तियों का विनिवेश आरंभ कर दिया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यमों में अपना हिस्सा बेचने के अलावा अपनी ऐसी आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों का विक्रय करना शामिल है, जिनका इष्टतम उपयोग नहीं हो पा रहा था.

इसके साथ-साथ आपके बैंक ने अपने राजस्व क्षेत्र को सशक्त करने के लिए रिटेल आस्ति को और बढ़ाने, रिटेल देयताएँ सुधारने तथा शुल्क आधारित आय बढ़ाने जैसे कई उपाय किए. इस दिशा में बैंक बेहतर ग्राहक सेवा, उत्कृष्ट फील्ड विक्रय तथा विश्लेषणपरक विक्रय के माध्यम से अपनी क्षमता को सक्रियतापूर्वक बढ़ा रहा है.

अपने लाभ को बढ़ाने के लिए आपका बैंक उच्चतर कार्यक्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान कर परिचालन लागत को युक्तिसंगत बनाने हेतु कार्य कर रहा है.

बैंक की समग्र रणनीति के अंतर्गत मानव संसाधन संबंधी आवश्यक कदम शामिल हैं, जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि रिटेल कारोबार खंड और ऋण निगरानी व वसूली टीमों में पर्याप्त स्टाफ रहे तथा अभिशासन संरचना को बेहतर बनाया जा सके.

विनिर्दिष्ट मानदंडों के संबंध में हुई प्रगति की निगरानी के लिए समर्पित कोर टीमों का गठन किया गया. इसके अलावा एक सामूहिक प्रयास के रूप में समग्र बैंक में संप्रेषण और सहबद्धता स्तर सुधारने पर जोर दिया गया. आपका बैंक इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि मौजूदा कमियों की पहचान कर इनका समाधान कर लिया जाएगा, मूल ताकत का पूरी तरह से सदुपयोग किया जाएगा तथा मौजूदा उत्पाद व प्रक्रियाएँ सुधारी जाएंगी, जिनके चलते बैंक में उल्लेखनीय वृद्धि और लाभप्रदता दर्ज की जा सकेगी.

यथा 31 मार्च 2018 को आपके बैंक के नेटवर्क में 1916 शाखाएँ शामिल थीं जिनमें पूरे भारत में महानगरीय केंद्रों में 441 शाखाएँ, शहरी केंद्रों में 466 शाखाएँ, अर्ध शहरी केंद्रों में 592 शाखाएँ तथा ग्रामीण केंद्रों में 415 शाखाएँ (258 वित्तीय समावेशन शाखाओं सहित), दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र (डीआईएफसी), दुबई में एक समुद्रपारीय शाखा, जीआईएफटी, गुजरात में एक अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग इकाई (आईबीयू) तथा 3,779 एटीएम और 58 ई-लाउंज शामिल थे. इसके साथ-साथ आपके बैंक ने अपने डिजिटल ऑफरिंग को इस तरह समर्थ बनाया कि ग्राहकों को किसी भी समय और कहीं भी लेनदेन करने में सुविधा हो सके.

रिटेल बैंकिंग

रिटेल देयता उत्पाद

'ग्राहक ही सर्वोपरि' के अपने लक्ष्य के मद्देनजर आपका बैंक उच्च मालियत वाले व्यक्तियों (एचएनआई), कारोबार उद्यमों, कॉरपोरेट पेरोल, न्यासों, संघों, सोसाइटियों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों, महिलाओं, युवाओं आदि जैसे विभिन्न रिटेल खंडों को कई प्रकार के देयता उत्पाद ऑफर करता है. आपके बैंक का प्रत्येक उत्पाद ग्राहक को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है तथा यह उनकी बहुविध जरूरतों को पूरा करता है. ग्राहकों की निरंतर बदलती और उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने समय-समय पर नए उत्पादों की पेशकश करना तथा मौजूदा उत्पादों की सुविधाओं/ प्रक्रियाओं की समीक्षा करना जारी रखा ताकि उनकी आवश्यकताएँ पूरी की जा सकें.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने कम लागत वाली जमाराशियों का हिस्सा बढ़ाने, शुल्क आधारित आय सृजित करने और उत्पादों तथा उनसे संबंधित लागत को औचित्यपूर्ण बनाने के नए अवसरों का पता लगाया. बैंकिंग उद्योग में आए बदलावों के मद्देनजर आपके बैंक ने बढ़ती परिचालन लागत, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्मों के उद्भव और ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं को देखते हुए नए सेवा प्रभार आरंभ किए तथा कुछ मौजूदा प्रभारों को संशोधित किया.

एनआरआई सेवाएं

आपका बैंक एनआरआई ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है और मूलभूत अनिवासी बाह्य (एनआरआई) खाता, अनिवासी सामान्य (एनआरओ) खाता तथा विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर) जमाराशियों से लेकर एफसीएनआर जमाराशियों पर वायदा रक्षा, भारतीय सेकंडरी शेयर बाजार में निवेश के लिए पोर्टफोलियो निवेश योजना (पीआईएस), एनआरआई जमाराशियों की प्रतिभूति पर ओवरड्राफ्ट सुविधा, आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण तथा इसी प्रकार की अन्य सुविधाओं जैसे वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं का एक पूर्ण फलक प्रदान करते हुए उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता है. आपका बैंक तीव्र, किफायती और सुविधाजनक निधि अंतरण करने के लिए एनआरआई ग्राहकों को भारत में झंझट-रहित निधि प्रेषण के लिए कई विकल्प प्रदान करता है.

रिटेल आस्तियां

आपके बैंक ने सम्पूर्ण सेवा प्रदान करने वाले नई पीढ़ी के वाणिज्यिक बैंक की अपनी अभिप्रेत स्थिति का ध्यान रखते हुए अधिक संतुलित कारोबार संमिश्र को सुसाध्य बनाने के लिए बड़े रिटेल कारोबार पोर्टफोलियो को लक्ष्य करना जारी रखा. इसके अनुसरण में आपका बैंक रिटेल बैंकिंग खंड में मुख्यतः ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में आकर्षक आस्ति उत्पादों की शृंखला ऑफर करता है. बाजार की उभरती चुनौतियों तथा अपने ग्राहकों की बहुविध जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक आवास ऋण, बंधक ऋण, वैयक्तिक ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण जैसे कई सुरचित रिटेल आस्ति उत्पाद ऑफर करता है. नए उत्पाद आरंभ करने के साथ-साथ आपका बैंक आवधिक आधार पर मौजूदा उत्पादों की समीक्षा कर उनमें संशोधन/ नवीनीकरण/ अनुकूलन भी करता है.

आपका बैंक आवास ऋण खंड में एक विश्वसनीय साझेदार है. सामान्य आवास ऋण उत्पादों के अलावा, आपका बैंक ग्रामीण और किफायती आवास पर भी, जिनकी बहुत ज्यादा जरूरत है, ध्यान केन्द्रित कर रहा है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा अपने पेरोल ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर शुरूकिए, जिनके तहत आवास ऋण, ऑटो ऋण, वैयक्तिक ऋण तथा उनके विविध प्रकारों पर रियायती दर से ब्याज लगाया गया. आपका बैंक उन चुनिंदा बैंकों में से एक है, जिन्होंने ग्राहकों को उनके ऋण प्रोफाइल के आधार पर प्रतिस्पर्धी ब्याज दर ऑफर करते हुए जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण प्रणाली शुरू की है.

आपका बैंक भारत सरकार के विद्या लक्ष्मी पोर्टल के परिचालन में प्रमुख सदस्य रहा है. इस पोर्टल के माध्यम से शिक्षा ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत किया जाता है.

ग्राहक आधार बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन ऋण आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई है. आपका बैंक ग्राहक को वेबसाइट के माध्यम से अपना ऋण आवेदन ट्रैक करने की सुविधा भी ऑफर करता है.

क्रेडिट कार्ड

आपका बैंक विभिन्न नेटवर्क स्कीम के अंतर्गत निम्नानुसार पाँच क्रेडिट कार्ड वेरिएंट ऑफर करता है:

क. रुपे स्कीम - विनिंग सिलेक्ट;

ख. वीसा स्कीम - रॉयल सिग्नेचर, एस्पायर प्लेटिनम और इम्पेरियम प्लेटिनम;

ग. मास्टरकार्ड स्कीम - यूफोरिया वर्ल्ड

उक्त कार्ड वेरिएंट विभिन्न ग्राहक खंडों को उनकी प्रोफाइल व आवश्यकता के आधार पर टैग किए जाते हैं.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने *'विनिंग्स'* रुपे सिलेक्ट क्रेडिट कार्ड शुरू किया. यह एक प्रीमियम कार्ड है, जो मुख्यतः वेतनभोगी खंड के अंतर्गत सम्पन्न ग्राहक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है. आपका बैंक नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ मिलकर रुपे प्लेटफॉर्म पर क्रेडिट कार्ड शुरू करने वाले आरंभिक बैंकों में से एक है.

बाजार में अपने क्रेडिट कार्ड की पैठ जमाने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान विशाल रिटेल ग्राहक आधार का इस्तेमाल करते हुए अपने चुनिंदा मौजूदा ग्राहकों को पूर्व-अनुमोदित क्रेडिट कार्ड भी ऑफर किए.

कार्ड को सक्रिय करने व इसका उपयोग बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान कार्ड उपयोग और सक्रियन अभियान भी चलाया, जिसके तहत ग्राहकों को अतिरिक्त बोनस डिलाइट पॉइंट भी प्रदान किए गए. आपके बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को मर्चेन्ट डिस्काउंट के रूप में अतिरिक्त सुविधा भी ऑफर की.

डिजिटल बैंकिंग

भारतीय बैंकिंग जगत डिजिटल बैंकिंग चैनलों में नित नवोन्मेषण और प्रौद्योगिक अंगीकरण का साक्षी बन रहा है. भारत का *'डिजि धन मिशन'* इसी परंपरा की महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के अधिकतम उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना तथा कागज-आधारित लेन-देनों को कम करना है.

आपका बैंक डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, पॉइंट ऑफ सेल्स (पीओएस), मोबाइल पॉइंट ऑफ सेल्स (एमपीओएस), इंटरनेट भुगतान गेटवे, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग जैसे विभिन्न डिजिटल उत्पादों को प्रोत्साहित करने व इनका संवितरण करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित कर रहा है कि ग्राहक इन उत्पादों को अधिक से अधिक सक्रिय कर इनका उपयोग करें.

आपके बैंक ने जीपीआरएस, पीएसटीएन, मोबाइल पीओएस, पीसीपीओएस और एनएफसी एनेबल्ड टर्मिनल जैसे मौजूदा उत्पादों के दायरे को व्यापक किया और यह भारत क्यूआर (वर्जन 4) और भीम आधार पे (आरडी एनेबल्ड) के साथ डिजिटल पीओएस शुरू करने वाले पहले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में से एक था.

आपके बैंक ने अपने मोबाइल बैंकिंग एप्प को 'गो मोबाइल +' नामक नया नाम देते हुए इसका नवीकरण किया ताकि यूजर को बेहतर इंटरफेस और सुखद अनुभव मिल सके.

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक की कुछ उपलब्धियाँ इस प्रकार रहीं:

- डिजि धन मिशन के अंतर्गत भारत सरकार के दिशानिर्देशों के तहत आपके बैंक ने भीम आधार बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट डिवाइस के लिए निर्धारित लक्ष्य को 94% प्राप्त करते हुए सभी पीएसबी में दूसरा स्थान तथा भारत के सभी 38 बैंकों में 10वां स्थान प्राप्त किया.

- डिजिटल भुगतान लेनदेन का जो प्रतिशत 31 मार्च 2017 को 39.10% था, वह 31 मार्च 2018 को बढ़कर 64.25% हो गया.
- आपके बैंक ने ग्रीन पिन के रूप में कागजविहीन पिन जनरेट करने का एक समाधान आरंभ किया, जिसके तहत आईडीबीआई बैंक के डेबिट कार्डधारक एटीएम, आईवीआर, इंटरनेट बैंकिंग चैनल, एसएमएस और मिस्ड कॉल सुविधाओं के माध्यम से अपना डेबिट कार्ड पिन जनरेट कर सकते हैं.
- आपके बैंक ने जून 2017 में आईओएस प्लेटफॉर्म पर *'भीम पे विज़'* नामक यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) मोबाइल एप्लिकेशन आरंभ किया.
- आपके बैंक ने भीम डिजिटल पीओएस भी आरंभ किया, जोकि मर्चेन्टों को सभी यूपीआई एप्लिकेशनों से भुगतान स्वीकार करने में समर्थ बनानेवाला एक मोबाइल आधारित भुगतान संग्रहण एप्लिकेशन है. यह एप्लिकेशन मर्चेन्टों को एकल मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए आधार नंबर और बायोमैट्रिक्स के जरिये भुगतान संग्रहण करने में भी समर्थ बनाता है.
- जून 2017 में आपके बैंक ने *'आईडीबीआई एप्पकार्ट'* आरंभ किया, जोकि एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर सभी मोबाइल आधारित समाधान वाला एक अंब्रेला एप्लिकेशन है. इससे ग्राहक को एप्लिकेशन लोकेट करने में बहुत सुविधा होगी.
- डेबिट कार्ड की दैनिक लेनदेन सीमा सेट करने तथा इसका प्रयोग करने में समर्थ बनाने/ रोकने की सुविधा भी इन्टरनेट बैंकिंग में शुरू की गई.

अन्य पक्ष उत्पाद तथा पूंजी बाजार उत्पाद

आपका बैंक अपने ग्राहकों के जोखिम प्रोफाइल तथा वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें मूल्य-योजित उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करता है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने प्रोजेक्ट निश्चय के तहत *'एच डब्ल्यू एच'* (स्वास्थ्य, संपत्ति और खुशी) नामक विशेष अभियान चलाते हुए शुल्क आधारित आय बढ़ाने और स्वस्थ बिक्री संस्कृति का निर्माण करने पर विशेष जोर दिया. आपके बैंक ने सॉवरिन गोल्ड बांड स्कीम और न्यू पेंशन स्कीम को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इस विषयक सेवाएं भी प्रदान कीं.

आपके बैंक को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की ओर से तीन पुरस्कार प्राप्त हुए. अधिकतम एनपीएस खाते जुटाने संबंधी *'लाइफ्स ग्लोरी'* अभियान में 3रा स्थान प्राप्त हुआ, एनपीएस में कॉरपोरेट एक्टिवेट करने के संबंध में बेस्ट पॉइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी) श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा बेस्ट पीओपी-सेवा प्रदाता एसपी एक्टिवेशन में तीसरा स्थान हासिल किया. आपके बैंक को नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की 32 वीं डीपी कॉन्फ्रेंस में पीएसयू बैंक श्रेणी के तहत सर्वाधिक नए डीमैट खाते खोलने के लिए सर्वोच्च परफार्मर के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सस्ती लागत पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से उपयुक्त वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को प्रोत्साहित करने में नीति-निर्माताओं के साथ भागीदारी में तत्पर रहा है. आपके बैंक की वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) वित्तीय समावेशन के लिए सुसंगठित और योजनाबद्ध नजरिया प्रदान करती है. आपका बैंक वित्तीय समावेशन के एजेंडे को तीन प्रमुख क्षेत्रों अर्थात् उपयुक्त वित्तीय उत्पाद ऑफर करने, प्रौद्योगिकी का गहन उपयोग करने तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने पर केन्द्रित करते हुए प्रवर्तित कर रहा है.

प्रधान मंत्री जन धन योजना तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

आपके बैंक ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत खातें जुटाने और सक्रिय रूप से भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अर्थात् दुर्घटना बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), जीवन बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) तथा वृद्धावस्था पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में भागीदारी की.

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ)

आपके बैंक ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी पैठ जमाकर बेहतर वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार (पीएसएल) देने के अपने कारोबार को समृद्ध करने के लिए कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) का नेटवर्क बढ़ाया है. बीसी (जिन्हें बैंक मित्र भी कहा गया है) के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें हैंड-हेल्ड डिवाइस उपलब्ध कराए गए जिनमें रुपे कार्ड स्वीकार करने तथा आधार-आधारित लेनदेन करने की सुविधा दी गई है. इसके अतिरिक्त, कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं के कौशल को बढ़ाने के लिए, ताकि वे आत्मविश्वास से परिपूर्ण, स्व-समर्थ और व्यवहार्य बनें; आपके बैंक ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर सभी बीसी/ बीएफ के लिए गहन प्रशिक्षण सत्रों/ कार्यशालाओं का आयोजन किया. इसके अलावा, आपके बैंक ने कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं को बैंकिंग लेनदेन करने तथा प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म पर कार्य करने हेतु तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए कार्य पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया.

वित्तीय साक्षरता

प्रभावी वित्तीय समावेशन करने तथा उपलब्ध वित्तीय सेवाओं का लाभार्थियों द्वारा सर्वोत्तम उपयोग करने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता को प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की एक आधारभूत आवश्यकता के रूप में निर्धारित किया गया है. आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं में *'वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्र'* नामक डेस्क स्थापित किए हैं जो विभिन्न बैंकिंग उत्पादों तथा सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में शाखा से बाहर आयोजित साक्षरता कैंपों के जरिये आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं. आपके बैंक का महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) भी ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करता है ताकि वे स्व-रोजगार हेतु सक्षम हो सकें.

वित्तीय समावेशन के लिए पुरस्कार

आपके बैंक को अपनी वित्तीय समावेशन पहल के लिए 48वें एसकेओसीएच शिखर सम्मेलन के दौरान एसकेओसीएच ऑर्डर-ऑफ-मेरिट अवार्ड 2017 से सम्मानित किया गया.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

आपका बैंक रिज़र्व बैंक के अधिदेश के अनुसार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (पीएसएल) को उधार देता रहा है. वर्ष के दौरान बैंक ने विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप सूक्ष्म उद्यमियों तथा लघु व सीमांत कृषकों के वित्तपोषण के साथ-साथ गैर-कॉरपोरेट कृषकों को प्रत्यक्ष उधार देने पर ध्यान दिया. आपके बैंक ने कॉरपोरेट बीसी/बीएफ चैनल के माध्यम से सूक्ष्म ऋण प्रदान करना जारी रखा और कई कॉरपोरेट/ बीएफ के साथ गठजोड़ किए. आपका बैंक प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) एवं स्टैंड-अप इंडिया जैसी भारत सरकार की योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता देने के साथ-साथ समाज के सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को भी विनियामक रूपरेखा के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने में आगे रहा है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख पहल कार्य

- आपके बैंक ने 13 स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन्स (एसआरएलएम) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जोकि नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन्स (एनआरएलएम) की राज्य स्तरीय कार्यान्वयन एजेंसियां हैं. एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन का भारत का प्रमुख कार्यक्रम है तथा इसका संचालन स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा किया जाता है.
- आपके बैंक ने देश भर में अपनी शाखाओं/ कार्यालयों के माध्यम से 23 दिसंबर 2017 को 'किसान संगोष्ठी' का आयोजन किया, जिसके माध्यम से कृषकों को आर्थिक सशक्तता, उपभोक्ता संरक्षण, वित्तीय समावेशन और वित्तीय साक्षरता के बारे में सुशिक्षित किया गया.
- कृषि के क्षेत्र में पूंजी निर्माण के महत्व को देखते हुए बैंक ने मैदानी स्तर पर कई अभियान चलाए ताकि कृषि क्षेत्र में निवेश ऋण को प्रोत्साहित कर इसे हासिल किया जा सके.
- ऋण प्रस्तावों के डिजिटलाइजेशन व त्वरित कार्रवाई के जरिये कार्यान्वयन समय में सुधार लाने के उद्देश्य से केसीसी के लिए 'इंटीग्रेटेड पीएसएल ऑटोमेटेड लेंडिंग सिस्टम (आई-पाल)' के माध्यम से ऑनलाइन मंजूरी प्रणाली शुरू की गई.
- आपके बैंक ने विभिन्न उद्योगों तथा भौगोलिक क्षेत्रों में सात नए एसएमई क्लस्टर अभिनिर्धारित किए जहां उनकी आवश्यकतानुसार उत्पाद तैयार किए गए.
- आपके बैंक ने ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) प्लेटफॉर्म जो बीजक/ बिलों की ई-भुनाई को सुलभ बनाता है, में सहभागिता की.

कॉरपोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के कॉरपोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो में बिजली, वस्त्र, सीमेंट, इस्पात, इंजीनियरिंग, निर्माण, कागज और कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं बिजली उपकरण, चीनी, रसायन, ऑटोमोबाइल, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एक्सपोजर शामिल हैं.

कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए आपके बैंक के आस्ति उत्पाद समूह में मीयादी ऋण, अल्पावधि ऋण, कार्यशील पूंजी (निधि आधारित एवं गैर निधि आधारित दोनों), निर्यातकों को पैकिंग ऋण, प्राप्य राशियों की खरीद, बिल भुनाई, आदि शामिल हैं. कॉरपोरेट बैंकिंग के अंतर्गत आपका बैंक डीलरों/कॉरपोरेट वेंडरों, आदि के लिए चैनल वित्तपोषण एवं वेंडर वित्तपोषण जैसे उत्पादों को ऑफर करते हुए प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार पर पर्याप्त जोर देता है. आपके बैंक की कॉरपोरेट बैंकिंग टीम उपयुक्त उत्पाद विकसित करने तथा उपयुक्त समाधान के लिए रिटेल बैंकिंग, संव्यवहार बैंकिंग, ट्रेजरी आदि जैसी अन्य विशेषीकृत टीमों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ कर कार्य करती है ताकि कॉरपोरेट ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके.

आपका बैंक भारत सरकार की प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना(टीयूएफएस) के अधीन वस्त्र उद्योग (गैर एमएसएमई क्षेत्र) के लिए नोडल एजेंसी भी है. अखिल भारतीय स्तर पर आपके बैंक के ग्राहकों से संबंधित मामलों की प्रोसेसिंग के अतिरिक्त, नोडल एजेंसी के रूप में आपके बैंक ने 62 प्रमुख उधार संस्थाओं को भी सहयोजित किया है जिसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, राज्य वित्तीय निगम, राज्य औद्योगिक विकास निगम, सहकारी बैंक, आदि नोडल एजेंसी के रूप में शामिल हैं.

अपनी कायापलट योजना के अनुरूप आपका बैंक सोच-विचार कर अपनी कॉरपोरेट ऋण बही में वृद्धि को सीमित कर रहा है जिससे इसे कम पूंजी वाले कारोबार मॉडल में परिवर्तित होने में मदद मिलेगी तथा साथ ही इसके कारोबार पोर्टफोलियो में जोखिम कम हो सकेगा.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने नई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) पर नियंत्रण करने और वर्तमान स्टॉक से वसूली पर जोर देना जारी रखा. मार्च 2018 के अंत में आपके बैंक की कुल आस्तियों में 72.05% अर्जक आस्तियां और 27.95% अनर्जक आस्तियां (जिसमें 20.41% अवमानक आस्तियां, 75.40.% संदिग्ध आस्तियां और 4.19% हानि आस्तियां शामिल हैं) थीं. वर्तमान विनियमक दिशानिर्देशों के अनुसार पर्याप्त रूप से प्रावधान किए गए तथा प्रावधान का कवरेज अनुपात बढ़ कर 63.40% हो गया है.

वसूली और कोटि-उन्नयन 2016-17 के ₹ 4,849 करोड़ से 3 गुना बढ़कर 2017-18 में ₹ 15,001 करोड़ हो गया है.

इस पृष्ठभूमि में आपके बैंक ने आस्ति पोर्टफोलियो पुनर्संतुलित करने, दबाव की समयपूर्व पहचान करने, एनपीए के समाधान और उसकी वसूली के लिए बहु विध-दीर्घावधि अनुक्रिया कार्य-योजना तैयार की है. आपके बैंक ने एनपीए को कम करने के लिए व्यापक कार्य-योजना और रोड मैप बनाए हैं. इसमें समग्र संरचना एवं पर्यवेक्षीय व्यवस्था को और मजबूत करना, स्पष्ट नीति दिशानिर्देश तैयार करना, समयबद्ध डेटा उपलब्धता/विश्लेषण आधारित कार्यकलाप निगरानी एवं सुनियोजित समीक्षा के लिए प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस) का इष्टतम उपयोग, बड़े मूल्य वाले खातों से वसूली के लिए मामला विशिष्ट कार्य-योजना और रिटेल एनपीए के संबंध में लगातार और समयबद्ध कार्रवाई शामिल है.

इस संबंध में आपके बैंक ने नई गिरावट को रोकने के लिए निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई को तेज करने हेतु बैंक के सभी ऋण एक्सपोजर की ऑफ-साइट निगरानी के लिए ऋण निगरानी समूह की स्थापना की है. प्रणाली आधारित निगरानी और निर्देशित कार्रवाई ने परिणाम देना शुरू कर दिया है.

आपके बैंक ने संकेंद्रित खाता विशेष आधारित समाधान कार्य-योजना और गहन निगरानी के लिए कॉरपोरेट एनपीए एकत्र करने हेतु एक समर्पित वर्टिकल, अर्थात् एनपीए प्रबंधन समूह (एनएमजी) के अधीन एनपीए प्रबंधन को और मजबूत किया है. एसएएमजी के अंतर्गत निगरानी, पर्यवेक्षण और रिटेल खंड से वसूली कार्यों और पर्यवेक्षण के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया है तथा कॉरपोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के अधीन एक समर्पित डेस्क की स्थापना की गई है.

दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016 (आईबीसी) के अधिनियमन ने चूककर्ता कॉर्पोरेट देनदारों के संबंध में समयबद्ध, पारदर्शी समाधान/समापन के लिए अतिरिक्त मार्ग खोल दिया है. 31 मार्च 2018 के अनुसार, कुल ₹ 24,032 करोड़ एक्सपोजर के मामले (जिनमें मानक आस्तियां, एनपीए और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए (टीडबल्यूओ) शामिल हैं) सीआईआरपी प्रक्रिया के अधीन हैं और प्रमुख मामलों का वित्तीय वर्ष 2018-19 तक समाधान हो जाने की संभावना है.

आपके बैंक ने मुद्रा के आवधिक मूल्य की वसूली के लिए एक प्रभावी औजार के रूप में एकबारीय निपटान (ओटीएस) लागू करने के प्रयोजन से निपटान, ओटीएस ट्रैकिंग सिस्टम और समझौता करने के लिए विभिन्न अधिकारप्राप्त समितियों के माध्यम से वसूली पर समीक्षित और संशोधित व्यापक नीति अपनाकर प्रणाली और प्रक्रिया में सुधार किया है.

आपके बैंक ने लागू कानूनों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) के अधीन प्रवर्तन कार्रवाई, ऋण वसूली न्यायाधिकरण /न्यायालयों के साथ निरंतर फॉलो-अप को भी बनाए रखा जिसके लिए समर्पित नोडल अधिकारी की तैनाती शामिल है ताकि बिना किसी विलंब के वसूली प्रमाणपत्र/डिक्री प्राप्त की जा सके और उसका निष्पादन हो सके.

आपके बैंक ने 116 मामलों का वर्गीकरण इरादतन चूककर्ता के रूप में किया है तथा ऐसे उधारकर्ताओं/प्रवर्तकों/निदेशकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की पहल की है. 31 मार्च 2018 के अनुसार बैंक ने सात मामलों में असहयोगी उधारकर्ताओं की घोषणा की है.

आपके बैंक ने कुछ एनपीए मामलों को आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों/बैंकों को बेचा भी है. वर्ष के दौरान तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले गए खातों से ₹ 206.98 करोड़ की वसूली की गई.

व्यापार वित्त

आपके बैंक ने नए सेवा मानक स्थापित करते हुए अपने 53 श्रेणी-बी प्राधिकृत डीलर व्यापार वित्त (टीएफ) केन्द्रों और 61 रिटेल व्यापार वित्त शाखाओं के माध्यम से संचालित व्यापार वित्त कारोबार में प्रभावशाली वृद्धि दिखाना जारी रखा.

बैंक के सतत चल रहे डिजिटल रूपान्तरण के एक भाग के रूप में नेमी परिचालन को स्वचालित करने के लिए कई पहल कार्य किए गए हैं. स्वचालित कार्य-प्रवाह और गैर मूल्ययोजित प्रक्रियाओं को समाप्त कर उत्पादकता और कार्य-क्षमता में सुधार किया गया है. इसके अलावा, आरबीआई तथा अन्य सरकारी एजेंसियों को समय पर सटीक जानकारी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के लिए विविध विनियामकीय रिपोर्टिंग को स्वचालित कर दिया गया है.

आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक द्वारा स्विफ्ट से संबंधित परिचालनगत नियंत्रणों के समयबद्ध कार्यान्वयन और उन्हें सुदृढ़ बनाने संबंधी अनुदेशों का पालन किया. प्रक्रियाएं और नियंत्रण बेहतर सेवा मानक के साथ सुदृढ़ बने हुए हैं.

आपके बैंक ने मिडिलवेयर (एमएसडबल्यूआईएफटी) के माध्यम से कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) (फिनेकल) का स्विफ्ट के साथ एकीकरण किया है जिससे सीबीएस में पास की गई प्रविष्टियों से वित्तीय संदेश तैयार किया जा सकता है. सीबीएस और स्विफ्ट प्राधिकरण में उपयोगकर्ताओं के बीच विविध वर्गीकरण के लिए अंचल स्तर पर स्विफ्ट जावक संदेशों का केंद्रीकृत प्राधिकरण स्थापित किया गया है. आगे के लिए आपका बैंक परिचालन नियंत्रणों को और सुदृढ़ बनाने हेतु पूर्ण केंद्रीकृत स्विफ्ट परिचालन का लक्ष्य रखता है.

अपने रिटेल ग्राहकों के बीच व्यापार सम्बद्ध कार्यकलापों का दायरा बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने बाजार अनुकूल आईडीबीआई व्यापार चालू खाता (आईटीसीए) आरंभ किया है. यह व्यापार वित्त उत्पादों के लिए रियायती दर ऑफर करता है और इसकी सेवाएँ खाते में रखे गए औसत शेष पर आधारित हैं.

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने 1,212 विदेशी बैंकों के साथ मिलकर रिलेशनशिप मैनेजमेंट एप्लिकेशन (आरएमए) स्थापित किए. इस विस्तारित नेटवर्क के ज़रिए अब आपका बैंक दुनिया भर में प्रमुख भौगोलिक स्थानों पर द्विपक्षीय व्यापार लेनदेनों की सुविधा प्रदान करता है. आपके बैंक ने 24 प्रमुख बैंकों के साथ 14 मुद्राओं में नोस्ट्रो व्यवस्था की है.

ऑनलाइन भुगतान तथा भुगतान संदेशों की गुणवत्ता की सुव्यवस्थित प्रोसेसिंग में आपके बैंक की परिचालनगत क्षमता को स्वीकारते हुए सिटी बैंक तथा बैंक ऑफ न्यूयॉर्क, मेलॉन ने यूएस डॉलर भुगतान के लिए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) श्रेणी के अंतर्गत आपके बैंक को 'परफॉर्मेंस एक्सिलेन्स अवार्ड' से सम्मानित किया है. ये पुरस्कार बिना मानवीय दखल के तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने की बैंक की क्षमता को प्रमाणित करते हैं तथा इससे समग्र उत्पादकता में वृद्धि होती है.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों की प्राप्तियों और भुगतानों का प्रबंध करने हेतु उनके लिए एजेंट के रूप में कार्य करता है. केंद्र सरकार के करों (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) और 23 राज्य सरकारों तथा 4 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सरकारी प्राप्तियों के भुगतान को संग्रहित करने के लिए प्राधिकृत होने के अलावा, आपके बैंक को रेलवे मालभाड़ा प्रभारों और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अभिदान के इलेक्ट्रॉनिक भुगतान संग्रहित करने के लिए अधिदेश प्राप्त है. आपके बैंक को महाराष्ट्र स्टांप अधिनियम के साथ-साथ, भारतीय स्टांप अधिनियम के अंतर्गत भी स्टांप शुल्क संग्रहित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने केंद्र तथा राज्य सरकारों की ओर से विभिन्न करों और शुल्क भुगतानों के जरिए ₹ 3 लाख करोड़ से भी अधिक की राशि संग्रहित की है. अपने सर्वोत्तम तकनीकी प्लेटफॉर्म का फायदा उठाते हुए आपका बैंक, अन्य बातों के साथ-साथ, कर भुगतानों के लिए 24x7 इंटरनेट बैंकिंग सुविधा प्रदान करता है. आपका बैंक पूरे भारत में मौजूद अपनी प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से लघु बचत योजनाएं अर्थात् लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और सुकन्या समृद्धि खाता योजना को संचालित करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत है. आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई जीवन प्रमाण योजना के अंतर्गत सेंट्रल सिविल, रेलवे और डिफेंस के पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण संबंधी आधार आधारित प्रमाणन सुविधा भी प्रदान की जिसकी सहायता से पेंशनर अपने 'डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र' को लॉग इन कर प्रस्तुत कर सकते हैं.

नकदी प्रबंधन सेवाएँ

आपके बैंक द्वारा प्रदत्त नकदी प्रबंधन सेवाएं (सीएमएस) कॉरपोरेट ग्राहकों की देयता प्रबंधन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए विशेष सॉफ्टवेयर (संग्रहण और भुगतान दोनों के लिए) का उपयोग करते हुए निधि संचलन, भुगतानों एवं प्राप्य राशि प्रणालियों पर निगरानी रखने और समग्र चलनिधि स्थिति के प्रबंधन जैसे कार्य करती हैं. यह प्रणाली ऋण के दिन पर व्यवस्था, कीमत-निर्धारण, प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस), प्रतिनिधि बैंक चेक के लिए प्रोसेसिंग, ग्राहक लाइन और ऐसे कई मानदंडों को नियंत्रित करती है. आपका बैंक ऋण शोधन उत्पादों, वर्चुअल खाता प्रणाली, प्रत्यक्ष नामे सुविधा, वेंडर प्रबंधन प्रणाली, स्वचालित समाशोधन गृह अधिदेश प्रबंध सेवा आदि जैसी संग्रहण और भुगतान सुविधाएं प्रदान करता है. ये सभी सेवाएँ बदलती बाजार-प्रवृत्ति के अनुरूप और ग्राहक सिस्टम के साथ आधुनिकतम तकनीकी एकीकरण पर आधारित हैं.

सरकारी ई-परियोजनाओं के साथ अनुकूलन करते समय ग्राहकों को बेहतर उत्पाद/सेवाएँ ऑफर करने की प्रत्याशा में आपके बैंक ने गवर्नमेंट ई-मार्किटप्लेस (जीईएम) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. जीईएम, नेशनल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल के रूप में सरकार द्वारा निर्मित एक स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) है. आपका बैंक स्टेशन पर कमाई गई राशि के संग्रहण और रेलवे डिवीजन संबंधी भुगतान के लिए भी प्राधिकृत है.

आपका बैंक स्वचालित समाशोधन गृह (एसीएच-डेबिट) की सुविधा प्रदान करता है जिसमें भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) सेवा का उपयोग करते हुए अंतर बैंक उच्च मूल्य और कम मूल्य वाली राशि के सम्बन्ध में इलेक्ट्रॉनिक रूप से नामे लेनदेन निष्पादित किया जाता है. ग्राहकों को बेहतर अनुभव, आसानी से लेनदेन और कम समय में निपटान के प्रयास के रूप में आपके बैंक ने ई-मैंडेट सुविधा आरंभ की है ताकि नेट-बैंकिंग का प्रयोग करने वाले ग्राहक कागज आधारित अधिदेश के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक अधिदेश दे सकें.

आपका बैंक ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने और साथ ही परिचालनगत क्षमता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अपनी सीएमएस प्रणाली को समय-समय पर ग्राहक अनुकूल बनाता रहता है.

आपका बैंक रिज़र्व बैंक द्वारा अधिदेशित प्रणाली भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) का उपयोग करते हुए उपयोगिता बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करता है जिसका उद्देश्य बिल संग्रह कारोबार, बिलर्स, भुगतान सेवा प्रदाताओं तथा रिटेल बिल आउटलेटों में बैंकों तथा गैर-बैंकों को जोड़ते हुए देश में एकीकृत एवं अंत:प्रचालनीय बिल भुगतान प्रणाली पेश करना है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें निधियों के प्रभावी प्रबंधन तथा ट्रेजरी परिचालन के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी ट्रेडिंग परिचालनों से संबंधित कार्य किए जाते हैं. ट्रेजरी नकदी आरक्षित निधि अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) संबंधी विनियामकीय अनुपालन का प्रबंधन करते हुए ग्राहकों को बाजार उत्पादों में लेनदेन, संसाधन जुटाने, विभिन्न बाजार खंडों में व्यापार और बाजार निर्माण के कार्य में सुगमता प्रदान करती है.

जमाराशियों के संग्रहण के अतिरिक्त, आपके बैंक ने बेहतर चल निधि प्रबंधन के लिए अंतर-बैंक उधार, विभिन्न स्रोतों से पुनर्वित्त और विदेशी मुद्रा उधार सहित विभिन्न लिखतों का प्रयोग किया है. वर्ष के दौरान, बैंक ने उच्च लागत वाली जमा राशियों और जमा प्रमाणपत्रों पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए गंभीरता के साथ प्रयास किए. तदनुसार, चल निधि को विभिन्न अल्पावधि/मुद्रा बाजार लिखतों/चल निधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के माध्यम से निधि और बाजार की स्थिति के उपयुक्त स्तर पर रखा गया. आपके बैंक का ट्रेजरी भी नियमित रूप से विभिन्न बाजारों की स्थितियों की खोज-खबर रखता है और ट्रेडिंग लाभ के लिए स्वीकार्य स्तर को अपनाता है.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर), चलनिधि जोखिम निगरानी टूल्स और उन्नत चलनिधि जोखिम प्रबंधन के लिए एलसीआर प्रकटन मानकों को शामिल करते हुए चलनिधि मानकों के लिए बासेल III रूपरेखा को कार्यान्वित किया तथा वर्ष के दौरान उच्च गुणवत्ता वाली चल आस्तियों का पता लगाने के लिए विक्रेयता-क्षमता परीक्षण (एचक्युएलए) किया.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अतिरिक्त निधियों को अल्पावधि लिखतों एवं विविध अवधि के परिपक्वता वाले मीयादी रेपो, सीडी, परिवर्ती रेपो रेट विंडो के माध्यम से वाणिज्यिक पत्र (सीपी) (आरबीआई की चलनिधि समायोजन सुविधा सहित) में भी सफलतापूर्वक नियोजित किया तथा रणनीतिक आधार पर विदेशी मुद्रा के विनिमय दर एक्सपोजर को नियंत्रित किया.

आपके बैंक की ट्रेजरी के पास विदेशी मुद्रा विनिमय और डेरिवेटिव उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग के लिए सेल्स टीम है तथा यह व्यापक रिटेल कारोबार के प्रबंधन के लिए देश भर के 20 केन्द्रों के माध्यम से कार्य करती है. यह टीम अपने कॉरपोरेट और रिटेल ग्राहकों को मुद्राओं एवं दरों में उनके एक्सपोजर का प्रभावी रूप से प्रबंधन के लिए सक्रिय रूप से समाधान प्रदान करती है. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत किए अनुसार, विदेशी मुद्रा विनिमय, ऑप्शन्स एवं स्वैपों के संमिश्र के माध्यम से मुद्रा विनिमय दर और ब्याज दर जोखिम से ग्राहकों के बचाव के लिए उन्हें प्रतिस्पर्धी दरों पर विभिन्न प्रकार के मानक और ग्राहकोनुकूल समाधान प्रदान किए. विदेशी मुद्रा दर में उतार-चढ़ाव में बढ़ोतरी एवं कॉरपोरेट पोर्टफोलिओ पर दबाव के चलते, आपके बैंक की ट्रेजरी ने अपने विदेशी मुद्रा कारोबार को बढ़ाने और राजस्व पैदा करने के लिए अपना ध्यान रिटेल खंड पर केन्द्रित किया.

इसके अलावा आपके बैंक ने सामान्यत: नियत आय उत्पादों तथा विशेष रूप से सरकारी प्रतिभूतियों की रिटेल बिक्री के लिए विभिन्न केंद्रो पर ऋण बिक्री टीमों का गठन किया है. ये टीमें स्क्रीन आधारित निगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम-ऑर्डर मैचिंग (एनडीएसओएम) मार्केट के बाहर के लेनदेन करने के लिए निवेशकों की जरूरतों को पूरा करती है और साथ ही आपके बैंक में खाता रखने वाले 500 से अधिक गिल्ट खाता धारकों को ग्राहक सहायक सामान्य लेखाबही (सीएसजीएल) सेवा प्रदान करती हैं. साथ ही रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप आपका बैंक गौण बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों में ऑन-लाइन ट्रेडिंग के लिए गिल्ट खाता धारकों को वेब आधारित एनडीएस-ओएम मॉड्यूल की सुविधा प्रदान करता है.

प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार में आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा जुटाए गए विभिन्न अवधियों के ऋण की विनियामक रूप से अपेक्षित राशि की हामीदारी की है. आपके बैंक ने नीलामी बोली प्रक्रियाओं में भाग लेकर निधियाँ जुटाने में विभिन्न राज्य सरकारों को सहायता भी प्रदान की है. ट्रेजरी-बिल खंड में भी प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार ने अपेक्षित सफलता अनुपात और सरकारी दिनांकित प्रतिभूतियों व ट्रेजरी-बिलों में गौण बाजार टर्नओवर को हासिल करने के संबंध में सभी लागू वचनबद्धताओं को पूरा किया है. प्राथमिक व्यापारी कार्यकलाप के एक भाग के रूप में आपका बैंक सरकारी प्रतिभूतियों के लिए अनकदी/अर्ध नकदी के सम्बन्ध में बाजार का निर्माण करने संबंधी कार्यों में शामिल रहा है.

वर्ष के दौरान मुद्रा-स्फीति की चिंता, देशी आपूर्ति, मूल्य वृद्धि तथा बढती हुई यूएस अर्जन ने स्थिर आय लिखतों के सामने चुनौती प्रस्तुत की. वर्ष के दौरान अर्जन पर दबाव बना रहा, जिसने मार्क टू मार्केट (एमटीएम) आधारित मूल्यांकन पर असर डाला, विशेष रूप से बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस) निवेश पोर्टफोलियो प्रभावित हुआ जिसके लिए नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार प्रावधान करना पड़ा.

रिजर्व बैंक द्वारा नीतियों में बदलाव और समय-समय पर एसएलआर बनाए रखने संबंधी निर्देशों के कारण वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक की ट्रेजरी ने वर्ष के दौरान एसएलआर/ परिपक्वता पर धारित (एचटीएम) धारिता के सबंध में अपने एक्सपोजर को कम किया.

ट्रेजरी परिचालन में सक्रिय खिलाड़ी होने के कारण, आपका बैंक एफबीआईएल पोल्ड टर्म माईबोर एवं एफबीआईएल पोल्ड एफसी-रुपी ऑप्शन वोलेटिलिटी के संबंध में फाईनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) के लिए वित्तीय बेंचमार्क हेतु एक प्रस्तुतकर्ता बना रहा.

परिचालनगत जोखिम प्रबंधन के एक भाग के रूप में आपके बैंक ने ट्रेजरी कारोबार निरंतरता केंद्र का परिचालन जारी रखा जो किसी संकट/आपदा की स्थिति में अपने मुख्य ट्रेजरी व्यापार केंद्र की सहायता एक नजदीकी साईट विकल्प के रूप में करेगा. यह केंद्र विभिन्न बाजार खंड सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी सुविधाओं और एकीकृत परिचालन संपर्क से पूरी तरह सुसज्जित है ताकि पूरे समय ट्रेजरी के फ्रंट ऑफिस, बैक ऑफिस एवं मिड ऑफिस कार्यों का संचालन किया जा सके.

सभी कारोबार प्लेटफॉर्म, इंटरफेस, लेखांकन समाधान/ ट्रेजरी के फ्रंट ऑफिस, मिड ऑफिस, बैक ऑफिस के कार्यों से संबंधित कोर बैंकिंग के एकीकरण के प्रयोजन से आपके बैंक ने एकीकृत ट्रेजरी प्रबंधन प्रणाली (आईटीएमएस) योजना के अंतर्गत आद्योपांत कार्यान्वयन की शुरुआत की है.

सीमा पार शाखाएँ

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में आपके बैंक की विदेश में पहली शाखा ने अपने परिचालन के आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं. साथ ही, आपके बैंक की पहली आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू), जो भारत में भी पहली है और जो गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) है, ने अपने परिचालन के एक वर्ष पूरे किए.

आपके बैंक की डीआईएफसी शाखा, भारतीय ग्राहकों और यूएई और अन्य गल्फ को-आपरेशन काउंसिल (जीसीसी) देशों से बाहर परिचालन करने वाले उद्यमियों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), विदेशी मुद्रा ऋण (एफसीएल) तथा व्यापार वित्त उत्पादों

सहित कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाओं की श्रृंखला प्रदान करती है. विदेश में परिचालन को तर्कसंगत बनाने के संबंध में सरकार के निर्देशों और बैंक की कायापलट कार्य-योजना के आधार पर विदेश में परिचालन को तर्कसंगत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं.

आईबीयू, गिफ्ट सिटी ने प्रत्यक्ष रूप से कोई ग्राहक एक्सपोजर नहीं लिया है तथा इसका सम्पूर्ण ऋण एक्सपोजर बैंक की जोखिम और क्रेता की साख पर उधार के रूप में है.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार दोनों के लिए ऋण की रेटिंग प्राप्त करता है. यथा 31 मार्च 2018 को रुपया संसाधनों के लिए रेटिंग निम्नानुसार है:

रुपया उधार राशियों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग
सावधि जमाराशियां	एफएए / स्टेबल	[इक्रा] एमएए -*	इंड टीएए+/ निगेटिव
अल्पावधि उधार राशियां (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1*	इंड ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टियर II बांड)	क्रिसिल ए+/स्टेबल	[इक्रा] ए*	इंड एए/ निगेटिव
हाइब्रिड - अपर टियर II बांड	क्रिसिल ए/ स्टेबल	[इक्रा] बीबीबी+*	इंड बीबीबी +/ निगेटिव
हाइब्रिड - आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल ए/ स्टेबल	[इक्रा] बीबीबी+*	---
हाइब्रिड एटी1 बांड (बासेल III)	क्रिसिल बीबीबी+/ निगेटिव	[इक्रा] बीबीबी- (हाइब्रिड)*	इंड बीबीबी+/ निगेटिव
टियर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल ए+/स्टेबल	[इक्रा] ए(हाइब्रिड)*	इंड एए/ निगेटिव

** निगेटिव प्रभाव के साथ रेटिंग वाच*

केयर ने 50 करोड़ रुपए के लोअर टियर II बांड (पूर्व आईडीबीआई होम फाइनेंस से संबंधित) की रेटिंग केयर ए /स्टेबल के रूप में की है.

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग दो अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् फिच रेटिंग्स (फिच) तथा स्टैंडर्ड्स एंड पूअर्स (एस एंड पी) द्वारा की जाती है. यथा 31 मार्च 2018 को दीर्घावधि विदेशी मुद्रा रेटिंग और आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) तथा स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी) निम्नानुसार हैं :

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

श्रेणी निर्धारित लिखत	रेटिंग
फिच रेटिंग	
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबी+/स्टेबल
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	सीसीसी (रेटिंच वाच के अंतर्गत)
स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी)	
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (सीआर)	बीबी /स्टेबल
स्टैंड-अलोन क्रेडिट प्रोफाइल (एसएसीपी)	बी-

दीर्घावधि रुपया उधार राशियाँ

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने घरेलू बाजार में कोई नया बांड जारी नहीं किया. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने बासेल III अनुपालन अतिरिक्त टियर I बांड के संबंध में कुल ₹ 5,000 करोड़ तक विनियामकीय क्रय विकल्प का प्रयोग किया.

विदेशी मुद्रा संसाधन

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा में कुल यूएसडी 2,548.46 मिलियन की विदेशी मुद्रा जुटाई है जिसमें से यूएसडी 2048.46 मिलियन मुद्रा बाजार लेनदेन के रूप में है.

यथा 31 मार्च 2018 को एमटीएन कार्यक्रम के तहत आपके बैंक की कुल बकाया उधार राशियाँ यूएसडी 1,490.32 मिलियन थीं. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने केएफडब्ल्यू, जर्मनी को यूएसडी 245 मिलियन द्विपक्षीय ऋण चुकाया.

जोखिम प्रबंध

आपके बैंक की जोखिम प्रबंध रणनीति सतत् आधार पर कारोबार जोखिमों के अभिनिर्धारण, आकलन तथा निगरानी पर आधारित है ताकि पूंजी का प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके. जोखिमों को कम करने और उनके प्रबंधन के लिए कुछ प्रभावी उपायों में सुपरिभाषित जोखिम प्रबंधन नीतियों को तैयार करना और आपके बैंक की जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप जोखिम सीमाओं तथा प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करना शामिल है. विनियामक परिप्रेक्ष्य से कारोबारी गतिशीलता, नवोन्मेषिता और परिवर्तनों के संदर्भ में नीति को आवधिक रूप से अद्यतन किया जाता है. आपका बैंक अपने सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता बढ़ाकर और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाकर जोखिम प्रबंधन संस्कृति में सुधार लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है. यद्यपि समग्र जोखिम प्रबंध की जिम्मेदारी निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) की है किन्तु दैनंदिन कार्यकलाप जोखिम अभिशासन संरचना के आधार पर विभिन्न स्तरों पर किए जाते हैं. निरंतर जटिल होती जा रही वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना करने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं को विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप निरंतर उन्नत किया जाता है. जोखिम-तंत्र प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ तथा प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन संरचना (आईआरएमए) को कार्यान्वित किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान अर्थात् जोखिम आकलन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (कोर) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण तथा परिचालन जोखिमों का अभिनिर्धारण करने तथा उन्हें मापने में सहायता करता है, जिनसे उपयुक्त जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियाँ तैयार करने में सुविधा होती है.

बासेल मानदंडों का कार्यान्वयन

आपका बैंक बासेल III मानदंडों के अंतर्गत पिलर-1 दिशानिर्देशों के अनुपालन में तिमाही आधार पर ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामकीय पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों को 31 मार्च 2016 से पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) बनाए रखना अनिवार्य है. विनियामक दिशानिर्देशों में शामिल संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं के अनुरूप 31 मार्च 2018 के लिए लागू सीसीबी 1.875% है. तदनुसार यथा 31 मार्च 2018 को ''कुल पूंजी + सीसीबी'' 10.875% है. 31 मार्च 2018 को आपके बैंक का ''कुल पूंजी + सीसीबी'' अनुपात 10.41% है. इसी प्रकार आपके बैंक का ''सीईटी 1 + सीसीबी'' अनुपात 7.375% की विनियामकीय अपेक्षा की तुलना में 7.42% है. यथा 31 मार्च 2018 को ''टियर-I + सीसीबी'' अनुपात 8.875% की विनियामक अपेक्षा की तुलना में 7.73 % है.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर 2 मानदंडों के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. यह नीति आपके बैंक को पिलर 1 के अंतर्गत न आने वाले जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना करने तथा सामान्य और दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों का प्रबंध करने और उन्हें कम करने के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ विकसित करने में समर्थ बनाती है. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दबाव परीक्षण ढांचा भी कार्यान्वित किया है. दबाब परीक्षण ढांचा आपके बैंक को असाधारण किन्तु तर्कयुक्त घटनाओं की स्थिति में क्षमता का आकलन करने में और अप्रत्याशित आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए उपयुक्त सक्रिय रणनीतियाँ लागू करने में सहायता करता है.

आपके बैंक ने बासेल मानदंडों के तहत पिलर 3 आवश्यकताओं के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनाई है. तदनुसार प्रत्येक तिमाही के अंत में आपके बैंक की वेबसाइट पर प्रकटन प्रदर्शित किए जाते हैं जो उच्च स्तरीय पारदर्शिता प्रदर्शित करते हैं.

वर्तमान में आपका बैंक पूंजी प्रभार की गणना के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है तथा इसने उन्नत दृष्टिकोण अर्थात् आंतरिक रेटिंग आधारित (आईआरबी) प्रणाली में अंतरण के लिए अपनी ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली को और उन्नत तथा मजबूत बनाने की दिशा में प्रगति की है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामक पूंजी प्रभार गणना के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का अनुसरण करता है. प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था के लिए विभिन्न कारोबारी खंडों में मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) का व्यापक सेट तथा जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) रूपरेखा उपलब्ध कराई गई है. बाजार जोखिम के लिए, आपका बैंक विनियामक पूंजी आवश्यकताओं की गणना करने हेतु मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) अपनाता है.

ऋण जोखिम

आपके बैंक की ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली में ऋण प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम) और पूंजी निर्धारण के स्वचालन के लिए पूंजी निर्धारण मॉडल (सीएएम) शामिल है. ऋण नीति दस्तावेज़ की बदलते कारोबारी उद्देश्यों तथा आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप समीक्षा की जाती है. यह कारोबारी वर्टिकलों के लिए मार्गदर्शक साधन है.

बाजार जोखिम

कार्य तथा कारोबार स्थितियों के संदर्भ में आपके बैंक में बाजार जोखिम प्रबंधन बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति तथा निवेश नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुरूप परिचालित होता है. सामान्यतः ये नीतियां जोखिम वहन क्षमता के उपयुक्त स्तरों की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं तथा जोखिमों व अपवादों के मापन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि के आकलन के लिए प्रक्रिया लागू करती हैं. बाजार जोखिमों का प्रबंधन करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने निगरानी और रिपोर्टिंग टूल सहित उपयुक्त जोखिम प्रबंधन प्रणालियाँ कार्यान्वित की हैं. सभी निर्धारित सीमाओं तथा सभी प्रक्रियाओं की गहन निगरानी ट्रेजरी के फ्रंट और बैक ऑफिस से स्वतंत्र ट्रेजरी मिड ऑफिस द्वारा की जाती है.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा (ओआरएमएफ) है जिसमें एक समर्थकारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) तथा विभिन्न कार्यों/विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया बोर्ड अनुमोदित परिचालनगत जोखिम प्रबंधन नीति द्वारा निदेशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग कार्यकलापों से जुड़े परिचालनगत जोखिमों की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है. आपके बैंक में विभिन्न व्यावसायिक कार्यकलापों/ परिचालनों में अंतर्निहित जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी आंतरिक प्रणालियाँ और प्रक्रियाएं हैं जिन्हें संबंधित वर्टिकलों/ विभागों द्वारा तैयार किया गया है. गौण नियंत्रण उपाय के तौर पर परिचालनगत जोखिम प्रबंधन (ओआरएम) अनुभाग मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) तथा जोखिम नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) अभ्यासों के जरिए परिचालनगत जोखिमों का प्रबंधन करता है और इस संबंध में हुई प्रगति से निदेशक मंडल की ओआरएमसी और आरएमसी को आवधिक रूप से अवगत कराता है. महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) बनाए गए हैं और शाखाओं/ इकाइयों की व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकन (कोर) प्रणाली के जरिये जोखिम रेटिंग की जाती है. ओआरएम अनुभाग द्वारा परिचालनगत जोखिम हानि संबंधी घटनाओं की जानकारी एकत्रित की जाती है जिस पर ओआरएमसी द्वारा विचार-विमर्श किया जाता है और संबंधित परिचालन/ डीलिंग समूहों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सूचित किया जाता है. परिचालन स्तर पर कार्यरत अधिकारियों को अवगत कराने के लिए परिचालन जोखिम प्रबंधन पर नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं.

चलनिधि प्रबंध

बैंक के पास आस्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति में वर्णित अनुसार सुसंगठित चलनिधि जोखिम प्रबंध ढाँचा है. बैंक की आस्ति-देयता प्रबंध समिति (आल्को) व्यवसाय रणनीति के अनुरूप चलनिधि और ब्याज दर जोखिम की निगरानी और प्रबंध करती है. चलनिधि विश्लेषण और प्रबंध सहित आस्ति-देयता प्रबंध कार्यकलाप तुलन-पत्र प्रबंध के कार्यात्मक क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न आल्को सहायक समूहों, ट्रेजरी फ्रंट कार्यालय, बजट एवं आयोजना आदि के बीच समन्वय के जरिए संपन्न किए जाते हैं. आल्को निर्देश तथा एएलएम कार्रवाइयाँ व्यवसाय समूहों और वर्टिकलों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं.

विनियामकीय दिशानिर्देशों के अनुसार 1 जनवरी 2017 से बैंक की एलसीआर की दैनिक आधार पर गणना की जाती है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान दैनिक पर्यवेक्षण के आधार पर बैंक का औसत चलनिधि तरलता अनुपात (एलसीआर) 102.87% है.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास कारोबारी व्यवधानों तथा जीवन जोखिमपूर्ण स्थितियों को कम करने के लिए एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रिया है. आपका बैंक सरकारी क्षेत्र का पहला बैंक है जिसे बीसीएम के बैंक व्यापी कवरेज के लिए विश्व प्रसिद्ध प्रमाणन आईएसओ 22301:2012 से सम्मानित किया गया है.

आपके बैंक ने बीसीएम के एक भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) कार्यान्वित की है. इस योजना का उद्देश्य कारोबार व्यवधान/आपदा के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करना है. इसके अलावा आपदा के दौरान मानव जीवन की रक्षा करने और मूल्यवान आस्तियों का नुकसान कम करने के लिए अपनी प्रमुख स्थापनाओं के लिए एक व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की गई है. इन बीसीपी तथा डीएमपी की क्रियाशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, संपूर्ण ड्रिल और मॉक इक्वैक्यूएशन ड्रिलों सहित आपदा बहाली के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. बैंक की कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली

एक स्वचालित घटना रिपोर्टिंग टूल अर्थात् आई-डीएबी (एकीकृत आपदा और कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली) से भी सुसज्जित है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने अपने आईटी जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने अपने डेटा केंद्र में एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. इस एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा साधनों/समाधानों जैसे फायरवॉल्स, राऊटर्स, इंट्रूशन डिटेक्शन सिस्टम डिवाइस (आईडीएस)/ इंट्रूशन प्रिवेंशन सिस्टम डिवाइस (आईपीएस)/ प्रिवेलेज्ड आइडेंटिटी मैनेजमेंट (पीआईएम), एंटीवायरस, फिशिंग/मालवेयर प्रयासों आदि की निगरानी करता है और सुधारात्मक उपाय करता है. एसओसी बैंक के सम्मानित ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के उद्देश्य को पूरा करने के अलावा साइबर अपराधों से निपटने के लिए और बैंक की सूचना सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक कमान केंद्र के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक बाह्योन्मुख एप्लीकेशनों अर्थात् इंटरनेट बैंकिंग, मेल मैसेजिंग आदि के लिए नियमित रूप से भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है.

आपके बैंक ने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, तकनीकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में रिज़र्व बैंक की सिफारिशों को कार्यान्वित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है. आपके बैंक ने दिशानिर्देशों में अनुशंसित रूप में उपयुक्त संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है. ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाने के लिए कई सूचना सुरक्षा समाधान जैसे विशेषाधिकार प्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, पैच प्रबंधन समाधान, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब/ मेल गेटवे, एंड पॉइंट एवं यूएसबी एनक्रिप्शन, एडवांस परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी), नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल (एनएसी), वेब-एप्लिकेशन फायरवॉल (डबल्यूएएफ) आदि कार्यान्वित किए गए हैं.

आपके बैंक ने एक सुस्पष्ट साइबर सुरक्षा नीति और साइबर संकट प्रबंधन योजना लागू की है जो साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का समाधान करने के लिए प्रबंधन के इरादे तथा दिशा को स्पष्ट करती है. इसके साथ ही, आपका बैंक अपने सूचना सुरक्षा ढांचे की जांच करने और उसे प्रभावी बनाए रखने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा संचालित की जाने वाली साइबर ड्रिलों में भी सहभागिता करता है. कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के अलावा सुरक्षा सेंध के प्रयासों को कम/विफल करने के लिए ग्राहकों को मेलर, एसएमएस, एटीएम तथा पोस्टर के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी जाती है.

आपके बैंक का आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा प्रणालियाँ पेरिमीटर और एंडपॉइंट्स दोनों पर समाधान सहित एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित की गई हैं. कस्टमर फेसिंग इंटरफेस में दो स्तरीय अधिप्रमाणन प्रक्रिया मौजूद है. सूचना सुरक्षा पहलू पर आपके बैंक ने बैंक तथा ग्राहकों से संबंधित संवेदनशील डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिए डेटा लीकेज रोकथाम समाधान (डीएलपी) शुरू किया है. आपके बैंक के डेटा केंद्र, आपदा बहाली केंद्र और नियर डीआर केंद्र को नवीनतम आईएसओ 27001:2013 सूचना सुरक्षा मानदंडों का प्रमाणन प्राप्त है. बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति सूचना प्रणालियों में परिचालनगत जोखिम कम करने के लिए दिशानिर्देश और मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है. सुरक्षा घटनाएं तथा नीतियां आवश्यक दिशानिर्देश के लिए बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसीबी) के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं. आईटीसीबी अनुमोदन के लिए बोर्ड को नीतियों की सिफारिश करता है.

प्रबंधन, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन

आपके बैंक में मानव संसाधन (एचआर) रणनीति को इस प्रकार तैयार किया गया है कि भर्ती, नियोजन, प्रशिक्षण, प्रतिभा को बनाए रखने तथा प्रेरणास्पद रणनीतियों से संबंधित विभिन्न एचआर नीतियों का कारोबारी अपेक्षाओं के साथ प्रभावी रूप से संयोजन हो सके जिससे आपके बैंक के संकल्प और ध्येय को प्राप्त करने में निर्बाध सहायता मिल सके. इस दिशा में आपका बैंक कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रदान कर उनके सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए निरंतर प्रयास करता रहा है और साथ ही बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करने के लिए कर्मचारी कल्याण के विभिन्न उपाय करता रहा है.

जनशक्ति

यथा 31 मार्च 2018 को आपके बैंक के पास कुल स्टाफ संख्या 17,475 रही. कर्मचारियों का श्रेणीवार अलग-अलग विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
अधिकारी	15,505
एक्जीक्यूटिव	349
लिपिकीय स्टाफ	831
अधीनस्थ स्टाफ	790
कुल	**17,475**

प्रभावी जनशक्ति योजना और विवेकपूर्ण नियुक्ति के कारण आपके बैंक में युवा अधिकारियों की एक उत्कृष्ट टीम है जिनकी औसत आयु लगभग 34 वर्ष है.

भर्ती और स्टाफिंग

आपके बैंक के वार्षिक जनशक्ति निर्धारण में अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने वाले अधिकारियों की संख्या, अनुमानित पलायन, शाखा विस्तार तथा कारोबारी वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है. आपके बैंक ने वर्ष के दौरान 562 ग्रेड 'ए' अधिकारियों, 67 एक्जीक्यूटिवों, सात लिपिकों तथा एक अधीनस्थ स्टाफ (अनुकंपा आधार पर नियुक्त) की नियुक्ति की. इनमें से 94 अनुसूचित जाति (अ.जा.), 43 अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) तथा 195 अन्य पिछड़े वर्ग (अ.पि.व.) के हैं. कुल भर्ती स्टाफ संख्या में से 34 व्यक्ति निःशक्त (पीडब्ल्यूडी) हैं.

आपके बैंक ने ग्रेड 'ए' में अधिकारियों की भर्ती बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए आयोजित सामान्य भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की है और एक्जीक्यूटिव की भर्ती एकल आधार पर आईबीपीएस के माध्यम से अलग भर्ती प्रक्रिया द्वारा की है.

आरक्षण नीति

आपका बैंक भारत सरकार की वर्तमान आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन करता है. आपके बैंक ने अजा/अजजा/अपिव तथा पीडब्ल्यूडी के लिए महाप्रबंधक तथा उप महा प्रबंधक स्तर के मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) तथा अंचल संपर्क अधिकारियों (जेडएलओ) की नियुक्ति की है जो आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं. आपके बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार निःशक्त व्यक्तियों के लिए अलग रोस्टर बनाया है.

यथा 31 मार्च 2018 को बैंक की कुल जनशक्ति संख्या में अजा/अजजा/अपिव का प्रतिनिधित्व निम्नवत है:

श्रेणी	अजा	अजजा	अपिव	कुल
अधिकारी	2,243	926	3,832	7,001
एक्जीक्यूटिव	37	24	111	172
लिपिक	103	30	64	197
अधीनस्थ स्टाफ	177	64	151	392
कुल	**2,560**	**1,044**	**4,158**	**7,762**

प्रशिक्षण एवं विकास

आपका बैंक अपने सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण एवं कौशल विकास अवसर उपलब्ध कराने के लिए और समूचे बैंक में ज्ञानार्जन संस्कृति निर्मित करने हेतु प्रयास करता है ताकि वैयक्तिक और संगठनात्मक कार्य निष्पादन पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़े. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने अपने शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (जेएनआईबीएफ) में 134 प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा 10 अंचल प्रशिक्षण केन्द्रों में 649 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए. नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा संबंधित विभागों में तैनात अधिकारियों के लिए डिजिटल बैंकिंग, जीएसटी तथा वसूली के विधिक पहलू जैसे चुनिंदा विषयों पर कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं.

आपके बैंक ने चुनिंदा 94 बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अपने अधिकारियों को नामित किया है ताकि उन्हें अपने कार्यक्षेत्र के लिए आवश्यक एक्सपोजर प्रदान किया जा सके. प्रतिष्ठित संस्थानों के जरिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार, साइबर सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन और एनपीए प्रबंधन पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया. व्यापार वित्त तथा आंतरिक नियंत्रण रिपोर्टिंग जैसे क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों के लिए आवश्यकतानुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए.

आपका बैंक अपनी ऑनलाइन शिक्षण प्रबंधन प्रणाली - ओजस - के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण को भी बढ़ावा दे रहा है. इस प्रणाली में विभिन्न प्रकार के बैंकिंग संबंधी विषयों को शामिल करते हुए 250 घंटे से अधिक अवधि के 200 से अधिक ई-लर्निंग मॉड्यूल रखे गए हैं. किसी भी समय और किसी भी स्थान से शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों के उपयोग हेतु मोबाइल एप्लिकेशन भी विकसित किए गए हैं. ओजस में कर्मचारियों को अनिवार्य ई-लर्निंग प्रमाणन सौंपे गए हैं और इन प्रमाणनों में कर्मचारियों के सतत शिक्षण एवं विकास को सुनिश्चित करने के लिए केवाईसी तथा एएमएल, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार संबंधी दिशा-निर्देश, जोखिम प्रबंधन, ट्रेजरी, बैंकिंग सेवा एवं परिचालन, कॉरपोरेट बैंकिंग आदि जैसे विषय शामिल किए गए हैं ताकि उनकी क्षमता में वृद्धि हो और उन्हें बेहतर ग्राहक सेवा देने के लिए सक्षम बनाया जा सके. आपके बैंक ने अधिकारियों को शिक्षित करने के लिए और बैंक में सतर्कता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सतर्कता पर वीडियो व्याख्यान भी आयोजित किया.

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आपके बैंक ने आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों/ कर्मचारियों के लिए पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए.

समूह जीवन बीमा योजना

कर्मचारी कल्याणकारी उपाय के रूप में आपका बैंक 2015 से अपने सभी स्थायी कर्मचारियों के लिए समूह जीवन मीयादी बीमा पॉलिसी की सुविधा दे रहा है जो 70 वर्ष की आयु तक कवर देगी. इस योजना के तहत प्रीमियम राशि का आधा व्यय बैंक द्वारा और आधा व्यय कर्मचारियों द्वारा वहन किया जाता है. अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने के पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पूरी प्रीमियम राशि का भुगतान कर योजना को जारी रखने का विकल्प उपलब्ध है.

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए मेडीक्लेम योजना

बैंक अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए दैनिक डे केयर सुश्रूषा प्रक्रियाओं सहित अस्पताल में भर्ती के कारण उत्पन्न होने वाली वित्तीय देयताओं से संरक्षण प्रदान करने के लिए नवंबर 2016 से समूह मेडीक्लेम बीमा योजना की सुविधा उपलब्ध करा रहा है. कल्याणकारी उपाय के रूप में आपका बैंक सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समूह बनाने और उनकी ओर से बीमा पॉलिसी प्राप्त करने के लिए सुगमकर्ता के रूप में कार्य करता है जिससे उन्हें कम प्रीमियम तथा उदार विशेषताओं का लाभ मिलता है. योजना की विशेषताओं में रक्षित राशि तक सूचीबद्ध अस्पतालों में नकदी-रहित बीमा सुविधा, किसी प्रकार की पूर्व-चिकित्सा जांच के बिना सभी पुरानी तथा मौजूदा बीमारियों का कवरेज और साथ ही अस्पताल में भर्ती के बाद होने वाले खर्चे शामिल हैं.

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

अवांछनीय घटना के घटित होने पर पीड़ित महिला को तुरंत सहायता देने और अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आपके बैंक ने यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने के लिए एसएमएस/ई-मेल आधारित शिकायत प्रणाली कार्यान्वित की है.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

आपके बैंक ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के निवारण को सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार एक यौन उत्पीड़न विरोधी नीति अपनाई है जिसका उद्देश्य सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण कार्य वातावरण निर्मित करना है. आपके बैंक ने यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समितियां बनाई हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक को 10 (दस) शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से विधिवत छानबीन के पश्चात 7 (सात) शिकायतों का समाधान कर दिया गया है. यथा 31 मार्च 2018 को कुल 3 (तीन) शिकायतें लंबित थीं.

औद्योगिक संबंध

आपके बैंक में वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध का वातावरण बृहद् रूप से मैत्रीपूर्ण रहा है तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान सौहार्दपूर्ण रूप से कर लिया गया है. अधिकारियों/ कर्मचारियों की शिकायतों को समझने और उनका समाधान निकालने हेतु रचनात्मक संवाद स्थापित करने के अपने प्रयासों के तौर पर बैंक संघों और यूनियनों के साथ बैठकें करता रहा है. यूनियन/ संघ भी विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए सक्रिय और तत्पर रहे हैं.

कर्मचारियों का नियोजन और तैनाती

वर्ष के दौरान अधिकारी नियोजन एवं तैनाती नीति (ओपीटीपी) की समीक्षा की गई और उसे संशोधित किया गया ताकि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक और सांविधिक अपेक्षाओं को पूरा करने में सहायता मिल सके. क्षमता निर्माण की अपेक्षानुसार कार्य प्रोफाइलों में विशेषीकृत कौशल सेट बनाए रखने संबंधी दिशानिर्देशों को भी शामिल किया गया है ताकि इसका लाभ उठाया जा सके. सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुसार संवेदनशील पदों पर तीन वर्षों से अधिक समय से कार्यरत अधिकारियों का स्थानांतरण सुनिश्चित किया गया.

1 अप्रैल 2017 से ऑनलाइन स्वचालित अनुरोध स्थानांतरण मॉड्यूल (आई-एआरटीएस) शुरू किया गया है. उक्त प्रणाली के जरिए अधिकारियों के स्थानांतरण संबंधी अनुरोध के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण और ट्रैकिंग की सुविधा

सुलभ करायी गई है जो बेहतर पारदर्शिता उपलब्ध कराती है.

दबावग्रस्त खातों / पूर्व चेतावनी संकेतक खातों पर और अधिक गहन निगरानी रखने के उद्देश्य से तथा प्रभावी एनपीए वसूली के लिए स्टाफ के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित किया गया और स्टाफ को नवसृजित वर्टिकल अर्थात्- ऋण निगरानी समूह (सीएमजी) में पुनर्नियोजित किया गया. इसके अलावा सभी अंचलों और साथ ही कॉरपोरेट कार्यालय के एनपीए निगरानी समूह (एनएमजी) और रिटेल बैंकिंग में भी मानव संसाधन की व्यवस्था की गई.

अन्य पहल कार्य

कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रयास के रूप में आपके बैंक ने अब सभी कर्मचारियों के लिए पैतृत्व छुट्टी की सुविधा प्रारंभ की है और उद्योग मानकों के अनुरूप मौजूदा मातृत्व छुट्टी के लाभों को भी बढ़ा दिया गया है.

अधिकारियों के भर्ती आरक्षण रजिस्टर में अजा/ अजजा/ अपिव के लिए विद्यमान कमी को पूरा कर दिया गया है.

क्षमता निर्माण पर रिज़र्व बैंक/ आईबीए की सिफारिशों के अनुसार व्यापक क्षमता निर्माण नीति (आई-कैपबिल्ड) प्रारंभ की गई. भारत सरकार/ रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप कुछ विशेषीकृत कार्यक्षेत्रों के लिए कार्य परिवार और विशेषज्ञ अधिकारी व्यवस्था शुरू की गई.

बुनियादी संरचना प्रबंधन

वर्ष के दौरान सीबीडी - बेलापुर, नवी मुंबई स्थित बैंक के 1.40 लाख वर्ग फुट की अनेक्स बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा किया गया. आपके बैंक ने पट्टाकृत परिसरों से परिचालित हो रहे बैंक ऑफिस कार्यों को इस अनेक्स बिल्डिंग में स्थानांतरित किया जिसके परिणामस्वरूप पट्टा किरायों में पर्याप्त बचत हुई.

आपके बैंक ने अपनी मूलेतर आस्तियों के मुद्रीकरण के लिए मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स और नरीमन पॉइंट स्थित अपने कार्यालय परिसरों को, जिनका इष्टतम रूप में उपयोग नहीं हो रहा था तथा मुंबई और शिमला में स्थित कुछ उपयोग न किए जा रहे आवासीय फ्लैटों को बेच दिया है.

व्यय को युक्तिसंगत बनाने तथा लागत को कम करने के लिए आपके बैंक ने कई उपाय किए हैं. जैसे - कुल 4.73 लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल के लिए कार्यालय परिसरों को वापस सौंप देना, उनकी लोकेशन में बदलाव और किराये की राशि को बातचीत के जरिए पुनः निर्धारित करना. पट्टाकृत परिसरों के कुल क्षेत्रफल में इनका 15% हिस्सा है.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक का आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य आंतरिक नीतियों, प्रक्रियाओं और विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करता है. आपके बैंक में एक सु-सज्जित आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग (आईएडी) है जो विभिन्न कारोबार तथा सहायता वर्टिकलों, अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों की नियमित लेखापरीक्षा करता है. लेखापरीक्षा विभाग बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा देख-रेख में कार्य करता है. नियत कार्यों को करते समय लेखापरीक्षा कार्य अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखता है. बैंक ने भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) नीति को अपनाया है जिसके अंतर्गत बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता और प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया जाता है. शाखाओं की लेखापरीक्षा पर गहराई से ध्यान केंद्रित करने और अनुवर्तन कार्यों को पर्याप्त रूप से और सक्षमतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी अंचलों में अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) बनाए गए हैं ताकि शाखाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों की लेखापरीक्षा की जा सके और वार्षिक लेखापरीक्षा योजनाओं और बैंक की आरबीआईए नीति के अनुसार लेखापरीक्षा रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जा सके. लेखापरीक्षा रिपोर्टों के महत्वपूर्ण निर्देशों/ टिप्पणियों पर चर्चा करने के लिए और उनके समुचित अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु महीने में दो बार अंचल लेखापरीक्षा समिति की बैठकें आयोजित की जाती हैं. लेखापरीक्षा कार्य परिचालनगत जोखिमों को कम करने के लिए तत्परतापूर्वक परिचालनगत प्रक्रियाओं और सेवा गुणवत्ता में सुधार के लिए भी सिफारिशें करता है. बैंक ने व्यापक आंतरिक नियंत्रण कार्यान्वित किए हैं जिनमें लेखापरीक्षा ट्रेल, फ्रंट तथा बैक ऑफिस परिचालनों को समुचित रूप से विभाजित करना, स्वतंत्र नियंत्रण एवं संतुलन सुनिश्चित करने के लिए बैक एंड स्तर पर संव्यवहार पश्चात् निगरानी प्रक्रियाएं, बैंक की निर्धारित नीतियों और प्रक्रियाओं तथा लागू होने वाले सभी विनियामकीय दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन शामिल हैं.

आपके बैंक ने प्रौद्योगिकी आधारित पहल कार्यों को अपनाते हुए अपनी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के स्वचालन को सुनिश्चित किया है. कुछ महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- सभी लेखापरीक्षा रिपोर्टों और अनुपालनों को लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली पर अपलोड किया जाता है जिन्हें लेखापरीक्षित इकाइयों के संबंधित अधिकारियों द्वारा अनुपालनों की निगरानी के लिए तत्काल आधार पर एक्सेस किया जाता है.
- संव्यवहारों में पाये गए अपवादों की निगरानी के लिए परोक्ष निगरानी प्रणाली (ओएमएस) की सहायता ली जाती है जिसके लिए अलर्ट जारी किए जाते हैं और अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है.
- शाखाओं द्वारा तिमाही आधार पर प्रौद्योगिकी संबंधी मुद्दों के लिए ऑनलाइन स्व-लेखापरीक्षा जिसकी केंद्रीय स्तर पर समीक्षा और निगरानी की जाती है.

जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए)

जोखिम रोकने, प्रभावी नियंत्रण प्रणाली रखने और परिचालनों की क्षमता में सुधार लाने के लिए बैंक की सभी शाखाओं की जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) की जाती है. पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा में शाखा की जोखिम अवधारणा के आधार पर प्रत्येक शाखा की 12-18 महीने में एक बार आरबीआईए सुनिश्चित की जाती है. आरबीआईए उचित जोखिम पहचान एवं मूल्यांकन, प्रभावी जोखिम नियंत्रण उपायों तथा आंतरिक नियंत्रणों/ प्रक्रियाओं की पर्याप्तता पर ध्यान केंद्रित करती है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के सहायक आरबीआईए के जरिए लेखापरीक्षित इकाइयों के समग्र परिचालनों की विवेचनात्मक समीक्षा करता है.

अकस्मात् लेखापरीक्षा

नई खोली गई शाखाओं का परिचालन प्रारंभ करने की तारीख से छः महीने के भीतर पहली लेखापरीक्षा की जानी आवश्यक है जिसे अकस्मात् लेखापरीक्षा कहा जाता है.

जोखिम आधारित प्रबंध लेखापरीक्षा (आरबीएमए)

प्रबंध लेखापरीक्षा में प्रधान कार्यालय के सभी विभाग, अंचल कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रशिक्षण संस्थान अर्थात् जवाहरलाल नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (जेएनआईबीएफ) तथा सहायक संस्थाएं शामिल हैं. सभी क्षेत्रीय तथा अंचल कार्यालयों के लिए आरबीएमए अनिवार्य है जो नियमों एवं विनियमों के अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और प्रभावकारिता, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के पालन पर ध्यान केंद्रित करती है और विभिन्न जोखिमों के समाधान के लिए नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ और सरल एवं कारगर बनाने हेतु उपाय सुझाती है.

सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा (आईएस लेखापरीक्षा)

आपके बैंक के पास आंतरिक लेखापरीक्षा व्यवस्था के भाग के रूप में अनुभवी आंतरिक सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा (आईएस लेखापरीक्षा) टीम है जो प्रौद्योगिकी और आईटी सुरक्षा से संबंधित मुद्दों की पहचान कर उनके परिचालन के प्रकार और जटिलताओं के अनुरूप समाधान करती है.

समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली

समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली अनिवार्यतः एक नियंत्रण प्रक्रिया है जो मजबूत आंतरिक लेखांकन प्रणालियों और प्रभावी नियंत्रणों की स्थापना हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार समवर्ती लेखापरीक्षा शाखाओं/ अन्य गैर शाखा इकाइयों जैसे ट्रेज़री, केन्द्रीय प्रोसेसिंग इकाई और खुदरा आस्ति केन्द्रों में की जाती है, जिनकी पहचान जोखिम बोध और कारोबार की मात्रा के आधार पर होती है. वित्तीय वर्ष 2017-2018 के दौरान न्यूनतम 50% जमाराशियों और अग्रिमों के कवरेज के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंड की तुलना में बैंक की 70% से अधिक जमाराशियों और अग्रिमों को कवर करने वाली शाखाएं व अन्य इकाइयां समवर्ती लेखापरीक्षा के अधीन थीं. लेखापरीक्षा कार्य के लिए बाहरी सनदी लेखाकारों की सेवाएं ली गई थीं. इसके अलावा प्रधान कार्यालय में निर्धारित किए गए कार्यात्मक प्रभाग भी समवर्ती परीक्षा के अधीन हैं. रिपोर्ट की गुणवत्ता तथा समय पर प्रस्तुति हेतु समवर्ती लेखा परीक्षकों के कार्यनिष्पादन पर अंचल लेखापरीक्षा कार्यालय (जेडएओ) लगातार पैनी निगरानी रखते हैं.

ऋण लेखापरीक्षा

अपने ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली लागू की गई है. यह प्रणाली व्यापक रूप से ऋण मूल्यांकन, ऋणों की मंजूरी और ऋण प्रशासन के क्षेत्रों में आपके बैंक की नीतियों के अनुपालन पर ध्यान देती है. ऋण लेखापरीक्षा मुख्यतः (i) 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक की सीमा वाले नये और अधिग्रहण के मामले (ii) समीक्षाधीन अवधि के दौरान निवेश की निचली श्रेणी में ले जाए गए मामले तथा (iii) कॉरपोरेट के लिए 250 करोड़ के और रिटेल बैंकिंग के लिए 10 करोड़ रुपये तक की सीमावाले नवीकरण/ वृद्धि सहित नवीकरण मामलों को कवर करती है.

विधि लेखापरीक्षा

समस्त कारोबारी वर्टिकलों तथा ₹ 5 करोड़ और उससे अधिक के उच्च मूल्य ऋणों से संबंधित सभी ऋण और बंधक संबंधी दस्तावेजों को कवर करने हेतु विधि लेखापरीक्षा का कार्य आरंभ किया गया.

गुणवत्ता आश्वासन लेखा परीक्षा

वर्ष के दौरान बैंक ने अपने आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यकलापों को और मजबूत तथा बेहतर बनाने तथा इसे वर्तमान सर्वोतम प्रथाओं के समकक्ष लाने हेतु गुणवत्ता आश्वासन लेखापरीक्षा (क्यूएए) आरंभ की. गुणवत्ता आश्वासन लेखापरीक्षा कार्य के अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ बैंक की संपूर्ण आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली और रेटिंग ढांचे (नीतियां, प्रक्रियाएं, कार्यप्रणालियां, रिपोर्टिंग संरचनाएं, फार्मेट आदि) की समीक्षा और इसे जोखिम आधारित सर्वेक्षण के साथ एकीकरण और आंतरिक लेखापरीक्षा की बेहतर/ सफल पद्धतियों की पहचान करना उसकी अनुशंसा करने पर जोर देना शामिल है.

धोखाधड़ी प्रबंधन प्रणाली

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के अंतर्गत एक समर्पित धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफएमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. सभी धोखाधड़ियों की निगरानी और समीक्षा के लिए धोखाधड़ी समीक्षा परिषद (एफआरसी) का गठन किया गया है ताकि प्रणालीगत खामियों, यदि कोई हो, की पहचान की जा सके और सुधारात्मक उपाय शुरू किए जा सकें तथा जांच की प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी की जा सके. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपराचारात्मक कार्रवाइयों की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपराचारात्मक उपाय लागू करना शामिल है. धोखाधड़ियों का समयपूर्व पता लगाने, उनकी रोकथाम करने, रिपोर्टिंग, निगरानी और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति कार्यान्वित की गई है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में पूर्ण रूप से सुसज्जित सतर्कता विभाग है जिसके विभागाध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं. आपके सीवीओ द्वारा निष्पादित कार्यकलापों का व्यापक कार्यक्षेत्र/ दायरा है तथा इसमें बैंक के कर्मचारियों द्वारा किए गये/ किए जाने वाले भ्रष्ट कार्यों के संबंध में खुफिया जानकारी एकत्रित करना शामिल है. सतर्कता विभाग बैंक के सतर्कता मामलों से संबंधित सभी कार्यों को देखता है जिनमें (i) सतर्कता मामलों पर कार्यवाही करना सतर्कता इंगित करने वाली और सत्यापन किए जाने लायक आरोपों से संबद्ध शिकायतों की जांच करना (ii) अनुशासनात्मक प्राधिकारी के विचारार्थ जांच करना, रिपोर्टों पर कार्यवाही करना (iii) जहां कहीं भी आवश्यकता हो मामलों को केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीओ) को उनके विचारार्थ/ सूचना हेतु संदर्भित करना (iv) भ्रष्टाचार/ कदाचार रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाना शामिल हैं.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग की साइट मौजूद है जिस पर सतर्कता विभाग का विवरण, आपके बैंक की सभी शाखाओं और कार्यालयों में प्रदर्शित की जाने वाली सीवीसी की नोटिस के मानक प्रारूप, सीवीसी, सीवीसी के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) और आपके बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र / दिशानिर्देश और निवारक सतर्कता के लिए 'क्या करें और क्या न करें' जैसी जानकारी दी गई है. इससे अधिकारियों में सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में आपके बैंक को सहायता मिली है.

सतर्कता कार्यकलापों में 'निवारक सतर्कता' और 'दंडात्मक सतर्कता' शामिल है. निवारक सतर्कता एक सतत् प्रक्रिया है जो दिशानिर्देशों की समीक्षा करने, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन करने, पारदर्शिता में वृद्धि करने तथा बैंक के कर्मचारियों और साथ ही हितधारकों के बीच सतर्कता के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता पैदा करने के प्रयास करती है. सतर्कता आपके बैंक की विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाती है जिसे एक हद तक निवारक सतर्कता को प्रभावी बनाकर पूरा कर लिया जाता है.

आपके बैंक द्वारा अपनाए गए निवारक उपायों में विभिन्न शाखाओं में अनाचार, यदि कोई हो, का पता लगाने और स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के गैर-अनुपालन की जांच हेतु औचक सतर्कता दौरे तथा स्वतः संज्ञान आधार पर निरीक्षण (एसवीवी) शामिल हैं. सतर्कता विभाग द्वारा एक बारीय निपटान/ पहली बार एनपीए (ओटीएस/एफटीएनपीए) मामलों की जांच के अलावा, विभिन्न विभागों/ वर्टिकलों द्वारा किए गए कार्यों/ करारों का सीटीआईओ प्रकार का निरीक्षण, बैंक अधिकारियों की आस्ति व देयताओं में असामान्य भिन्नता/ बेमेल पाए जाने अथवा गैर-अनुपातिक आस्तियों के मामले का पता लगाने के लिए बैंक अधिकारियों के वार्षिक आस्ति व देयताओं की विवरणियों (एआरएएल) की जांच, बैंक की लेखापरीक्षा रिपोर्टों की जांच का कार्य भी किया जाता है.

सतर्कता विभाग ने निवारक सतर्कता के बारे में स्टाफ सदस्यों को अवगत कराने के लिए धोखाधड़ियों/अनाचारों/भ्रष्टाचार के केस अध्ययनों की एक नई

शैक्षणिक शृंखला इसके इंट्रानेट पर शुरू की है. इस शृंखला का उद्देश्य पथभ्रष्ट अधिकारियों द्वारा अपनायी गई कार्यप्रणाली को समझने में स्टाफ सदस्यों की सहायता करना और उन्हें ऐसे माहौल में 'क्या करें और क्या न करें' के बारे में शिक्षित करना है.

वर्ष के दौरान, सीवीसी के मुख्य तकनीकी निरीक्षक (सीटीआई) ने आपके बैंक का निरीक्षण किया और इस संबंध में संतोषजनक रिपोर्ट दी. आपके बैंक को सतर्कता जागरूकता पहल कार्यों की श्रेणी में अपने योगदान हेतु सतर्कता श्रेष्ठता सम्मान-2017 प्रदान किया गया.

कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जागरूक करने के लिए *'मेरा संकल्प-भ्रष्टाचार मुक्त भारत'* थीम के साथ बैंक के प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालयों तथा शाखा कार्यालयों में 30 अक्तूबर 2017 से 4 नवंबर 2017 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर आपके बैंक ने एक विशेष जर्नल जारी किया और स्टाफ सदस्यों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- निबंध लेखन, वक्तृत्व, क्विज आदि का आयोजन भी किया. आपके बैंक ने सीवीसी द्वारा बैंक को आबंटित किए अनुसार बृहद् मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे जिलों के 14 स्कूलों और महाविद्यालयों में विभिन्न सतर्कता कार्यकलाप आयोजित किए.

सतर्कता मामलों के साथ-साथ सतर्कता कार्यकलापों के लिए प्रक्रियाओं के संबंध में सीवीसी, भारत सरकार-वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक और आपके बैंक द्वारा जारी नवीनतम अनुदेशों/ दिशानिर्देशों/ निदेशों के तत्काल और सुलभ संदर्भ को ध्यान में रखते हुए बैंक ने सतर्कता मैनुअल तैयार किया है जिसका 31 मार्च 2018 को अद्यतन किया गया है.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक में कार्यपालक निदेशक पद के मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ) के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी की देख-रेख में एक समर्पित अनुपालन विभाग है जिसके जरिए भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा अन्य विनियामक/ सांविधिक निकायों द्वारा निर्दिष्ट विभिन्न सांविधिक एवं विनियामक दिशानिर्देशों और साथ ही, आंतरिक दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है.

आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक अनुपालन नीति लागू की है जिसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य के संबंध में प्रत्येक टियर के लिए भूमिका व जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई है. स्व-प्रमाणन प्रक्रिया के जरिए एक सुस्थापित रिपोर्टिंग प्रणाली मौजूद है जिसके आधार पर निदेशक मंडल को अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाता है. बोर्ड को भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं / दिशानिर्देशों के संबंध में मासिक अंतराल से अवगत कराया जाता है.

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित जानकारी के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों का त्वरित उत्तर देने के लिए केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी (एफएए) को प्रथम अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक निदेशक श्रेणी का एक पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया गया है.

आपके बैंक ने भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल (https://rtionline.gov.in) के साथ भी संबद्धता स्थापित की है जिसके जरिए नागरिक आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांग सकते हैं और अपील दायर कर सकते हैं.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, आपके बैंक ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में निरंतर प्रगति की है. आपके बैंक के सभी वर्टिकलों, विभागों, अंचल कार्यालयों और शाखाओं ने भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों और अन्य निर्देशों के अनुपालन के लिए संगठित प्रयास किए हैं.

आपका बैंक राजभाषा-हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है. जिसके परिणामस्वरूप ग्राहक इंटरफेस वाले कई पहल कार्यों को हिंदी में उपलब्ध कराया गया है. इन पहल कार्यों में एटीएम में निर्देशों का द्विभाषिक डिस्प्ले, एटीएम लेनदेन स्लिप जारी होना तथा ग्राहक संबंधी अन्य द्विभाषी सूचनाओं को प्रदर्शित करना शामिल है. आपके बैंक के उत्पादों और योजनाओं की सघन जानकारी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने हेतु विशेष प्रयास किए गए. आपके बैंक ने हिंदी सुविधा के साथ अभय, पेएप्ट और एमपासबुक जैसे विभिन्न एप्लिकेशन आरंभ किए हैं. किसान संगोष्ठियों और विमुद्रीकरण, डिजिटल बैंकिंग, नकद रहित अर्थव्यवस्था से संबंधित अभियानों को हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित किया गया. ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के पोस्टर्स, बैनर्स और अन्य प्रचार सामग्री हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में प्रदर्शित की गयी. आपके बैंक ने हिंदी में काम करने की सुविधा के लिए अपने इंट्रानेट पर द्विभाषी रूप में टेम्पलेट पत्र, फॉर्म, शब्दकोश, नोटिंग और अन्य प्रासंगिक संदर्भ सामग्री अपलोड की है. स्टाफ सदस्यों को अपने दैनंदिन काम-काज में हिंदी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन योजनाएं लागू की गईं और विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. हिंदी के प्रयोग को निरंतर बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक के सभी क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न आवश्यकताओं और हिंदी यूनिकोड के प्रयोग से स्टाफ सदस्यों को परिचित कराया गया. हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों को प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने के लिए सम्पूर्ण क्षेत्रों में कई आंतरिक कार्यक्रम चलाए गए. सितंबर 2017 में राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया गया.

आपके बैंक द्वारा दैनंदिन कार्यों और अपने कारोबार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की विभिन्न मंचों पर प्रशंसा हुई है और बैंक ने वर्ष के दौरान कई पुरस्कार प्राप्त किए, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं :

i) आपके बैंक के नई दिल्ली, चंडीगढ़, वड़ोदरा और इंदौर कार्यालयों को उनकी संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकास) द्वारा राजभाषा पुरस्कार प्रदान किए गए;

ii) राजभाषा नीति को लागू करने में बैंक द्वारा किए गए प्रयासों की संसदीय समिति की तीसरी उप-समिति और आलेख एवं साक्ष्य उप-समिति द्वारा प्रधान कार्यालय, मुंबई, अंबाला कैंट और फरीदाबाद शाखाओं के निरीक्षण के दौरान सराहना की गई;

iii) आपके बैंक की आंतरिक तिमाही हिंदी पत्रिका, *'विकास प्रभा'* को वर्ष 2016-17 के लिए 'ख' क्षेत्र के अंतर्गत भारत सरकार के प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया.

iv) आपके बैंक की आंतरिक तिमाही हिंदी पत्रिका, *'विकास प्रभा'* को एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) ने भारतीय भाषा प्रकाशन श्रेणी में कांस्य पुरस्कार प्रदान किया;

v) '*विकास प्रभा*' को प्रसिद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक समूह -'आशीर्वाद' द्वारा भी सर्वश्रेष्ठ आंतरिक पत्रिका प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया;

vi) भारत सरकार के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय और वित्तीय सेवाएं विभाग के अधिकारियों ने अपने निरीक्षणों के दौरान आपके बैंक में हिंदी के कार्यान्वयन की सराहना की.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

अपने सभी हितधारकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने के ध्येय को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह पर विशेष जोर दिया गया है. आपके बैंक ने सभी ग्राहक संपर्क बिन्दुओं में सेवा स्तर में सुधार करने की अपनी मुहिम को जारी रखा है.

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) और ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति (एससीसीएस) यह सुनिश्चित करती है कि ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन मामलों पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाए.

आपके बैंक में केंद्रीकृत तथा समर्पित ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी) है, जो विभिन्न पद्धतियों से शिकायतों का प्रबंधन करता है. शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं सामयिक समाधान में आपके बैंक की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप, वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान सीसीसी ने अपने आईएसओ प्रमाणन को आईएसओ 9001: 2015 में उन्नत किया है. आपके बैंक ने समन्वित शिकायत प्रबंध सॉफ्टवेयर, जो विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों/ परिवादों की रिकार्डिंग, निगरानी और समयबद्ध निपटान को सुसाध्य बनाता है, का प्रयोग करते हुए विभिन्न डिलीवरी माध्यमों में अपनी शिकायत निवारण प्रणाली की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं. बैंक ने ग्राहक सेवा, शिकायत निवारण तथा ग्राहक अधिकार नीति पर नीतियों को अपनाया है.

आपके बैंक ने ग्राहक सेवा अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए नए उपाय किए हैं और मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सतत आधार पर सुधार भी किए हैं. वर्ष के दौरान आरंभ किए गए प्रमुख ग्राहक केंद्रित पहल कार्यों में से कुछ निम्नलिखित थे:

- **बहुभाषी इंटरऐक्टिव वॉइस रिस्पांस (आईवीआर) प्रणाली:** अब आईवीआर सेवाएं हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध करायी जा रही हैं, इस प्रकार आईवीआर बैंकिंग की पहुँच व्यापक प्रेक्षकों तक हो रही है.
- **'मैं यह कैसे करूं' शृंखला:** आम तौर पर पूछे जाने वाले प्रश्नों पर एफएक्यू का संकलन ग्राहकों को त्वरित स्वयं- सेवा में मदद करता है. इस उद्देश्य से बैंक ने अपनी वेबसाइट पर ग्राहक सेवा पृष्ठ के अंतर्गत सहायता अनुभाग का आरंभ किया है, जिसके जरिए ग्राहकों द्वारा आम तौर पर पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध कराया जाता है.
- **'आइये बात करें':** बैंक के ग्राहकों के लिए प्रत्येक कार्य दिवस वाले शनिवार को एक खुला मंच उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वे सामान्य कार्य दिवस के भीड़-भाड़ वाले समय से अलग हमारी शाखा के स्टाफ के साथ बातचीत कर सकते हैं तथा उन्हें अपने फीडबैक, सुझाव आदि दे सकते हैं और अपने प्रश्नों/ शिकायतों का उत्तर भी प्राप्त कर सकते हैं.
- **आधार अद्यतन करना/ जोड़ना:** ग्राहक अपने खाते से आधार अद्यतन करने/ जोड़ने के लिए आईवीआर, नेट बैंकिंग, एटीएम, एसएमएस, वेबसाइट तथा मोबाइल एप्लीकेशन सहित विभिन्न डिजिटल चैनलों का प्रयोग कर सकते हैं.
- **पुश ई-मेल:** बैंक के फोन बैंकिंग चैनल पर कॉल करने वाले ग्राहकों को जानकारी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से, बैंक ने पुश ई-मेल की सुविधा आरंभ की है, जिसके माध्यम से ई- मेल में ग्राहकों के अनुरोध पर उन्हें शाखा/ एटीएम पता, ब्याज दर, फॉर्म आदि संबंधी वांछित जानकारी भेजी जाती है.
- **शिकायत का पता लगाना एवं समाधान पर फीडबैक:** ग्राहकों द्वारा की गयी शिकायतों का तत्काल पता लगाने की सुविधा के लिए ग्राहकों को उनकी शिकायत के सफलतापूर्वक पंजीकरण के बाद एक एसएमएस सूचना भेजी जाती है, जिसमें उनकी शिकायत आईडी शामिल होती है. इसके अलावा, बैंक ने समाधान की गुणवत्ता की जांच के लिए शिकायतों के समाधान पर फीडबैक का पता लगाने के लिए एक प्रणाली भी लागू की है. शिकायत के समाधान के बाद, ग्राहकों को एक एसएमएस भेजा जाता है जिसमें शिकायत के समाधान की प्रभावशीलता तथा गुणवत्ता पर फीडबैक प्राप्त करने के प्रावधान सहित शिकायत बंद करने की जानकारी दी जाती है. यदि ग्राहक उपलब्ध कराए गए समाधान से असंतुष्ट है तो उनके लिए शिकायत को आगे पहुंचाने के प्रावधान भी बनाए गए हैं.

आपका बैंक नियमित आधार पर ग्राहक से फीडबैक प्राप्त करता है तथा ग्राहकों को आह्लादित करने हेतु प्रक्रियाओं में सुधार के लिए इसका प्रयोग करता है. आपका बैंक प्रति माह आयोजित होने वाली शाखा स्तर ग्राहक सेवा समिति (बीएलसीएससी) बैठकों के माध्यम से, जिनमें समाज के विभिन्न तबकों के ग्राहक आमंत्रित किए जाते हैं, शाखाओं में सेवा की गुणवत्ता पर ग्राहक से फीडबैक भी प्राप्त करता है. आपका बैंक कॉल सेंटर से संपर्क करने वाले ग्राहकों से उनकी बातचीत तथा एजेंट द्वारा उपलब्ध कराए गए समाधान पर भी फीडबैक प्राप्त करता है. आपके बैंक ने कर्मचारियों को सशक्त तथा सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण तथा कौशल विकास व्यवस्था का संवर्धन किया है ताकि वे उच्च गुणवत्ता वाली ग्राहक सेवा प्रदान कर सकें.

बैंक विनियामक अनुपालन तथा ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा के मूल्यांकन के उद्देश्य से सभी शाखाओं में गुप्त खरीददारी कार्यकलाप भी आयोजित करता है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बाह्य एजेंसियों की सेवाओं का उपयोग कर ग्राहक फीडबैक प्राप्त किए गए थे. प्राप्त निष्कर्ष पर कार्रवाई की गयी ताकि आपके बैंक की ग्राहक सेवा में सुधार लाया जा सके. ग्राहक सेवा पर सतत ध्यान केंद्रित करने के परिणामस्वरूप, आपके बैंक को दिसंबर 2017 में जारी फोर्रस्टर रिसर्च आईएनसी द्वारा ग्राहक सेवा सूचकांक में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ.

आपका बैंक भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है और इसने ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता के कोड को अपनाया है. दोनों कोड बैंकिंग पद्धतियों के न्यूनतम मानक स्थापित करते हैं. इन्हें बैंक की वेबसाइट पर रखा गया है तथा शाखाओं में ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध कराया गया है.

कॉरपोरेट संप्रेषण

वर्ष के दौरान, बैंक की कायापलट योजना तथा उसके कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपके बैंक के बारे में सकारात्मक खबरों के प्रसारण पर जोर दिया गया. आपके बैंक ने अपने उत्पादों के विवरणों, सेवाओं तथा विशेष ऑफरों के प्रचार के लिए विभिन्न सोशल मीडिया पृष्ठों का उपयोग किया साथ ही स्थानीय स्तर पर गतिविधियां चलाकर विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का प्रचार-प्रसार भी किया. लागत कम करने के उद्देश्य से, आपके बैंक द्वारा कोई प्रमुख विज्ञापन पहल नहीं की गयी थी. आपके बैंक को नयी दिल्ली में संपन्न एशिया और पैसिफिक में विकास वित्त संस्थानों की 41 वीं वार्षिक संघ (एडफिएप) की बैठक में सर्वश्रेष्ठ वेबसाइट पुरस्कार प्राप्त हुआ.

आपके बैंक का आंतरिक संप्रेषण कार्यक्रम बैंकिंग तथा उससे इतर क्षेत्रों में विकास के साथ- साथ महत्वपूर्ण विचारों के प्रभावी विनिमय को सक्षम बनाने पर

ध्यान केंद्रित करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि यह बैंक के विभिन्न विभागों तथा शाखाओं में व्याप्त हो. कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने तथा उनसे जुड़ने के लिए विभिन्न पहल कार्य आरंभ किए गए. इसमें, अन्य बातों के साथ- साथ, डिजिटल समाचार पत्र 'अभ्युदय' का आरंभ कर इसके माध्यम से कर्मचारियों को बैंक के विभिन्न विकास कार्यों के बारे में अद्यतन जानकारी देना है, कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने वाले शीर्ष प्रबंधन के विडियो दिखाना, सभी कर्मचारियों के डेस्कटॉप पर प्रेरणास्पद कोट प्रदर्शित करना, शनिवार को ऑनलाइन क्विज द्वारा कर्मचारियों से जुड़ना, आदि शामिल है.

सूचना प्रौद्योगिकी

आपके बैंक ने अपने ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु और उनके लिए बैंकिंग को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी और सुरक्षा विशेषता युक्त व्यापक उन्नत वित्तीय सेवाएं एवं उत्पाद प्रदान करने हेतु अपनी प्रामाणिक आईटी श्रेष्ठता का पूर्ण लाभ उठाना जारी रखा. प्रौद्योगिकी बैंकिंग क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका निभाने के नाते आपके बैंक ने अपने ग्राहक की बैंकिंग तथा वित्तीय अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाया है. साथ ही, आपका बैंक लगातार नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी को अपनाता रहा है जिससे इसके परिचालनगत सुविधा में सुधार लाने में सहूलियत हुई है और साथ ही इसकी प्रौद्योगिकी प्रणालियों और प्रक्रियाओं की क्षमता और सुरक्षा में भी वृद्धि हुई है.

आपके बैंक ने अपने ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अपनी शाखाओं में 100% कंप्यूटरीकरण के जरिए अपनी आईटी श्रेष्ठता से लाभ उठाना जारी रखा. आपके बैंक में टियर-3 डेटा केंद्र (प्राइमरी डेटा केंद्र (डीसी), आपदा रिकवरी (डीआर) साइट और नियर डीआर साइट) उपलब्ध हैं. बैंक ने न्यूनतम ऊर्जा खपत के लिए सर्वर आभासीकरण प्रौद्योगिकी का कार्यान्वयन जारी रख हरित पहल को बनाए रखा है.

ग्राहक सुरक्षा और आह्लाद के साथ-साथ ग्राहकों की जरूरतों एवं प्रोफाइल को वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषित करने के लिए अपने आईटी कार्यसूची के प्रयोजन के भाग के रूप में आपके बैंक ने विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाएं अर्थात् उद्यम-वार डेटा वेयर हाउस समाधान और उद्यम-वार धोखाधड़ी जोखिम प्रबंध समाधान भी साथ-साथ में आरंभ किए हैं. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने एमएसएमई तथा कृषि ऋण आवेदन प्रोसेसिंग तथा ई-व्यापार वित्त आवेदन के लिए स्वचालित ऋण आवेदन प्रोसेसिंग प्रणाली (एएलपीएस) भी कार्यान्वित की है. आपका बैंक बेहतर और आह्लादित ग्राहक अनुभव के लिए प्रौद्योगिकी प्रगति का लाभ लेने हेतु अपने कोर बैंकिंग सोल्युशन (सीबीएस) को उन्नत कर रहा है.

केंद्रीकृत परिचालन

आपके बैंक के पास केंद्रीकृत सेवाओं जैसे मीयादी जमाराशियों के ब्याज पर टीडीएस, कार्डों, पिन मेलर, चेक बुक, खाता विवरण तथा ग्राहकों को सुपुर्द किए जाने वाले अन्य प्रदेयों के निर्माण तथा सुपुर्दगी, डीमैट खाता खोलने, अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए), सिंडीकेट एएसबीए और प्रतिभूति पर ऋण (एलएएस) आदि के लिए एक आधुनिकतम केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई (सीपीयू) है. इसी प्रकार से आपके बैंक के पास बचत बैंक खाते, चालू खाते और सावधि जमा खाते खोलने जैसे कार्यों के लिए छह आधुनिकतम क्षेत्रीय प्रसंस्करण इकाइयां (आरपीयू) भी हैं. सीपीयू और आरपीयू खाता खोलते समय केवाईसी और एएमएल के दृष्टिकोण से लगने वाले समय (टीएटी) में कटौती और लागत की बचत पर और बेहतर तथा एकीकृत नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं.

शाखा परिचालन सहायता एवं नीति

स्टाफ के बीच दैनंदिन परिचालनों से संबंधित नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराते हुए, आपका बैंक सुनिश्चित करता है कि सभी संघटकों को उत्पादों, परिचालनों और सेवाओं पर अद्यतन जानकारी के साथ सेवा दी जाए. आपके बैंक ने ग्राहक सेवा में सुधार के प्रयोजन से शाखाओं के लाभ के लिए विभिन्न सोल्युशन जैसे- लॉकर प्रबंध सॉफ्टवेयर, ई-रजिस्टर, ई-रिपोर्ट तथा अन्य सोल्युशन उपलब्ध कराये हैं.

आपका बैंक रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति को सुनिश्चित करने में बैंकिंग उद्योग में अग्रणी रहा है. आपके बैंक के पास 18 अत्याधुनिक करेंसी चेस्ट (सीसी) हैं. ये करेंसी चेस्ट सभी संबद्ध शाखाओं से प्राप्त नकदी को प्रसंस्कृत करते हैं और एटीएम तथा शाखाओं के जरिए वितरण के लिए स्वच्छ नोट उपलब्ध कराते हैं.

घरेलू भुगतान तथा विप्रेषण सेवाएं (डीपीआरएस)

आपका बैंक पेपर आधारित भुगतान लिखतों के भुगतान और संग्रहण तथा विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों के माध्यम से निधि अंतरणों के प्रोसेसिंग की सुविधा प्रदान करता है. आपके बैंक में चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस) द्वारा समाशोधन कार्यकलापों को संभालने हेतु तीन केंद्रीकृत समाशोधन ग्रिड केंद्र हैं. सभी इलेक्ट्रॉनिक भुगतान तथा विप्रेषण सेवाओं के परिचालन कार्यकलापों को संभालने हेतु एक केंद्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रोसेसिंग केंद्र (ईटीपीसी) भी है. किसी भी ग्रिड केंद्र और ईटीपीसी में संकटकालीन परिस्थितियों के दौरान सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, आपके बैंक ने हैदराबाद में एक लागत-प्रभावी 'कारोबारी निरंतरता योजना' लागू की है.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

आपका बैंक, सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्था होने के अपने प्रयास में, समाज के कमजोर तबके के वर्गों के जीवन में सार्थक और स्थायी सुधार लाने में, सीएसआर गतिविधियों के महत्व को भलीभाँति स्वीकार करता है. आपके बैंक की सीएसआर गतिविधियां समाज के स्थायी सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान करने की अपनी वचनबद्धता को मूर्त रूप देती हैं. आपके बैंक ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुपालन में 1 अप्रैल 2014 से बोर्ड-अनुमोदित सीएसआर नीति लागू की है.

कंपनी अधिनियम, 2013 में उल्लिखित व्यापक दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक को समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सीएसआर के अंतर्गत किसी भी राशि के व्यय की आवश्यकता नहीं है. तथापि, आपके बैंक ने चुनिंदा सीएसआर मध्यस्थताओं के लिए 1.36 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है. कंपनी अधिनियम, 2013 में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में इन विविध सीएसआर कार्यकलापों के जरिए आपके बैंक ने, अन्य बातों के साथ-साथ, स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करने, बच्चों के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, पर्यावरण संबंधी निरंतरता सुनिश्चित करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, आजीविका के अवसरों में वृद्धि करने, व्यावसायिक और रोजगार परक कौशल को समुन्नत बनाने तथा योजनाबद्ध मध्यस्थताओं के जरिए गाँवों का संपूर्ण विकास करने में योगदान दिया है.

आपके बैंक की सीएसआर गतिविधियों को विभिन्न मंचों पर उचित रूप से सराहना मिली है. आपके बैंक की अंतर्राष्ट्रीय बाल आपात निधि (यूनिसेफ) के साथ 'जल, सफाई और स्वच्छता' की सीएसआर परियोजना के लिए स्कॉच बीएसई ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड 2017 प्राप्त हुआ.

Management Discussion and Analysis

BUSINESS ENVIRONMENT

A broad-based recovery is underway in the global economy, supported by a rebound in investment, manufacturing activity, and trade. In this backdrop, various international accredited agencies viz. World Bank, IMF, OECD, etc. have projected the global economic growth to improve in 2018.

With the GDP growth revving up to 7.7% in Q4 FY 2017-18, the highest in seven quarters, India retained its position as the fastest growing economy. A broad-based upturn in agriculture output, improved manufacturing performance and a vibrant services sector aided in driving the overall growth. However, India's GDP growth in FY 2017-18 was lower at 6.7% vis-à-vis 7.1% in FY 2016-17. Though FY 2017-18 closed with the lowest GDP growth in four years, the upward trend in growth since Q2 FY 2017-18 promises better times ahead. Leading institutions/ organisations project India to be the fastest growing economy over the next four-five years.

Going forward, the key engines supporting growth in India are largely domestic and policy-driven, though a synchronous upturn in global growth will provide some tailwind. The outlook for India's economic growth is also optimistic on account of expected record foodgrain output, strong sales growth by corporates, depleting finished goods inventories, restart of investment in fixed assets by corporates pointing to renewal of the capex cycle and resilience of services sectors. High frequency indicators such as higher private consumption measured by growth in domestic air passenger traffic and foreign tourist arrivals, upturn in production of consumer durables, rising sales growth of passenger vehicles, etc. signal further strengthening of domestic demand conditions.

BUSINESS REVIEW

Keeping in view the imperatives before it, your Bank launched Project Nishchay during the year to drive its strategic transformation through focussed interventions in four major areas, namely (i) Asset Utilisation, (ii) Revenue Maximisation, (iii) Operating Cost Rationalisation, and (iv) Manpower Planning. Under the Project, an all-encompassing, multi-initiative strategy was envisaged under these four broad pillars.

As a part of its comprehensive turnaround strategy, your Bank took necessary measures to realign its business mix in favour of retail and priority sector lending business while limiting growth in its corporate loan book. This would enable the Bank to shift to a capital light business model including reduction in its Risk Weighted Assets (RWAs). To improve its asset quality, the Bank also adopted a comprehensive action plan and roadmap for reduction of Non-Performing Assets (NPAs). This will aid in further reduction in the capital requirement of the Bank going forward. The Bank also embarked on divestment of its non-core assets, including sale of its stakes in various associates and Joint Ventures and sale of its residential and commercial properties, which were not being optimally utilised, to augment its capital base.

Simultaneously, your Bank took several measures to augment its revenues streams by enhancing retail asset growth, improving retail liabilities, and enhancing fee income. Towards this end, the Bank has been proactively enhancing its capabilities through improved customer service, field sales excellence and analytics driven sales.

Your Bank has been also working towards rationalisation of operating cost by identifying a number of areas for higher efficiency in order to boost its bottom-line.

The overall strategy of the Bank is also being supported by necessary steps it has taken in repositioning its human resource to ensure that the retail business segment and credit monitoring & recovery teams are adequately staffed and revamping the governance structure.

Dedicated core teams were formed for monitoring the progress with respect to the identified parameters. Furthermore, emphasis was placed on improving communication and engagement levels across your Bank as it was envisaged as a collaborative effort. Your Bank is committed to identify and address existing gaps, capitalise on core strengths and improve existing products and processes, leading to sustainable growth and profitability of the Bank.

As on March 31, 2018, your Bank served its customers through its network of 1,916 branches, comprising of 441 branches at metro locations, 466 branches at urban centres, 592 branches at semi-urban centres and 415 branches at rural centres (including 258 Financial Inclusion branches) across India, one overseas branch at Dubai International Financial Centre (DIFC), Dubai, one International Banking Unit (IBU) at Gujarat International Finance Tec-City (GIFT), Gujarat as well as 3,779 ATMs and 58 e-lounges. Simultaneously, your Bank leveraged its digital offerings to extend the convenience of transacting at any time and any place to its customers.

Retail Banking

Retail Liability Products

In consonance with its motto of *'Customer First',* your Bank offers an array of retail liability products, which were the key drivers of growth across various segments such as High Net-Worth Individuals (HNIs), business enterprises, corporate payroll, trusts, associations, societies, senior citizens, kids, women, youth etc. Every product of your Bank is specially designed by putting its customer at the centre and catering to the full spectrum of their requirements. Considering the continuously evolving and emerging customer needs and trends, your Bank continued to introduce new products and review the facilities/ processes of existing products to meet those needs.

During the year, your Bank also tapped new avenues to increase the share of low-cost deposits, generate fee-based income and rationalise the product and related costs. In line with the developments in the banking industry, your Bank introduced new service charges and revised select existing charges, keeping in view the increased operational costs, emergence of various digital platforms and changing customer preferences.

NRI Services

Your Bank values its relationship with its NRI customers and caters to their needs by offering a full spectrum of financial products and services, ranging from basic Non Resident External (NRE) Account, Non Resident Ordinary (NRO) Account and Foreign Currency Non Resident (FCNR) deposits to value-added services such as forward cover on FCNR deposits, Portfolio Investment Scheme (PIS) for investments in Indian secondary stock markets, overdraft facilities against the security of NRI deposits, home loans, loans against property and more. Your Bank also offers various options to NRI customers for hassle-free fund remittances to India to enable fast, economical and convenient fund transfer.

Retail Assets

Your Bank continues to target a sizeable retail business portfolio to facilitate a more balanced business mix, in keeping with its intended positioning as a full-service new generation commercial bank. Pursuant to the same, your Bank currently offers a bouquet of retail asset products aimed to meet the needs of customers in the retail banking segment. To meet the growing market challenges and divergent needs of its customers, the Bank offers an array of structured retail asset products such as Housing Loans, Mortgage Loans, Personal Loans, Education Loans, Vehicle Loans, among others. Apart from introducing new products, your Bank also periodically reviews the existing products to introduce modifications/ innovations/ customisation.

Your Bank is a trusted partner in the home loan segment. Apart from standard home loan products, your Bank is also focusing on the much-needed rural housing and affordable housing segments with specialised products. During the year, your Bank introduced special offer for Central and State Government employees and its payroll customers wherein concessional interest rate was extended on Home Loan, Auto Loan, Personal Loan and their variants. The Bank is one of the few banks which have introduced risk-based pricing mechanism to offer competitive rates to the customers in alignment with their credit profile.

Your Bank has been a key member in operationalising the Government of India's Vidya Laxmi Portal which facilitates online application for Education Loan.

To enhance customer ease, your Bank has enabled online loan application facility on its website. Your Bank also offers online facility on its website which allows customers to track the loan application.

Credit Cards

Your Bank offers five credit card variants under different network schemes as under:

a. RuPay Scheme - Winning Select;

b. Visa Scheme - Royale Signature, Aspire Platinum and Imperium Platinum; and

c. Mastercard Scheme - Euphoria World.

The card variants are targeted at different customer segments depending on their profile and needs.

During the year under review, your Bank launched *'Winnings'* RuPay Select credit card - a premium card offering targeted at affluent customer groups, primarily salaried segment. Your Bank was one of the first banks to launch credit card on RuPay Platform in association with National Payments Corporation of India (NPCI).

Your Bank, during the year, also offered pre-approved credit card to its select existing customers to capitalise on the large retail customer base for increasing its credit cards penetration in the market.

In order to activate and increase the card usage, your Bank also launched card usage and activation campaign during the year, thereby awarding customers with additional bonus delight points. Your Bank also offered additional customer value in the form of merchant discounts and offers to its credit card customers.

Digital Banking

The banking sector in India is witnessing an accelerated pace of innovation and technology adoption towards digital banking channels. This trend received an added impetus from the Government's *'DigiDhan Mission'* which aims at encouraging greater use of electronic payments by all sections of society by reducing paper-based transactions.

Your Bank is committed to promoting and enhancing the distribution of various digital products, viz. Debit cards, Credit Cards, PoS, mPoS, Internet Payment Gateway, Internet Banking, Mobile Banking and also ensuring that there is greater level of activation and adoption of these products by the customers for usage thereof.

Your Bank was one of the first Public Sector Banks (PSBs) to launch Digital PoS with Bharat QR (Version 4) and BHIM Aadhaar Pay (RD enabled), adding to its current product suite of GPRS, PSTN, Mobile PoS, PCPoS and NFC enabled terminals.

Your Bank revamped its mobile banking app to incorporate better user interface and experience and also rebranded the app as *'GO Mobile +'.*

Some of the important achievements of your Bank during the period under review are as follows:

- As a part of the Government of India directive under the DigiDhan Mission, your Bank achieved 94% of the target for BHIM Aadhaar Biometric Fingerprint devices and was ranked at the 2nd position amongst PSBs and at the 10th position amongst all 38 banks in India.
- The percentage of digital payments transactions increased to 64.25% as on March 31, 2018 from 39.10% as on March 31, 2017.
- Your Bank introduced Green PIN - a paperless PIN generation solution – wherein IDBI Bank Debit Cardholders can securely generate their debit card PIN through ATM, IVR, Internet Banking channel, SMS and Missed Call facility.

- Your Bank launched *'BHIM PayWiz'* - an Unified Payments Interface (UPI) mobile application - on the iOS platform in June 2017.
- Your Bank also launched BHIM Digital PoS which is a mobile-based payment collection application for merchants which enables the merchants to accept payments from all UPI Apps. It also enables the merchants to collect payments using Aadhaar Number and biometrics using a single mobile application.
- In June 2017, your Bank launched *'IDBI AppKart',* which is an umbrella application containing all its mobile-based solutions on the Android platform, thereby enhancing the customer convenience in locating the apps.
- The facility for setting daily transaction limits and enable/ disable usage for debit cards has also been introduced in internet banking.

Third Party Products and Capital Market Products

Your Bank offers various value-added products and services to its customers, keeping in view their risk profile and financial goals. During the year, your Bank launched a special campaign *'HWH' (Health, Wealth and Happiness)* under Project Nishchay for imparting necessary thrust in enhancing fee income and fostering healthy sales culture. Your Bank also worked towards promotion and service of the Sovereign Gold Bond Scheme and the New Pension Scheme.

Your Bank was conferred three awards by Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA), viz. 3rd rank for NPS under *'Life's Glory'* campaign for sourcing maximum number of NPS accounts, 2nd rank for Best Point of Presence (PoP) – NPS for number of corporates activated and 3rd rank in Best PoP - SP activation. Your Bank secured 1st position as top performer in new demat accounts opened under the PSU-Bank Category at 32nd DP Conference of National Securities Depository Ltd. (NSDL).

Financial Inclusion

Your Bank has been proactive in partnering with the policymakers to further the objective of financial inclusion by ensuring access to financial products and services needed by vulnerable sections of the society at affordable cost in a fair and transparent manner. Your Bank's Financial Inclusion Plan (FIP) provides a structured and planned approach to financial inclusion. Your Bank has been actively promoting the agenda of financial inclusion with interventions in three key areas, viz., offering appropriate financial products, making intensive use of technology and enhancing financial literacy.

Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana and Social Security Schemes

Your Bank proactively sourced accounts under Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) and participated in social security schemes of Government of India, viz. Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY) for accident insurance cover, Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY) for life insurance cover and Atal Pension Yojana (APY) for pension in old age.

Business Correspondents/ Business Facilitators

Your Bank leveraged its network of Business Correspondents (BCs)/ Business Facilitators (BFs) in an effort to increase penetration in rural and semi-urban areas and thereby, ensure greater financial inclusion as also provide an added impetus to its Priority Sector Lending (PSL) business. To provide facility of payments through BCs (also referred to as Bank Mitras), hand-held devices were provided to them which are enabled with the facilities to accept RuPay cards and carry out Aadhaar-based transactions. Further, to enhance the skill sets of BCs/ BFs and thereby, prepare them to become confident, self-sufficient and viable, the Bank conducted extensive training sessions/ workshops for all BCs/ BFs at various locations across the country. Besides, your Bank has also provided on-the-job training to BCs/ BFs to develop their technical skill to operate on technology platform for conducting banking transactions.

Financial Literacy

Financial literacy has been identified as a pre-requisite for effective financial inclusion and an integral part of the PMJDY in order to enable the beneficiaries to make best use of the financial services being made available to them. Your Bank has set up desks known as *'Vittiya Sakhsharta Jankari Kendras'* in its rural branches which have been entrusted with the responsibility of spreading awareness on various banking products and Government social security schemes, through conduct of outdoor literacy camps. Your Bank's Rural Self Employment Training Institute (IDBI-RSETI) at Satara district in Maharashtra also conducts free residential training programme in job-oriented courses for the rural unemployed youth to empower them to be self-employed.

Awards for Financial Inclusion

Your Bank was conferred with SKOCH Order-of-Merit Award 2017 for its financial inclusion initiatives at the 48th SKOCH Summit.

Priority Sector Banking

Your Bank has been contributing to Priority Sector Lending (PSL) as mandated by the RBI. During the year, in line with the regulatory requirement, the Bank focused on financing Micro Enterprises and Small & Marginal Farmers as well as directly lending to non-corporate farmers. Your Bank continued its effort to extend micro credit through corporate BC/ BF channel and tied-up with several corporate BCs/ BFs. Your Bank has also been proactive in extending financial assistance under the Government schemes such as Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY) and Stand-Up India as also to socio-economically weaker sections of the society in consonance with the regulatory framework.

Major initiatives undertaken to boost PSL

- Your Bank has signed Memoranda of Understanding (MoUs) with 13 State-Level Rural Livelihood Missions (SRLMs), which are the implementation agencies for National Rural Livelihood Mission (NRLM) at state level. NRLM is the flagship programme of the Government of India for poverty eradication and administered through Self Help Groups (SHGs).
- Your Bank observed Farmers' Day on December 23, 2017 in its branches/ offices across India by organising 'Kisan Sangoshthi' to educate the farmers about economic strength, consumer protection, financial inclusion and financial literacy.

- Considering the importance of capital formation in the field of agriculture, the Bank has launched multiple campaigns at the field level to encourage and augment the investment credit flow to agriculture sector.
- With a view to achieve digitalisation and speedy processing of loan proposals for improving the turnaround time, an online sanction process for KCC has been introduced through '*Integrated PSL Automated Lending System (i-PALs)*'
- Your Bank has identified seven new SME clusters in various industries and geographies wherein the products have been customised as per their requirements.
- Your Bank became a participant of the Trade Receivables Discounting System (TReDS) platform that facilitates e-discounting of invoices/ bills.

Corporate Banking

Your Bank's Corporate Banking portfolio includes exposure spread over varied sectors such as power, textiles, cement, steel, engineering, construction, paper & paper products, electronics & electrical equipment, sugar, chemicals, automobiles, Non-Banking Financial Companies (NBFCs), etc.

Your Bank's asset basket for corporate clients includes term loans, working capital (both fund-based and non-fund based), packing credit to exporters, receivables buyout, bill discounting, etc. Within the ambit of Corporate Banking, your Bank also places due emphasis on Priority Sector Lending by offering products such as channel financing and vendor financing for dealers/ vendors of corporates. The Corporate Banking team of your Bank works closely with other specialised teams such as in Retail Banking, Transaction Banking, Treasury, etc. to develop suitable products and devise appropriate solutions which would fulfil specific needs of the corporate clients.

Your Bank is also the Nodal Agency for Textile industry (non-MSME sector) under Technology Upgradation Fund Scheme (TUFS) of the Government of India. Besides processing cases pertaining to your Bank's clients on pan-India basis as a Nodal Bank under the scheme, your Bank has also co-opted 62 Prime Lending Institutions which include Scheduled Commercial Banks, State Financial Corporations, State Industrial Development Corporations, Co-operative Banks etc., as a Nodal Agency.

In alignment with its turnaround strategy, your Bank is consciously restricting growth in its corporate loan book which would help it in shifting to a capital light model while simultaneously de-risking its business portfolio.

Asset Quality

Your Bank continued its emphasis on containment of fresh Non-Performing Assets (NPAs) and recovery from the existing stock. As at end-March 2018, 72.05% of your Bank's Total Assets were Performing Assets and 27.95% were NPAs (of which 20.41% were Sub-standard Assets, 75.40% were Doubtful Assets and 4.19% were Loss Assets). Adequate provisions were made in conformity with extant regulatory guidelines and the provision coverage ratio improved to 63.40%.

The recovery and upgrade has increased three-fold from ₹ 4,849 crore in FY 2016-17 to ₹ 15,001 crore in FY 2017-18.

In this backdrop, your Bank has crafted a multi-pronged response strategy of rebalancing asset portfolio, early recognition of stress, resolution and recovery of NPAs. Your Bank has drawn up a comprehensive action plan and road map for reduction of NPAs. This involves further strengthening the overall structure and supervisory mechanisms, creating clear policy guidelines, optimum use of MIS for timely data availability/ analysis based activity monitoring and structured review, case specific strategy for recovery from large value accounts and persistent and timely action with respect to retail NPAs.

In this regard, your Bank set up a Credit Monitoring Group for off-site monitoring of all its credit exposure to intensify monitoring and follow-up to prevent fresh slippages. System based monitoring and directed actions have started yielding results.

Your Bank has put in place an extensive Board-approved Compliance Policy as per the RBI guidelines and reviews it annually. The role and responsibility with regard to compliance function is clearly defined for every tier in your Bank. A well-established reporting system exists through a self-certification process, based on which a final compliance certificate is submitted to the Board of Directors. The Board is apprised at monthly intervals about important communications/ guidelines received from the Reserve Bank of India.

Right to Information (RTI) Act

Your Bank has designated Central Public Information Officers (CPIOs) for responding promptly on requests for information pertaining to various functional areas. In addition, all Branch Heads have been designated as Central Assistant Public Information Officers (CAPIOs) to receive and forward applications under the RTI Act to CPIOs. Your Bank has designated a senior officer in the rank of Chief General Manager as First Appellate Authority (FAA) for dealing with appeals of aggrieved applicants. A Transparency Officer, in the rank of Executive Director, has been designated for effective implementation of provisions of Section 4 of the RTI Act. A separate link for the RTI Act has been provided on the Bank's website (www.idbi.com).

Your Bank has also aligned with the Government of India's RTI Online portal, whereby citizens can seek the information and raise appeals under RTI Act through the portal (https://rtionline.gov.in).

Progressive use of Hindi

During the period under review, your Bank continued to make progress in implementing the Official Language Policy of the Government of India. All the Verticals, Departments, Zonal Offices and branches of your Bank made concerted efforts to achieve the targets prescribed in the Annual Programme and other directives issued by Official Language Department of the Government of India.

Your Bank's commitment to promote the Official Language Hindi resulted in a large number of customer interfacing initiatives being provided in Hindi. These initiatives include display of instructions in ATMs, generation of ATM transaction slip and other customer oriented information being bilingual. Special efforts were taken to provide in-depth information about your Bank's products and services in Hindi on its website. Your Bank's various applications such as Abhay, Payapt and mPassbook have Hindi as a language option. Kisan Sangoshthis and campaigns relating to digital banking and less cash economy were conducted in Hindi and other regional languages. Various types of posters, banners and other publicity material were displayed in Hindi as well as in regional languages for the benefit of customers. Your Bank uploaded template letters, forms, dictionaries, notings and other relevant reference material in bilingual form on its Intranet to facilitate working in Hindi. To encourage staff members to use Hindi in their day-to-day official work, incentive schemes were implemented and various competitions were organised. In order to progressively increase the use of Hindi, Rajbhasha workshops were organised in all the regions of your Bank to familiarise staff members with the various requirements of Official Language Implementation and use of Hindi Unicode. A number of in-house campaigns were launched across regions to encourage and recognise initiatives taken by the staff for promoting the use of Hindi. Rajbhasha Pakhwada was organised in September 2017.

Your Bank's endeavour to promote use of Hindi in day-to-day work and in its business found due recognition at various fora and received many awards during the year, which include the following:

i) Your Bank's New Delhi, Chandigarh, Vadodara and Indore offices were conferred Rajbhasha Awards by their respective Town Official Language Implementation Committee (TOLIC);

ii) Efforts made by the Bank in implementing Official Language Policy were commended by the Third Sub-Committee and Drafting & Evidence Committee of Parliamentary Committee on Official Language during their inspection of Head Office in Mumbai, Ambala Cantt. and Faridabad branches;

iii) Your Bank's in-house quarterly Hindi Magazine *'Vikas Prabha'* was conferred Government of India's prestigious 'Rajbhasha Kirti Award' under region 'B' category for year 2016-17.

iv) Your Bank's in-house quarterly Hindi magazine, *'Vikas Prabha',* was awarded Bronze Award from Association of Business Communicators of India (ABCI) in Indian Language Publication category.

v) *'Vikas Prabha'* was also awarded Best In-House Magazine citation from 'Ashirvad' - a renowned cultural and literary group.

vi) Officials from Department of Official Language, Ministry of Home Affairs and Department of Financial Services, Government of India, appreciated implementation of Hindi in your Bank during their inspections.

Customer Service and Complaints Management

Your Bank, in its quest for being the most preferred and trusted bank for all its stakeholders, has adopted a customer-centric approach focusing on excellent customer service and a comprehensive suite of best-in-class financial solutions. Your Bank continued its drive towards improvements in service quality across all customer touch-points.

The Customer Service Committee of the Board (CSCB) and the Standing Committee on Customer Service (SCCS) ensure that customer service and complaints management matters receive utmost attention.

Your Bank has a Centralised and dedicated Customer Care Centre (CCC) which deals with complaints management through assorted modes. As a result of your Bank's commitment to quality and timely resolution of complaints, in the course of the current financial year, CCC upgraded its ISO Certification to ISO 9001:2015. Your Bank took various steps to improve the effectiveness of its grievance redressal mechanism across delivery channels using integrated complaint management software which facilitates recording, monitoring and timely resolution of all the grievances/ complaints received through the assorted modes. The Bank has adopted policies on Customer Care, Grievance Redressal and Customer Rights Policy.

With an objective to further enhancing the customer experience, your Bank has been taking new measures as also improvement in existing systems and processes on an ongoing basis. Some of the major customer-centric initiatives undertaken during the year are:

- **Multilingual Interactive Voice Response (IVR) System:** IVR Services are now being offered in 10 regional languages apart from Hindi and English, thus making IVR banking accessible to a larger audience.
- **'How Do I' Series:** Creating a repository of FAQs on most common queries helps the customers to self-service themselves in a faster way. With this objective, the Bank launched a support section on its website under Customer Care page and provides answers to the most common queries posed by the customers.
- **'Aaiye Baat Karein':** An open forum is available for the Bank's customers on every working Saturday to interact with branch staff outside the rush of a normal working day to share their feedback, suggestions etc. and also seek responses to their queries/ complaints.
- **Aadhaar Updation/ Seeding:** Customers can use various digital channels including IVR, net banking, ATM, SMS, website and mobile application, to update/ seed Aadhaar with their account.
- **Push E-mail:** In order to ease the process of providing information to customers calling the Bank's phone banking channel, your Bank has introduced the facility of push e-mail wherein e-mails consisting of the desired information viz. branch/ ATM Address, rate of interest, forms, etc. is being sent to the customers on their request.
- **Tracking of Complaint & Feedback on Resolution:** To facilitate real-time tracking of complaints by the customers, SMS intimation, containing the complaint ID, is sent to the customers after successful registration of his/ her grievance. Furthermore, the Bank has also put in place a system for tracking feedback on resolved complaints to check the quality of redressal. On closure of a complaint, an SMS is sent to the customer informing him/ her about the closure of the complaint with a provision for getting a feedback on effectiveness and quality of grievance redressal from the customer. In case, customers are not satisfied with the resolution provided, provision has been made to enable them to further escalate the complaint.

Your Bank captures customer feedback on an ongoing basis and uses it towards improvement of processes to delight customers. Your Bank also obtains customer feedback on quality of service at branches through Branch Level Customer Service Committee (BLCSC) meetings held every month in which customers from a cross-section of the society are invited. Your Bank obtains feedback from customers contacting the Call Centre on their interaction and resolution provided by the agent. Your Bank has augmented the training and skill development mechanism to empower and equip employees to deliver improved quality of customer service.

The Bank also conducts mystery shopping activities across the branches in order to evaluate the regulatory compliance and quality of customer service rendered to the customers. During FY 2017-18, customer feedback was obtained by utilising the services of an external agency. The findings are worked upon to bring about improvements in your Bank's customer service. As a result of its continued focus on customer service, your Bank was ranked as the No. 1 bank in Customer Experience Index by Forrester Research Inc. which was released in December 2017.

Your Bank is a member of the Banking Codes & Standards Board of India (BCSBI) and has adopted the Revised Code of Bank's Commitment to Customers as well as the Code of Bank's Commitment to Micro and Small Enterprises. Both the codes set minimum standards of banking practices. These have been placed on your Bank's website and are also made available to customers at the branches.

Corporate Communications

During the year, emphasis was laid on spreading positive news about your Bank by focusing on the turnaround plan and its implementation. The various social media pages of the Bank were used for disseminating details of products, services and special offers of your Bank. Also, localised activations were undertaken for promoting various products and services. In order to save cost, no major advertising initiative was undertaken by your Bank. During the year, your Bank received the *Best Website Award* at the 41st Annual Association of Development Financing Institutions in Asia and the Pacific (ADFIAP) meeting held in New Delhi.

Your Bank's internal communication agenda is focused on enabling effective exchange of important ideas as well as development in the field of banking and beyond and ensuring

that it permeates across various departments and branches of the Bank. Various initiatives were undertaken to motivate and engage with employees. These, inter alia, include launch of digital newsletter *'Abhyudaya'* which updates employees about the various developments in the Bank, videos from top management encouraging employees, motivational quotes on desktop of all employees, employee engagement through online quiz on Saturdays, etc.

Information Technology

Your Bank has continued to leverage its proven IT capabilities to offer a bouquet of financial services and products, embedded with latest technology and security features, to address the ever-growing demands and needs of its customers and further their banking experience/ convenience. Being one of the leading players in the technological banking domain, your Bank has deployed cutting-edge technology to cater to its customers' banking and financial requirements. Also, it continued to introduce technological innovations which aided in improving its operational convenience and also enhancing efficiency and security of its technological systems and the processes.

Your Bank continued to exploit its IT prowess by enabling 100% computerisation of its branches to improve the banking experience of the customers. Your Bank has Tier-3 Data Centres (a primary Data Centre (DC), a Disaster Recovery (DR) Site and a Near DR Site). The Bank has bolstered the green initiative by continuing the implementation of Server Virtualisation technology to lower energy consumption.

As a part of its continuing IT agenda for enhancing customer security and delight as well as for scientifically analysing customer needs and profiles, your Bank has simultaneously initiated several critical projects, such as Enterprise-wide Data Warehouse Solution and Enterprise-wide Fraud Risk Management Solution. During the period under review, your Bank has also implemented Automatic Loan Application Processing System (ALPS) for MSME and Agricultural loan application processing, e-Trade Finance application. Your Bank is in the process of upgrading its Core Banking Solution (CBS) to leverage the technological advancement for enhanced and delightful customer experience.

Centralised Operations

Your Bank has a state-of-the-art Central Processing Unit (CPU) for centralised services such as TDS on interest on term deposits, production and delivery of cards, PIN mailers, cheque books, account statements and other deliverables to customers, Demat account opening, Application Supported by Blocked Amount (ASBA), Syndicate ASBA and Loan Against Securities (LAS) etc. Similarly, your Bank has six state-of-the-art Regional Processing Units (RPUs) for opening of savings bank accounts, current accounts and fixed deposit accounts. The CPU and the RPUs ensure enhanced and uniform controls at the time of opening accounts from KYC and AML point of view, reduced Turn Around Time (TAT) and savings in cost.

Branch Operations Support and Policy

By disseminating latest information pertinent for the day-to-day operations among staff, your Bank ensures that all constituents are served with updated knowledge on products, operations and services. Your Bank has provided various solutions for the benefit of branches towards improving customer services like Locker Management Software, e-Registers, e-Reports and others.

Your Bank is at the forefront in the industry in ensuring Clean Note Policy of the RBI. The Bank has 18 state-of-the-art Currency Chests (CCs) which process cash from all the linked branches and provide clean notes for dispensing through ATMs and through branches.

Domestic Payment and Remittance Services

Your Bank facilitates payment and collection of paper-based payment instruments and processing of fund transfers through various electronic payment systems. Your Bank has three Centralised Clearing Grid Centres for handling clearing activities through Cheque Truncation System (CTS). There is also a centralised Electronic Transaction Processing Centre (ETPC) for handling the operational activities of all electronic payment and remittance services. In order to ensure seamless operations during emergency situations at any of the Grid Centres or ETPC, your Bank has put in place a cost-effective Business Continuity Plan at Hyderabad.

Corporate Social Responsibility (CSR)

Your Bank, in its endeavour to be a socially responsible entity, appreciates the importance of CSR activities in creating a meaningful and lasting improvement in the lives of the marginalised sections of the society. Your Bank's CSR activities embody its commitment to contribute to the sustainable social and economic development of the society. Your Bank has put in place a Board-approved CSR policy with effect from April 1, 2014 in compliance with Companies Act, 2013.

In consonance with the broad guidelines outlined in the Companies Act, 2013, there was no requirement for your Bank to incur any spends under CSR during the year under review. However, your Bank spent ₹ 1.36 crore towards select CSR interventions primarily towards commitments for projects carried forward from previous years. Your Bank, through these diverse CSR activities in areas as stipulated in the Companies Act 2013, *inter alia,* contributed towards providing improved access to health services, promoting education for children, ensuring environmental sustainability, promoting gender equality, enhancement of livelihood opportunities, advancement of vocational & employable skills and holistic development of villages by undertaking planned interventions.

Your Bank's CSR activities continue to be suitably recognised at various fora. Your Bank's CSR project of *'Water, Sanitation and Hygiene'* with United Nations Children's Fund (UNICEF) was conferred the SKOCH BSE Order-of-Merit Award 2017.

कॉरपोरेट अभिशासन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

मुकुंद एम. चितले एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
दूसरी मंजिल, कपूर हाउस,
परांजपे,'बी' स्कीम रोड नं. 1
विलेपार्ले (पूर्व), मुंबई 400 057
महाराष्ट्र

के. एस. अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ -7, लक्ष्मी मिल्स,
शक्ति मिल्स लेन,
(ऑफ डॉ ई मोज़ेस रोड),
महालक्ष्मी, मुंबई 400 011
महाराष्ट्र

जेएलएन यूएस एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
330/348। 3री मंजिल,
टॉवर ए, एटलांटिस के 10,
वडोदरा सेंट्रल के सामने,
साराभाई मेन रोड,
वडोदरा 390 007
गुजरात

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सदस्यगण

हमने सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 (सूचीबद्धता विनियमन) के प्रावधानों के अनुसार सूचीबद्धता विनियमन के विनियम 15(2) में विनिर्दिष्ट रूप में 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (बैंक) द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है.

सूचीबद्धता विनियमन में यथा निर्धारित रूप में कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन बैंक प्रबंधन की ज़िम्मेदारी है. हमारी जांच कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा तक सीमित थी. यह न तो बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा है और न ही उन पर राय की अभिव्यक्ति है.

हमारी राय एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी में तथा निदेशकों एवं प्रबंधन द्वारा दिए गए स्पष्टीकरणों और किए गए अभ्यावेदनों के अनुसार हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने उपर्युक्त सूचीबद्धता विनियमन में यथा निर्धारित रूप में कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है.

हम उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो बैंक की भावी अर्थक्षमता के बारे में और न ही बैंक के कार्यों को संचालित करने की प्रबंधन की कार्यकुशलता अथवा प्रभावकारिता के बारे में आश्वासन है.

कृते **मुकुंद एम. चितले एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन - 106655डब्ल्यू

अभय वी. कामत
साझेदार (सदस्यता सं. 39585)

कृते **के. एस. अय्यर एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन - 100186डब्ल्यू

सतीश केलकर
साझेदार (सदस्यता सं. 38934)

कृते **जेएलएन यूएस एंड कंपनी**
सनदी लेखाकार
एफआरएन - 101543डब्ल्यू

रामप्रसन्न अग्रवाल
साझेदार (सदस्यता सं. 119693)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 मई 2018

कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट

अभिशासन संहिता पर बैंक के दर्शन का संक्षिप्त विवरण

बैंक अपने परिचालनों में कॉरपोरेट अभिशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इसकी नीतियां व पद्धतियां न सिर्फ सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, बल्कि अपने अंशधारकों के सर्वोत्तम हित में काम करने की इसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं. अभिशासन के उच्च मानकों को बनाये रखने का दायित्व आपके बैंक के निदेशक मंडल तथा बोर्ड की विभिन्न समितियों पर है जिन्हें विधिक एवं विनियामकीय प्रावधानों तथा बैंकिंग परंपराओं के ढांचे के भीतर आवश्यक प्रकटीकरण करने सहित उत्कृष्ट कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के अधिकार प्राप्त हैं.

इस दिशा में बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इसके निदेशक मंडल का गठन निर्धारित मानदंडों के अनुसार होता रहे, निर्धारित अंतराल पर इसकी नियमित बैठकें हों, यह प्रभावी नेतृत्व प्रदान करे, प्रबंधन पर नियंत्रण रखे, कार्यपालकों के कार्य-निष्पादन पर निगरानी रखे तथा समुचित प्रकटीकरण करे. इसके अतिरिक्त, रणनीतिक नियंत्रण ढांचे की स्थापना और इसकी प्रभावशीलता की निरंतर समीक्षा तथा नीति निर्माण, कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए स्पष्ट दस्तावेजीकृत तथा पारदर्शी प्रबंध प्रक्रियाओं की स्थापना और निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण तथा रिपोर्टिंग बैंक के अन्य नीतिगत दिशानिर्देश हैं. बैंक बोर्ड को निर्बाध रूप से सभी संबद्ध सूचनाएं तथा संसाधन उपलब्ध कराता है जिससे वे अपनी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभा सकें.

निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का दायरा व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और बैंक के संस्था अन्तर्नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम 2015 (एलओडीआर विनियम) में यथावर्णित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं से शासित होता है. बोर्ड प्रत्यक्ष रूप से और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

मुख्य रूप से, कंपनी अधिनियम, 2013 और एलओडीआर विनियमावली के तहत निर्धारित संदर्भ की शर्तें निम्नानुसार हैं :

- शेयरधारकों से उनके शेयरों पर अप्रदत्त धनराशि के संबंध में मांग करना;
- कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 68 के तहत प्रतिभूतियों की वापसी खरीद हेतु प्राधिकृत करना;
- भारत में या भारत से बाहर डिबेंचरों सहित प्रतिभूतियों को जारी करना;
- धन उधार लेना;
- कंपनी की निधियों को निवेश करना;
- ऋण मंजूर करना या गारंटी देना या ऋणों के संबंध में प्रतिभूति उपलब्ध कराना;
- कंपनी के कारोबार में विविधता लाना;
- समामेलन, विलयन या पुनर्निर्माण को अनुमोदित करना;
- किसी कंपनी का अधिग्रहण करना या किसी अन्य कंपनी में नियंत्रण अर्जित करना या पर्याप्त हिस्सेदारी हासिल करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) को नियुक्त करना या हटाना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक से एक स्तर नीचे के अधिकारियों की नियुक्ति(यों) या निष्कासन(नों) को नोट करना;
- आंतरिक लेखापरीक्षकों और सचिवीय लेखापरीक्षक को नियुक्त करना;
- निदेशकों के हित और शेयरधारिता के प्रकटन को नोट करना;
- बैंक द्वारा धारित निवेशों (व्यापार निवेशों के अलावा) का क्रय-विक्रय जिसमें निवेशक कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का पांच प्रतिशत या उससे अधिक और निर्बंध प्रारक्षित निधियाँ शामिल हैं;
- यथास्थिति तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों या वित्तीय परिणामों और बोर्ड रिपोर्ट को अनुमोदित करना;
- गैर अनुपालन के मामलों में सुधार करने के लिए बैंक द्वारा की गई कार्रवाई के साथ बैंक पर लागू सभी कानूनों से संबंधित और अनुपालन रिपोर्टों की आवधिक समीक्षा करना;
- निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए आचार संहिता तैयार करना;
- बैंक के लिए जोखिम प्रबंधन योजना तैयार करना, कार्यान्वयन करना और निगरानी सुनिश्चित करना;
- स्वतंत्र निदेशकों का कार्य-निष्पादन मूल्यांकन करना;
- कॉरपोरेट रणनीति, कार्रवाई की प्रमुख योजनाओं, जोखिम नीति, वार्षिक बजट और कारोबार योजना की समीक्षा और मार्गदर्शन, कार्य-निष्पादन के उद्देश्यों की स्थापना, कार्यान्वयन और कॉरपोरेट कार्य-निष्पादन की निगरानी, और प्रमुख पूंजी व्यय, अधिग्रहण और विनिवेशों का निरीक्षण करना;
- बैंक के अभिशासन वाले कार्यों की प्रभावशीलता की निगरानी और उसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन करना;
- मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का चयन, मुआवज़ा, निगरानी, और जब आवश्यक हो, उनका प्रतिस्थापन और उत्तराधिकार योजना का निरीक्षण करना;
- सूचीबद्ध संस्था और उसके शेयरधारकों के दीर्घकालिक हितों के साथ मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों और निदेशकों के पारिश्रमिक को सुमेलित करना;

- निदेशक मंडल में विचार, अनुभव, ज्ञान, परिप्रेक्ष्य और लिंग की विविधता के साथ निदेशक मंडल के लिए पारदर्शी नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करना;
- कॉरपोरेट आस्तियों के दुरुपयोग और संबंधित पक्ष लेनदेनों के गलत उपयोग के साथ प्रबंधन, निदेशक मंडल के सदस्य और शेयरधारकों के हितों के संभावित टकरावों की निगरानी और प्रबंध करना;
- सूचीबद्ध संस्था के लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली के साथ स्वतंत्र लेखापरीक्षा की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करना और नियंत्रण की उचित प्रणाली, मुख्य रूप से जोखिम प्रबंधन, वित्तीय और परिचालनगत नियंत्रण प्रणाली लागू करना, कानून और प्रासंगिक मानदंडों के अनुपालन की व्यवस्था करना;
- प्रकटन और संचार प्रक्रिया की देखरेख;
- निदेशक मंडल की मूल्यांकन संरचना की निगरानी और समीक्षा;
- बैंक को रणनीतिक मार्गदर्शन उपलब्ध करने के लिए प्रबंधन की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना और बैंक और शेयरधारकों के लिए जवाबदेह होना;
- कॉरपोरेट संस्कृति और मूल्य निर्धारित करना जिसके अनुसार समूह के सभी कार्यपालकों को आचरण करना होगा;
- पूर्ण जानकारी के आधार पर, सद्भावना में, समुचित सावधानी और देखभाल के साथ बैंक और शेयरधारकों के सर्वोत्तम हित में कार्य करना;
- निदेशक मंडल के सदस्यों को अद्यतित जानकारी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निदेशकों के नियमित प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित करना;
- सभी शेयरधारकों के साथ न्यायपूर्वक व्यवहार करना;
- उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखना और शेयरधारकों के हितों का ध्यान रखना;
- कॉरपोरेट मामलों के बारे में वस्तुनिष्ठ स्वतंत्र निर्णय उद्देश्य का निष्पादन करना;
- जहां हितों के टकराव की संभावना हो, वहाँ निदेशक मंडल को कार्य करने के लिए स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम बनाने हेतु पर्याप्त गैर-कार्यकारी सदस्यों को नामित करने पर विचार करना;
- रणनीति, रणनीतिक पहल (जैसे कि अधिग्रहण), जोखिम क्षमता, एक्सपोज़र और बैंक के ध्यान देने योग्य मुख्य क्षेत्रों जैसी अंतर्निहित धारणाओं की चुनौती से कार्यपालक प्रबंधन की सहायता करने के लिए पीछे हटने की क्षमता. निदेशक मंडल की समितियों के अधिदेश, संरचना और कार्य प्रणाली को परिभाषित और प्रकट करना;
- निदेशक मंडल के एक सदस्य के रूप में और निदेशक मंडल की समिति के एक सदस्य के रूप में स्वतंत्र निदेशकों को अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करने के लिए सुविधा प्रदान करना;
- विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई)/ भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन करना.

31 मार्च 2018 को बैंक के बोर्ड में 10 निदेशक थे, जिसमें कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री महेश कुमार जैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक व श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक; गैर कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री पंकज जैन और श्री प्रवीण गर्ग, केंद्र सरकार के नामिती तथा स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, डॉ. आशिमा गोयल और श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी शामिल थे. मई 2018 के दौरान स्वतंत्र निदेशक श्री एस. रवि तथा श्री निनाद कर्पे ने बोर्ड से त्यागपत्र दे दिया जबकि भारत सरकार ने केंद्र सरकार के नामिती, श्री प्रवीण गर्ग के स्थान पर श्री सुधीर श्याम को नियुक्त किया. स्वतंत्र निदेशकों के दो (2) रिक्त पदों को भरने के लिए बोर्ड ने 19 मई 2018 से अतिरिक्त निदेशकों के रूप में श्री समरेश परिडा और श्री एन. जंबुनाथन को नियुक्त किया है. संस्था अंतर्नियम 116(1) के अंतर्गत निर्दिष्ट बोर्ड में 13 निदेशकों की कुल संख्या की तुलना में वर्तमान में 10 (दस) निदेशकों की संख्या संस्था अंतर्नियम के अंतर्नियम 114(ए) की अपेक्षाओं को पूरा करती है.

निदेशकों के बीच परस्पर संबंध

आपके बैंक के बोर्ड में किसी भी निदेशक का किसी अन्य निदेशक से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंध नहीं है.

बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम

बोर्ड की बैठकों के लिए कोरम कुल संख्या का एक तिहाई अथवा दो (2) निदेशक, इनमें से जो भी अधिक हो, होगा, बशर्ते कि इनमें कम से कम एक निदेशक केंद्र सरकार का नामिती निदेशक हो.

बोर्ड की बैठकों की बारंबारता

बोर्ड की बैठकें आम तौर पर एक वर्ष में कम से कम छह बार और प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार आयोजित की जाएंगी तथा बोर्ड की लगातार दो बोर्ड बैठकों के बीच एक सौ बीस दिनों से ज्यादा का अंतराल नहीं होना चाहिए.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2017 - 31 मार्च 2018) के दौरान बोर्ड की कुल सोलह बैठकें 28 अप्रैल 2017, 18 मई 2017, 19 मई 2017, 30 मई 2017, 30 जून 2017, 14 अगस्त 2017, 8 सितम्बर 2017, 21 सितम्बर 2017, 9 अक्तूबर 2017, 31 अक्तूबर 2017, 27 नवंबर 2017, 20 दिसंबर 2017, 15 जनवरी 2018, 31 जनवरी 2018, 16 फरवरी 2018 और 21 मार्च 2018 को संपन्न हुईं. इनमें से 8 सितंबर 2017 को बेंगलुरु में आयोजित एक बैठक तथा 16 फरवरी 2018 को दिल्ली में आयोजित एक बैठक को छोड़कर शेष सभी बैठकें मुंबई में आयोजित की गईं.

आपके बैंक के प्रत्येक निदेशक की बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति, गत वार्षिक महासभा (एजीएम) में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में उनकी निदेशकता और समितियों में सदस्यता का ब्योरा तालिका 1 में दिया गया है.

तालिका 1 : निदेशकों की बोर्ड की बैठकों और वार्षिक महा सभा में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में निदेशकता और समितियों में सदस्यता

निदेशक का नाम	बैंक के बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (संपन्न बैठकों की कुल संख्या - 16)	18 जुलाई 2017 को संपन्न पिछली वार्षिक महासभा में उपस्थिति	अन्य कंपनियों (अन्य सार्वजनिक कंपनियां) में निदेशकता	अन्य कंपनियों में एसीबी/ एसआरसी सदस्यता (अध्यक्षता)
1	2	3	4	5
पूर्णकालिक निदेशक				
श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ (डीआईएन-03513127)	16(16)	उपस्थित	0(0)	0(0)
श्री के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 02611496)	16(16)	उपस्थित	2(2)	0(0)
श्री जी.एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 01432796)	16(16)	उपस्थित	3(3)	0(0)
गैर-कार्यपालक निदेशक				
श्री पंकज जैन (डीआईएन - 00675922)	15(16)	उपस्थित नहीं	6(6)	0(0)
श्री प्रवीण गर्ग * (डीआईएन - 00208604)	14(16)	उपस्थित नहीं	1(1)	0
स्वतंत्र निदेशक				
श्री एस. रवि * (डीआईएन - 00009790)	16(16)	उपस्थित	10(7)	7(2)
श्री निनाद कर्पे * (डीआईएन - 00030971)	13(16)	उपस्थित	7(4)	3(1)
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी (डीआईएन - 00603925)	15(16)	उपस्थित नहीं	1(1)	0(0)
सुश्री नीरू अबरोल (डीआईएन - 01279485) (18.07.2017 तक)	5(5)	लागू नहीं	6(6)	6(3)
डॉ आशिमा गोयल (डीआईएन - 00233635) (28.04.2017 से)	14(15)	उपस्थित	3(2)	1(1)
श्री बी. बी. जोशी (डीआईएन - 06713850) (09.10.2017 से)	3(7)	लागू नहीं	0(0)	0(0)

कॉलम 4 में कोष्ठक में दिए गए आंकड़े सार्वजनिक कंपनियों में निदेशकता और कॉलम 5 में कोष्ठक में दिए गए आंकड़े समितियों की अध्यक्षता की संख्या दर्शाते हैं.

** मई 2018 के दौरान स्वतंत्र निदेशक श्री एस. रवि तथा श्री निनाद कर्पे ने बोर्ड से त्यागपत्र दे दिया जबकि भारत सरकार द्वारा केंद्र सरकार के नामिती, श्री प्रवीण गर्ग के स्थान पर श्री सुधीर श्याम को नियुक्त किया गया. स्वतंत्र निदेशकों के 2 (दो) रिक्त पदों को भरने के लिए बोर्ड ने 19 मई 2018 से अतिरिक्त निदेशकों के रूप में श्री समरेश परिडा और श्री एन. जंबुनाथन को नियुक्त किया.*

अ. बोर्ड की समितियां

बोर्ड की कुल 15 समितियां हैं, यथा:

- बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
- पारिश्रमिक समिति
- कार्यपालक समिति
- नामांकन समिति
- हितधारक संबंध समिति
- मानव संसाधन संचालन समिति
- धोखाधड़ी निगरानी समिति
- वसूली समीक्षा समिति
- जोखिम प्रबंध समिति
- स्वतंत्र निदेशक समिति
- कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति
- असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति
- ग्राहक सेवा समिति
- इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति
- सूचना प्रौद्योगिकी समिति

1. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2018 को बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) में अध्यक्ष सहित छः सदस्य थे जिसमें श्री एस. रवि, सनदी लेखाकार और स्वतंत्र निदेशक, समिति के अध्यक्ष थे तथा श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, श्री निनाद कर्पे, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी और डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक इसके अन्य सदस्य थे. श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक और श्री प्रवीण गर्ग, सरकारी निदेशक एसीबी में स्थाई विशेष आमंत्रिती हैं. एसीबी की भूमिका और उसके अधिकार कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों, रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों और एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग सी के साथ पठित विनियम 18 के अनुसार हैं. कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित संदर्भ की मदें निम्नानुसार हैं :

- कंपनी के लेखापरीक्षकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक और नियुक्ति की शर्तों की सिफारिश करना;
- लेखापरीक्षकों की स्वतंत्रता और कार्य निष्पादन तथा लेखापरीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा और निगरानी;
- वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की जांच करना;
- संबद्ध पक्षों के साथ कंपनी के लेनदेनों का अनुमोदन अथवा तदनंतर कोई संशोधन;
- आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और जोखिम प्रबंधन तंत्रों का मूल्यांकन;
- सार्वजनिक प्रस्तावों के ज़रिये जुटायी गई निधियों के अंतिम उपयोग और संबंधित मामलों की निगरानी;

  कंपनी अधिनियम 2013, एलओडीआर विनियमावली, रिज़र्व बैंक और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार लेखा परीक्षा समिति की व्यापक भूमिकाएं और उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- संवेदनशील क्षेत्रों को ऋण सहायता, अर्थात्

  (क) पूंजी बाज़ार;

  (ख) रियल इस्टेट;

- अपने ग्राहक को जानिए/ धन शोधन निवारक (केवाईसी / एएमएल) दिशानिर्देश-

  i. कार्यान्वयन की समीक्षा;

  ii. शाखाओं में केवाईसी/ एएमएल दिशानिर्देशों के पालन के संबंध में संगामी लेखापरीक्षा रिपोर्टों के अनुपालन की समीक्षा;

- हाउस कीपिंग की समीक्षा - विशेषकर लंबे समय से बकाया प्रविष्टियों उचंत/ विविध/ देय/ प्रदत्त/ ड्राफ्ट/ मार्गस्थ निधियाँ/ समाशोधन/ सहायक सामान्य खाताबही (एसजीएल)/ संघटक सहायक सामान्य खाताबही (सीएसजीएल) खातों का संतुलन और समाधान;
- रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए वार्षिक वित्तीय निरीक्षण के संबंध में अनुपालन की समीक्षा (जब तक बैंक पूर्ण अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देता, एसीबी को निरंतर आधार पर इसकी समीक्षा करनी चाहिए. एसीबी को रिज़र्व बैंक की निरीक्षण रिपोर्टों में दर्शायी गयी कमियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए);
- लेखापरीक्षा योजना और इसकी उपलब्धियों की स्थिति की समीक्षा;
- महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों/निम्नलिखित लेखापरीक्षाओं में पायी गयी आंतरिक नियंत्रण कमियों की उसके अनुपालन सहित समीक्षा- (i) लांग फॉर्म लेखा परीक्षा रिपोर्ट (एलएफएआर) (ii) संगामी लेखापरीक्षा (iii) आंतरिक निरीक्षण (iv) सूचना प्रणाली डाटा सेंटर और अन्य विभागों की लेखापरीक्षा (v) ट्रेज़री और डेरिवेटिव (vi) नियंत्रण कार्यालयों/ प्रधान कार्यालयों में प्रबंधन लेखापरीक्षा (vii) सेवा शाखाओं की लेखापरीक्षा (viii) करेंसी चेस्ट (ix) विदेशी मुद्रा विनिमय में संव्यवहार करने के लिए प्राधिकृत शाखाओं की विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) लेखापरीक्षा आदि;
- एसीबी/ बोर्ड/ रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेशों पर अनुपालन रिपोर्ट;
- समुद्रपारीय शाखाओं के संबंध में मेज़बान देशों में विनियामकों की विनियामकीय अपेक्षाओं पर अनुपालन रिपोर्ट;
- प्रबंधन चर्चा, समीक्षा, वित्तीय स्थिति के विश्लेषण, प्रबंधन पत्रों/ सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा आंतरिक नियंत्रण की कमियों के बारे में जारी पत्रों सहित तिमाही के वित्तीय परिणामों की समीक्षा;
- विवेकाधिकार शक्तियों के प्रयोग में विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा उल्लंघन संबंधी जानकारी की समीक्षा;
- उधारकर्ता कंपनियों में उनकी प्रदत्त पूंजी के 30% से अधिक की इक्विटी शेयर धारिता के संबंध में जानकारी;
- मार्च, जून, सितम्बर और दिसम्बर को समाप्त तिमाही के दौरान रिपोर्ट किए गए सभी धोखाधड़ी के मामलों की समीक्षा;
- संबद्ध पक्षों के साथ लेन-देनों की समीक्षा;
- (क) जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति, (ख) संगामी लेखापरीक्षा नीति और (ग) आईएस लेखापरीक्षा नीति की समीक्षा;
- बैंक के खातों में अधिक पारदर्शिता लाने और लेखांकन मानकों की पर्याप्तता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंक की लेखांकन नीतियों/ प्रणालियों की समीक्षा; वर्ष के दौरान किसी भी परिवर्तन और उसके परिणाम की समीक्षा. इस आशय की पुष्टि कि लेखांकन नीतियों का अनुपालन लेखांकन मानदंडों और रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशो के अनुसार किया गया है;

- आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफ की संख्या तथा विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग संरचना, कवरेज और आंतरिक लेखापरीक्षा की बारंबारता सहित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा;
- बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समीक्षा;
- बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की समीक्षा;
- सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति, लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और कार्य निष्पादन तथा देशी और समुद्रपारीय परिचालनों दोनों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की निगरानी और समीक्षा;
- निदेशक मंडल के अनुमोदन हेतु प्रस्तुति से पूर्व एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग सी के बिन्दु क (4) में दर्शाई गयी (क) से (छ) की मदों के विशेष संदर्भ में वार्षिक लेखों/ वित्तीय विवरणों और इस पर लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट की समीक्षा;
- सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा दी गई अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए लेखापरीक्षकों को किए जाने वाले भुगतान का अनुमोदन करना;
- लेखापरीक्षा शुरू होने से पूर्व उसके स्वरूप और कार्य-क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ विचार-विमर्श तथा साथ ही चिंताजनक विषयों का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षा के उपरांत विचार-विमर्श;
- विभिन्न कानूनों और संविधियों के तहत बैंक पर लगाए गए दंडों/ दंडात्मक कार्रवाई और सुधारात्मक उपायों के लिए की गयी कार्रवाई;
- आंतरिक/ बाह्य लेखापरीक्षकों द्वारा पता लगाई गई राजस्व हानि की रिपोर्ट और इसकी वसूली की स्थिति की समीक्षा; कमतर राजस्व के कारण और राजस्व हानियों को रोकने के लिए की गई कार्रवाई;
- ऑफर दस्तावेजों और निधियों के सार्वजनिक निर्गम (सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा प्रमाणित) के जरिये जुटाई गई निधियों के अंतिम उपयोग पर रिपोर्ट और साथ ही साथ, (I) विनियमावली 32(1) के अनुसार निगरानी एजेंसी रिपोर्ट सहित विचलन(नों) के तिमाही विवरण और (II) एलओडीआर विनियमावली के विनियम 32(7) के अनुसार ऑफर दस्तावेज में उल्लिखित उद्देश्यों के अलावा अन्य के लिये उपयोग की गई निधियों का वार्षिक विवरण;
- जमाकर्ताओं, डिबेंचर धारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न होने के मामले में) और लेनदारों को भुगतान में वास्तविक चूक के कारणों की समीक्षा;
- असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किए गए विशेष निवेशों सहित वित्तीय विवरणियों की समीक्षा;
- पहली बार हुए एनपीए की समीक्षा;
- ₹ 1 करोड़ और उससे अधिक के नकारे गए चेक;
- संगामी लेखापरीक्षा प्रणाली की वार्षिक समीक्षा;
- वार्षिक लेखापरीक्षा योजना का अनुमोदन;
- आउटसोर्स वेंडरों की लेखापरीक्षा की वार्षिक समीक्षा;
- सतर्कता तंत्र की कार्य प्रणाली (पूर्व में विसिल ब्लोअर तंत्र) की समीक्षा;
- (i) मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) (ii) मुख्य आंतरिक लेखा-परीक्षक और (iii) मुख्य अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति का अनुमोदन;
- बैंक के उपक्रमों और आस्तियों का मूल्यांकन, जहां कहीं भी आवश्यक हो;
- बैंक के लेखों को प्रभावित करने वाले रिज़र्व बैंक के परिपत्र;
- अनुपालन स्थिति सहित पिछली बैठकों में एसीबी/ एसीबी अध्यक्ष द्वारा दिये गए विशेष निदेश;
- अंगीकार करने के उद्देश्य से वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) को रिपोर्ट किए गए एनपीए/वसूली संबंधित मामले;
- विनियामक/ सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई)/ भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एसीबी की बैठकों के लिए कोरम

एसीबी बैठकों के लिए कोरम सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई अथवा दो (2) सदस्य, इनमें से जो अधिक हो, किन्तु इनमें कम से कम दो स्वतंत्र निदेशक होंगे.

एसीबी बैठकों की बारंबारता

एसीबी की वर्ष में कम से कम चार बैठकें होंगी और एसीबी की लगातार दो बैठकों के बीच एक सौ बीस दिन से अधिक का अंतराल नहीं होगा.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2017 - 31 मार्च 2018) के दौरान एसीबी की 14 बैठकें 18 मई 2017, 29 मई 2017, 30 जून 2017, 14 अगस्त 2017, 30 अगस्त 2017, 8 सितंबर 2017, 9 अक्तूबर 2017, 31 अक्तूबर 2017, 27 नवम्बर 2017, 20 दिसंबर 2017, 31 जनवरी 2018, 16 फरवरी 2018, 28 फरवरी 2018 और 21 मार्च 2018 को संपन्न हुईं.

2. कार्यपालक समिति (ईसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कार्यपालक समिति (ईसी) ऋणों और अग्रिमों की मंजूरी, निबंधनों एवं शर्तों में संशोधन आदि सहित ऋण अनुमोदन के सभी मामलों पर विचार करती है.

31 मार्च 2018 को कार्यपालक समिति (ईसी) में पाँच सदस्य थे जिसमें अध्यक्ष के रूप में सर्वश्री महेश कुमार जैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा अन्य सदस्यों के रूप में के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, एस. रवि, निनाद कर्पे एवं भुवनचन्द्र बी. जोशी, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

कार्यपालक समिति की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- ₹ 250 करोड़ से अधिक के एक्सपोजर वाले उच्च मूल्य ऋण प्रस्तावों की मंजूरी
- कार्यपालक समिति द्वारा मंजूरी संबंधी बनाए गए निबंधनों और शर्तों में संशोधन;
- ऋण समितियों के कार्यवृत्त की रिपोर्टिंग;
- एकबारीय निपटान हेतु प्रस्तावों की मंजूरी;
- निम्नलिखित को ₹ 25 लाख से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी:
  - (i) अन्य बैंकों के निदेशक (अध्यक्ष/ प्रबंध निदेशक सहित)
  - (ii) कोई फ़र्म जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों; और

(iii) कोई कंपनी जिसमें अन्य बैंकों के कोई निदेशक पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों;

- निम्नलिखित को ₹ 25 लाख से अधिक के एक्सपोजर वाले प्रस्तावों के संबंध में मंजूरी :
  i. बैंक के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या अन्य बैंकों के निदेशकों के कोई संबंधी,
  ii. अन्य बैंकों के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक या अन्य निदेशकों के कोई संबंधी,
  iii. कोई फ़र्म जिसमें (i) और (ii) में किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी साझेदार या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों, और
  iv. कोई कंपनी जिसमें (i) और (ii) में किए गए उल्लेख के अनुसार उनके कोई संबंधी पर्याप्त हित रखते हों या निदेशक या गारंटर के रूप में हितबद्ध हों,
- प्रतिभूतीकरण पोर्टफोलियो की मंजूरियों की रिपोर्टिंग,
- प्रथम बार एनपीए (एफ़टीएनपीए) मामलों की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित मामलों के संबंध में प्रतिभूति सृजन की स्थिति की समीक्षा और रिपोर्टिंग;
- बकायों और प्राप्य राशियों के निवेश लिखत(तों) में परिवर्तन के लिए प्रस्ताव;
- प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) /अनुवर्ती सार्वजनिक प्रस्ताव (एफ़पीओ)/अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) में बोली लगाने के लिए अनुमोदन;
- कंपनियों/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) की प्रतिभूति रसीदों/उद्यम एवं निजी इक्विटी फंड/म्युचुअल फंड के नए फंड प्रस्ताव (एनएफ़ओ), आदि के इक्विटी/अधिमान्य शेयरों/परिवर्तनीय/गैर परिवर्तनीय डिबेंचरों, बांडों आदि (सममूल्य/प्रीमियम पर) में निवेश;
- विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई) / भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

ईसी की बैठकों के लिए कोरम

ईसी की बैठकों के लिए कोरम कार्यपालक समिति की कुल संख्या का एक तिहाई या कार्यपालक समिति के दो (2) सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

ईसी की बैठक की बारंबारता

कार्यपालक समिति की बैठकें जरूरत के अनुसार और वर्ष में कम से कम चार बार होगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018) के दौरान कार्यपालक समिति की कुल 23 बैठकें हुईं जो 12 अप्रैल 2017, 27 अप्रैल 2017, 18 मई 2017, 30 मई 2017, 20 जून 2017, 27 जून 2017, 29 जून 2017, 18 जुलाई 2017, 8 अगस्त 2017, 30 अगस्त 2017, 20 सितंबर 2017, 9 अक्तूबर 2017, 30 अक्तूबर 2017, 20 नवंबर 2017, 12 दिसंबर 2017, 26 दिसंबर 2017, 28 दिसंबर 2017, 15 जनवरी 2018, 31 जनवरी 2018, 16 फरवरी 2018, 28 फरवरी 2018, 20 मार्च 2018 और 27 मार्च 2018 को सम्पन्न हुईं.

3. हितधारक संबंध समिति (एसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2018 को आपके बैंक की हितधारक संबंध समिति (एसआरसी) में चार सदस्य थे जिसमें डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक बैठक की अध्यक्षता करती हैं तथा श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक और श्री एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक अन्य सदस्य हैं. समिति का गठन शेयरधारकों और निवेशकों के शेयर अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने आदि संबंधी शिकायतों का निवारण करने के लिए किया गया है. यह समिति कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 तथा एलओडीआर विनियमावली के विनियम 20 तथा अनुसूची II के भाग डी के अंतर्गत उपबंधित विचारार्थ विषयों के अनुसार कार्य करती है. एसआरसी की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नलिखित अनुसार हैं:

(i) एसआरसी विशेष रूप से शेयरधारकों, बांडधारकों और अन्य प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों के निवारण की व्यवस्था पर ध्यान रखेगी;

(ii) एसआरसी शेयर के अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त न होने, घोषित लाभांश प्राप्त न होने से संबन्धित शिकायतों सहित बैंक के सभी प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों पर विचार तथा उनका समाधान करेगी;

(iii) उपर्युक्त बिन्दु (i) और (ii) में दिए गए अधिदेश को पूरा करने के लिए एसआरसी अपनी प्रत्येक बैठक में इक्विटी सर्विसिंग और बांड सर्विसिंग रिपोर्टों पर विचार तथा उनकी समीक्षा करेगी और जरूरी होने पर इस संबंध में निदेश जारी करेगी;

(iv) इक्विटी सर्विसिंग संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा;

(v) फ्लेक्सीबांडों की सर्विसिंग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा;

(vi) शेयर पूंजी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के समाधान विवरण की रिपोर्टिंग;

(vii) स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत निवेशकों की शिकायतों के विवरण की रिपोर्टिंग;

(viii) विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई)/भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एसआरसी बैठकों के लिए कोरम

एसआरसी की बैठकों के लिए कोरम एसआरसी की कुल संख्या का एक तिहाई या दो (2) सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

एसआरसी की बैठकों की बारंबारता

एसआरसी की बैठकें तिमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018) के दौरान एसआरसी की चार बैठकें दिनांक 30 जून 2017, 21 सितंबर 2017, 12 दिसंबर 2017 और 28 फरवरी 2018 को सम्पन्न हुईं.

4. धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

₹ 1 करोड़ तथा इससे अधिक की राशि के धोखाधड़ी मामलों की निगरानी तथा उनका अनुवर्तन करने के लिए एक विशेष समिति के रूप में धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफ़एमसी) का गठन किया गया है. इसका गठन धोखाधड़ी का पता लगाने, उन पर निगरानी रखने और उनसे निपटने के लिए किया गया है.

31 मार्च 2018 को धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफ़एमसी) में 6 सदस्य थे जिसमें सर्वश्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ, के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, ज्ञान प्रकाश जोशी, भुवनचन्द्र बी. जोशी एवं डॉ. आशिमा गोयल स्वतंत्र निदेशकगण इसके सदस्य थे.

एफएमसी की व्यापक भूमिका एवं उसके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- प्रणालीगत कमी, यदि कोई है, जिससे धोखाधड़ी संभव हुई, की पहचान करना तथा उसे रोकने के लिए उपाय सुझाना;
- धोखाधड़ी, यदि कोई है, का पता लगाने में विलंब के कारणों की पहचान करना तथा बैंक के शीर्ष प्रबंधन और रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट करना;
- सीबीआई/पुलिस द्वारा जांच पड़ताल में प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी करना;
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में सभी स्तरों पर स्टाफ जवाबदेही की जांच हो तथा बिना समय गँवाए तत्काल कार्रवाई, यदि अपेक्षित हो, पूरी हो;
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई की प्रभावोत्पादकता, जैसे आंतरिक नियंत्रण को मजबूत करना, की समीक्षा करना;
- रेड फ्लैग खातों तथा बकाया रेड फ्लैग खातों के बारे में की गई उपचारात्मक कार्रवाई/दिए गए जांच आदेश की स्थिति की समीक्षा करना;
- धोखाधड़ी के मामलों में स्टाफ जवाबदेही प्रक्रिया के पूरा होने और उस पर की गई कार्रवाई को नोट करना;
- सीबीआई/पुलिस आदि द्वारा जांच किए जा रहे मामलों से वसूली सहित धोखाधड़ी मामलों में वसूली की स्थिति;
- बैंक में सतर्कता कार्यकलापों की समीक्षा;
- विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई) / भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

एफएमसी की बैठकों के लिए कोरम

एफ़एमसी बैठकों के लिए कोरम एफएमसी के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई या दो (2) सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

एफएमसी बैठकों की बारंबारता

₹ 1 करोड़ और उससे अधिक राशि की धोखाधड़ी के मामले प्रकाश में आने पर धोखाधड़ी निगरानी समिति की बैठक आयोजित करना अपेक्षित होता है और उसमें मामले की समीक्षा की जाती है.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018) के दौरान एफएमसी की सात बैठकें दिनांक 27 अप्रैल 2017, 18 मई 2017, 30 जून 2017, 14 अगस्त 2017, 9 अक्तूबर 2017, 28 दिसंबर 2017 तथा 21 मार्च 2018 को संपन्न हुईं.

5. जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन करने, उनमें कमी लाने का प्रयास करने, आस्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का भी समाधान करने और साथ ही बैंक की जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी एवं समीक्षा करने के लिए जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) का गठन किया गया है. आरएमसी एलओडीआर विनियमावली के विनियम 21 के अंतर्गत उपबंधित अधिदेश/ विचारार्थ विषयों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करती है.

बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) में छह सदस्य अर्थात् सर्वश्री भुवनचन्द्र बी. जोशी, अध्यक्ष के रूप में, के.पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, प्रवीण गर्ग, सरकारी नामिती निदेशक, ज्ञान प्रकाश जोशी एवं एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक, सदस्य के रूप में शामिल थे.

आरएमसी समिति की व्यापक भूमिका एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैं:

- चलनिधि जोखिम सहित बैंक के समक्ष आने वाले सभी जोखिमों का मूल्यांकन करना;
- अन्य जोखिमों के साथ चलनिधि जोखिम के संभाव्य प्रभाव को आरएमसी द्वारा निवारण किए जा रहे जोखिमों में भी शामिल किया जाए;
- नकदी प्रवाह के अनुमानों की रिपोर्टिंग, चलनिधि जोखिम, प्रयुक्त धारणाओं का मापन;
- बोर्ड को नीतियों यथा-ऋण नीति, वसूली नीति, निधि प्रबंधन नीति, जोखिम प्रबंधन नीति, आस्ति देयता नीति, परिचालनगत जोखिम तथा कारोबार निरंतरता प्रबंधन (ओआर एवं बीसीएम) नीति, डीआईएफ़सी शाखा एएलएम नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति, बाजार जोखिम तथा डेरिवेटिव नीति, देशी जोखिम प्रबंधन नीति एवं देशी जोखिम सीमाएं, निवेश नीति आदि की सिफ़ारिश करना;
- जोखिम प्रबंधन प्रणाली/ एएलएम एवं जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- परिचालनगत जोखिम एवं कारोबार निरंतरता प्रबंधन पर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा;
- जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा के कार्यान्वयन में प्रगति की समीक्षा;
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो की बाजार जोखिम रिपोर्ट की समीक्षा;
- दबाव परीक्षण के परिणामों की समीक्षा;

- जोखिम प्रबंधन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा;
- आंतरिक रेटिंग का अंतरण और चूक विश्लेषण;
- आस्ति देयता प्रबंधन समीक्षा;
- बासेल III कार्यान्वयन तथा जोखिम प्रबंधन विभाग के अन्य कार्यकलापों की समीक्षा;
- संपार्श्विक प्रबंधन तथा ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) तकनीक पर नीति;
- प्रणाली, उत्पाद अनुमोदन एवं समीक्षा समिति (स्पार्क) I एवं II के कार्यवृत्त की रिपोर्टिंग;
- बासेल II तथा III के लिए तैयारी की स्थिति की समीक्षा;
- प्रतिपक्षकार बैंक सीमाओं एवं घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बैंकों के लिए सीमाओं के आबंटन पर नीति;
- ऋण एक्सपोजर - मानदंडों की समीक्षा तथा उनका अनुपालन;
- विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई) / भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

आरएमसी की बैठकों के लिए कोरम

आरएमसी की बैठकों के लिए कोरम, आरएमसी के कुल सदस्यों की संख्या का एक तिहाई या दो (2) सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

आरएमसी बैठकों की बारंबारता

जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक तिमाही आधार पर आयोजित की जाएगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018) के दौरान आरएमसी की कुल सात बैठकें 28 अप्रैल 2017, 29 जून 2017, 20 सितंबर 2017, 27 नवंबर 2017, 19 दिसंबर 2017, 28 फरवरी 2018 एवं 20 मार्च 2018 को संपन्न हुईं.

6. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अंतर्गत बोर्ड की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी) का गठन किया गया है. 31 मार्च 2018 को समिति में श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ, श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री ज्ञान प्रकाश जोशी एवं डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक इसके सदस्य थे.

सीएसआर समिति के प्राथमिक दायित्व निम्नानुसार हैं:

(i) कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति तैयार कर बोर्ड को उसकी सिफारिश करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में दिये गए अनुसार बैंक द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों की जानकारी दी गई हो;

(ii) खंड (i) में दिए गए कार्यकलापों पर होने वाले व्यय की राशि की सिफारिश करना;

(iii) बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति की समय-समय पर निगरानी करना; और

(iv) विनियामकीय/सांविधिक अपेक्षाओं अथवा भारत सरकार (जीओआई) / भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किए गए निर्देशों के जरिए इसे सौंपी गई अन्य किसी भूमिका का निर्वहन.

सीएसआरसी बैठकों के लिए कोरम

सीएसआरसी की बैठकों के लिए कोरम, सीएसआरसी के सदस्यों की कुल संख्या का एक तिहाई या दो (2) सदस्य, जो भी अधिक हो, होगा.

सीएसआरसी की बैठकों की बारंबारता

सीएसआरसी की बैठकें छमाही आधार पर आयोजित की जाएंगी.

आयोजित बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018) के दौरान सीएसआर की कुल दो बैठकें 27 अप्रैल 2017 और 30 अक्तूबर 2017 को संपन्न हुईं.

7. ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंकिंग प्रणाली में ग्राहक संरक्षण तथा सेवाओं के लिए अभिशासन संरचना को मजबूत बनाने और साथ ही बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से नीतियां बनाने और उनके आंतरिक अनुपालन का आकलन करने के लिए ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) का गठन किया गया है.

31 मार्च 2018 को ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) में छह सदस्य अर्थात् श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ, श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक, श्री जी. एम. यादवाडकर, उप प्रबंध निदेशक, श्री पंकज जैन, सरकारी नामिती निदेशक, श्री निनाद कर्पे एवं श्री ज्ञान प्रकाश जोशी, स्वतंत्र निदेशक शामिल थे.

2	नामची, सिक्किम में डिजाइनर मोमबत्तियों और अन्य स्थानीय हैंडीक्राफ्टों की मार्केटिंग हेतु एक शोरूम की स्थापना के लिए और तीन वर्ष तक की इसकी पोरिचालन लागत में सहयोग करने के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजना	अन्य	नामची, सिक्किम	16,90,000	2,00,000	0	16,90,000	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम, गुवाहाटी, असम
3	तीन वर्ष की अवधि में नियोजित हस्तक्षेपों के द्वारा मोरीगाँव जिले के आमकोटा गाँव का एक आदर्श ग्राम के रूप में विकास	ग्रामीण विकास परियोजनाओं को वित्त पोषण	अन्य	मोरीगाँव,असम	35,55,200	5,64,090	0	35,55,200	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि, गुवाहाटी, असम
4	तीन वर्ष की अवधि के लिए सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत वडोदरा जिले के करनाली समूह पंचायत के चार गाँवों में कौशल विकास कार्यक्रम और नए माइक्रो उपक्रम को सक्रिय सहायता के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजना	अन्य	वडोदरा, गुजरात	60,75,000	13,20,806	0	38,29,476	भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात
5	एक वर्ष की अवधि के लिए सम्पूर्ण संरचना और चिकित्सा उपकरण के साथ दस मोटरसाइकल प्रथम उत्तरदाता वाहन (बाइक एम्बुलेन्स) की खरीद और परिचालनगत व्यय के लिए वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन परियोजना	अन्य	मुंबई, महाराष्ट्र	1,67,00,000	13,01,432	3,05,437	16,06,869	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुंबई, महाराष्ट्र
6	तारुगाँव, लद्दाख में आईडीबीआई टीआईएसएस लद्दाख परियोजना के तहत बाढ़ क्षतिग्रस्त कार्य के लिए अनुपूरक वित्तीय सहायता	ग्रामीण विकास परियोजनाओं को वित्त पोषण	अन्य	लेह, लद्दाख, जम्मू और कश्मीर	8,92,000	8,92,000	0	8,92,000	टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई, महाराष्ट्र

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गयी राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (रुपये में)*	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (रुपये में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि*
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) जिला व राज्य विनिर्दिष्ट करें, जहाँ परियोजना या कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय#		
7	यवतमाल जिला, महाराष्ट्र में रालेगाँव प्रखण्ड के सोनुरली एवं वालनगर गाँव के चौथे जलसंभर विकास कार्यक्रम के संचालन हेतु वित्तीय सहायता	पर्यावरणीय धारणीयता परियोजना सुनिश्चित करना	स्थानीय	यवतमाल, महाराष्ट्र	10,00,000	5,00,000	0	10,00,000	दिलासा संस्था, यवतमाल, महाराष्ट्र
8	मिज़ोरम के सइहा जिले में मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए अक्षमता अनुकूल विशेष स्कूल के बचे हुए हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण करने और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजना	अन्य	सइहा, मिज़ोरम	30,00,000	12,00,000	0	24,00,000	मारा, टी.टी. चाको एंड अब्राहम चैरिटेबल ट्रस्ट, सइहा, मिज़ोरम
9	आँखों की देखभाल के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिकता सेवाएँ प्रदान करने हेतु रांची की झुग्गी-झोपड़ियों में नेत्रों की देखभाल पहल कार्य के लिए वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन परियोजना	अन्य	रांची, झारखंड	23,29,000	9,31,600	0	23,29,000	रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी फॉर द ब्लाइंड (साइटसेवर्स) नई दिल्ली
10	महाराष्ट्र के नांदेड़ और उस्मानाबाद जिलों में पानी ले जाने के लिए 600 ग्रामीण महिलाओं को वॉटर व्हील प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता	लैंगिक समानता को बढ़ावा देना एवं सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण	स्थानीय	नांदेड़ और उस्मानाबाद, महाराष्ट्र	23,50,000	11,70,500	0	23,45,500	हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी इंडिया ट्रस्ट मुंबई, महाराष्ट्र
11	एक वर्ष की अवधि हेतु 46 छात्रों के लिए फ्री स्टूडेंट होम, लखनऊ को वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजना	अन्य	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	13,80,000	10,35,000	0	13,80,000	एआईएम फॉर सेवा, चेन्नई, तमिलनाडु
12	निम्न के लिए वित्तीय सहायता : (i) चरण II में 6 बेड वाले जनरल वार्ड की स्थापना, (ii) 40 वंचित/आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों का उपचार, (iii) 25 रोगियों के लिए भर्ती सुविधाओं के साथ प्रशामक चिकित्सा इकाई.	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन परियोजना	अन्य	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	1,25,00,000	25,00,000	0	1,25,00,000	टाटा स्वास्थ्य केंद्र, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
13	बिहार के बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रभावित जनसंख्या के लिए स्वास्थ्य देखरेख सेवाओं को वितरित करने के लिए वित्तीय सहायता	स्वास्थ्य देखरेख को बढ़ावा देना एवं गरीबी उन्मूलन परियोजना	अन्य	बिहार	10,00,000	10,00,000	0	10,00,000	मुख्यमंत्री राहत कोष, बिहार.

1	2	3	4		5	6		7	8
क्र. सं.	अभिनिर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम		व्यय की गयी राशि (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रमवार (रुपये में)*	परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (रुपये में)		रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय	प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि+
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) जिला व राज्य विनिर्दिष्ट करें, जहाँ परियोजना या कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय#		
14	सतना सिटी टाउन हॉल लाइब्रेरी के लिए पांच डेस्कटॉप कंप्यूटर और सरकारी उच्च विद्यालय, इतमा के लिए दो डेस्कटॉप कंप्यूटर के खरीद के लिए वित्तीय सहायता	शिक्षा को बढ़ावा देना एवं आजीविका वृद्धि परियोजना	अन्य	सतना, मध्यप्रदेश	2,50,750	2,12,500	38,250	2,50,750	सतना सिटी टाउन हॉल लाइब्रेरी एवं सरकारी उच्च विद्यालय, सतना, मध्यप्रदेश
15	रिजर्व प्रभार प्रणाली (आरसीएम) गैर-सेनवैट के अंतर्गत प्रदत्त सेवा कर	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	0	3,01,071	3,01,071	सेनवैट.
	कुल				8,82,21,950	1,29,38,979	6,44,758	7,04,44,344	

*- निरसन घटाने के बाद निवल राशि

+ - कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी का पंजीकृत कार्यालय पता

- वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)

6. यदि बैंक विगत तीन वित्तीय वर्षों या उनके किसी भाग के औसत निवल लाभ का 2 प्रतिशत व्यय करने में असफल रहता है तब कंपनी को अपने बोर्ड की रिपोर्ट में राशि व्यय न करने के कारण बताने होंगे.

कंपनी अधिनियम 2013 में दिये गए विस्तृत दिशानिर्देशों के अनुरूप आईडीबीआई बैंक को वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान सीएसआर के अंतर्गत कोई व्यय उपगत करने की आवश्यकता नहीं है. तथापि एक तत्पर तथा सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्था के रूप में बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान विभिन्न सीएसआर योजनाओं के अंतर्गत ₹ 1.36 करोड़ का व्यय किया है.

7. सीएसआर समिति का दायित्व कथन कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों एवं नीतियों के अनुपालन में है.

आईडीबीआई बैंक की सीएसआर समिति घोषित करती है कि सीएसआर नीति, इसका कार्यान्वयन तथा निगरानी अक्षरशः बैंक के सीएसआर उद्देश्यों के अनुपालन में है.

ह/-
महेश कुमार जैन
(डीआईएन - 03513127)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
25 मई 2018

बोर्ड, इसकी समितियों और वैयक्तिक निदेशकों के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के तरीके की सूचना का विवरण

कंपनी (लेखा) विनियमावली, 2014 के नियम 8(4) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (पी) के अनुसार उपर्युक्त विषय पर ब्योरे नीचे प्रस्तुत किए गए हैं:

(i) स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी) ने दिनांक 26 अप्रैल 2018 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड की बैठकों के अध्यक्ष सहित सभी गैर-स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन और समग्र रूप से बोर्ड के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया.

(ii) बोर्ड ने दिनांक 26 अप्रैल 2018 को संपन्न अपनी बैठक में बोर्ड के सभी निदेशकों (एमडी एवं सीईओ, उप प्रबंध निदेशक तथा सरकारी निदेशकों को छोड़कर जिनके कार्य निष्पादन की समीक्षा भारत सरकार द्वारा की जाती है) के कार्य-निष्पादन, स्वयं के कार्य-निष्पादन के साथ-साथ बोर्ड की समितियों के कार्यनिष्पादन का भी मूल्यांकन किया. बोर्ड द्वारा जिन निदेशकों का मूल्यांकन किया गया ऐसे संबंधित निदेशकों ने अपने मूल्यांकन की प्रक्रिया के दौरान बैठक में भाग नहीं लिया.

आईडीसी और बोर्ड द्वारा वार्षिक मूल्यांकन के प्रयोजनार्थ वैयक्तिक निदेशकों, बोर्ड की समितियों और बोर्ड के संबंध में निरंक मूल्यांकन शीटें ईमेल के साथ-साथ हार्ड प्रतियों के माध्यम से वैयक्तिक निदेशकों को अग्रिम रूप में प्रेषित की गईं ताकि वे अग्रिम रूप में अपना अभिमत बना सकें और संबंधित बैठकों में मूल्यांकन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में सहायता मिल सके. संबंधित बैठकों के अध्यक्ष ने मूल्यांकन को अंतिम रूप देने के पश्चात आईडीसी और बोर्ड की ओर से मूल्यांकन शीटों पर हस्ताक्षर किए.

कारोबार के स्वरूप में परिवर्तन, यदि कोई हो

समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक ने बैंकिंग के कारोबार को जारी रखा और इसके कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ. बैंक ने त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के अंतर्गत दिये गए आरबीआई के निदेशों का अनुपालन किया है.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान नियुक्त होने और त्यागपत्र देने वाले निदेशकों या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का विवरण

निदेशकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/सेवासमाप्ति	दिनांक
सुश्री नीरू अबरोल, अतिरिक्त निदेशक	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161(1) के प्रावधानों के अनुसार बैंक की 13वीं वार्षिक महा सभा अर्थात् दिनांक 18 जुलाई 2017 से निदेशक नहीं रहीं.	18.07.2017
डॉ. आशिमा गोयल, स्वतंत्र निदेशक	दिनांक 28 अप्रैल 2017 को हुई बोर्ड बैठक द्वारा बैंक के अतिरिक्त निदेशक के रूप में तथा दिनांक 18 जुलाई 2017 को आयोजित 13वीं वार्षिक महा सभा में शेयरधारक द्वारा स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त.	28.04.2017
श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी, अतिरिक्त निदेशक	बोर्ड द्वारा दिनांक 9 अक्तूबर 2017 को आयोजित अपनी बैठक में अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त	09.10.2017

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के नाम	नियुक्ति/त्यागपत्र/सेसेशन	दिनांक
श्रीमती पद्मा बेताई, सीएफ़ओ	सेसेशन	03.07.2017
श्री अजय शर्मा, सीएफ़ओ	नियुक्ति	03.07.2017
श्री पोथुकुची सीताराम, कार्यपालक निदेशक एवं सीसीओ	नियुक्ति	21.03.2018
श्रीमती मैथिली बालसुब्रमणियन, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
श्री अभय लक्ष्मण बोंगिरवार, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
श्री गोपालकृष्ण अन्नाजी तड़स, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
डॉ. सौम्य शंकर बॅनर्जी, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
श्री सुरेश किशनचंद खटनहार, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
श्री इंद्रपाल सिंह कालरा, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
श्री माधव बसंत फड़के, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
श्री सुब्रतो गुप्ता, कार्यपालक निदेशक	नियुक्ति	21.03.2018
श्री अजय नाथ झा, मुमप्र एवं सीआरओ	नियुक्ति	21.03.2018
श्रीमती माया चक्रवर्ती, मुमप्र	नियुक्ति	21.03.2018

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक की बनने वाली या न रहने वाली सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों या सहयोगी कंपनियों के नाम

सहायक कंपनियों के नाम	बनने वाली/ न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

सहयोगी कंपनियों के नाम	बनने वाली/ न रहने वाली	दिनांक
एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	न रहने वाली	15.02.2018

संयुक्त उद्यमों के नाम	बनने वाली/ न रहने वाली	दिनांक
शून्य		

कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय V के अधीन शामिल जमाराशियों से संबंधित विवरण और उन जमाराशियों के विवरण जो इस अधिनियम के अध्याय V की अपेक्षाओं के अनुपालन में नहीं हैं.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73(1) के परंतुक के अनुसार इस उप-धारा का कोई भी अंश बैंकिंग कंपनी पर लागू नहीं होगा, अतः उपर्युक्त विवरण के प्रकटन की अपेक्षा आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं है.

चालू प्रतिष्ठान स्थिति और भविष्य में कंपनी के परिचालनों को प्रभावित करने वाले विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा पारित सार्थक और महत्वपूर्ण आदेशों के विवरण

विनियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया गया जो आईडीबीआई बैंक की चालू प्रतिष्ठान की स्थिति और भविष्य में बैंक के परिचालनों को प्रभावित करते हैं.

स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित / प्रतिनियुक्त किया गया. इस संबंध में विस्तृत ब्योरे बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्न लिंक के अंतर्गत दिए गए हैं:

बैंक की वेबसाइट >Secretarial Disclosures>Secretarial Disclosures Section> Familiarisation Programme for Directors

सतर्कता प्रणाली की स्थापना

बैंक ने सांविधिक/ विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन में बोर्ड द्वारा अनुमोदित सतर्कता प्रणाली स्थापित की है. सतर्कता प्रणाली पर रिपोर्ट नियमित आधार पर बोर्ड को प्रस्तुत की जा रही है. वित्तीय वर्ष 2017 -18 के दौरान किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति से संपर्क करने से नहीं रोका गया. बैंक द्वारा सतर्कता प्रणाली नीति का प्रकटन अपनी वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्न लिंक के अंतर्गत किया गया है जिसमें सतर्कता प्रणाली की स्थापना के ब्योरे दिए गए हैं:

https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण हेतु नीति

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 46 की अपेक्षाओं के अनुसार महत्वपूर्ण सहायक संस्थाओं के निर्धारण के लिए नीति बैंक की वेबसाइट - www.idbi.com पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत दी गई है:

https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

संबद्ध पक्ष लेनदेन से संव्यवहार पर नीति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के प्रावधान तथा एलओडीआर विनियमनों के विनियमन 23 के अनुसार बैंक ने संबद्ध पक्ष लेनदेन से संव्यवहार हेतु नीति बनाई है.

संबद्ध पक्ष लेनदेन से संव्यवहार हेतु नीति बैंक की वेबसाइट (www.idbi.co.in) पर निम्नलिखित लिंक पर दी गई है:

https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

व्यापक रूप से सूचीबद्ध संस्था के हितों से संभावित टकराव वाले भौतिक रूप से महत्वपूर्ण संबद्ध पक्ष लेन-देनों पर प्रकटन

सूचीबद्धता विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने भौतिक रूप से महत्वपूर्ण ऐसा कोई संबद्ध पक्ष लेन-देन नहीं किया है जिससे बैंक के हितों से किसी प्रकार के टकराव की संभावना हो.

पण्य मूल्य जोखिमों अथवा विदेशी मुद्रा एवं पण्य हेजिंग कार्यकलापों का प्रकटन

बैंक विनियामकों द्वारा निर्दिष्ट दिशानिर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार पण्य मूल्य जोखिमों अथवा विदेशी मुद्रा एवं पण्य हेजिंग कार्यकलापों के संबंध में संबंधित उपबंधों का अनुपालन करता है.

लेखांकन व्यवहार का प्रकटन

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के प्रावधानों के अनुसार यह पुष्टि की जाती है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में लेखांकन मानदंड में निर्धारित विधियों से अलग कोई भी विधि नहीं अपनायी गई है. अतः इस संबंध में प्रबंधन की ओर से कोई भी स्पष्टीकरण अपेक्षित नहीं है.

निदेशकों के पारिश्रमिक

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक, जिनकी नियुक्तियां भारत सरकार द्वारा की जाती हैं, के पारिश्रमिक एवं परिलब्धियां सरकार द्वारा तय की जाती हैं. एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण तालिका 3 में दिया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ कोई आर्थिक संबंध/लेनदेन नहीं रहे हैं.

तालिका 3 : एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशक के पारिश्रमिक के घटक

वेतन और भत्ते (सरकारी आदेशों के अनुसार) (महंगाई भत्ता दर 01.07.2017 के अनुसार)	श्री महेश कुमार जैन, एमडी एवं सीईओ - वेतन ₹ 2,17,900/- प्रति माह और 5% की दर से ₹ 10,895/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 2,28,795/- श्री के पी नायर, डीएमडी - वेतन ₹ 1,82,100/- प्रति माह और 5% की दर से ₹ 9,105/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,91,205/- श्री जी एम यादवाडकर, डीएमडी - वेतन ₹ 1,82,100/- प्रति माह और 5% की दर से ₹ 9,105/- महंगाई भत्ता, कुल ₹ 1,91,205/-
आतिथ्य	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशक, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य).
आवास	एमडी एवं सीईओ और उप प्रबंध निदेशक दोनों को किराया-मुक्त सुसज्जित आवास.
वाहन व्यय	कार्यालयीन उद्देश्यों के लिए बैंक की कार का निःशुल्क उपयोग.
छुट्टी यात्रा रियायत	एमडी एवं सीईओ और डीएमडी दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए 2 वर्षों के ब्लॉक में एक बार.
पेंशन	बैंक, जहां वे कैरियर पद पर रहे हैं, के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे) स्वीकार्य पेंशन, यदि कोई है, प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.
ग्रेच्युटी	एमडी एवं सीईओ / डीएमडी के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा छः माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से.
कार्यकाल	श्री महेश कुमार जैन - भारत सरकार की दिनांक 18 मार्च 2017 की अधिसूचना सं. एफ.सं. 13/8/(2)2015-बीओ.I द्वारा एमडी एवं सीईओ के रूप में नियुक्त. श्री जैन ने एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्यभार 3 अप्रैल 2017 को ग्रहण किया. श्री के पी नायर - भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना सं.एफ.सं.4/5/(7)/2016-बीओ.I द्वारा पद के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 31 मई 2019 तक की अवधि अर्थात अधिवर्षिता की तारीख अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री नायर ने 15 सितंबर 2016 को कार्यभार ग्रहण किया. श्री जी एम यादवाडकर - भारत सरकार की दिनांक 15 सितंबर 2016 की अधिसूचना सं.एफ.सं.4/5/(7)/2016-बीओ.I द्वारा पद के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष तक की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री यादवाडकर ने 15 सितंबर 2016 को कार्यभार ग्रहण किया.

अन्य स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए बोर्ड, ईसी और एसीबी के लिए प्रति बैठक ₹ 20,000/- की दर से और बोर्ड समिति की अन्य बैठकों के लिए प्रति बैठक ₹ 10,000/- की दर से केवल बैठक फीस अदा की गई. एमडी एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों को पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक फीस के अलावा आपके बैंक द्वारा निदेशकों को उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर और कोई पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए स्वतंत्र निदेशकों को प्रदत्त बैठक शुल्क की कुल राशि का विवरण नीचे दिया गया है :

स्वतंत्र निदेशक का नाम	वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रदत्त बैठक शुल्क (₹)
श्री एस. रवि	14,00,000
श्री निनाद कर्पे	11,60,000
श्री ज्ञान प्रकाश जोशी	8,60,000
डॉ. आशिमा गोयल (28/04/2017 से)	5,50,000
श्री भुवनचन्द्र बी. जोशी (09/10/2017 से)	2,00,000
सुश्री नीरू अबरोल [18.07.17 तक]	3,20,000

कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अधीन प्रकटन

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा उप प्रबंध निदेशकों, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है, के पारिश्रमिक का निर्धारण भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप पारिश्रमिक में लागू वृद्धि सहित भारत सरकार के वेतनमानों के अनुसार भारत सरकार द्वारा किया जाता है. उपर्युक्त पैरा में उल्लेख किए अनुसार बोर्ड के अन्य निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) अर्थात मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी सचिव सहित बैंक के अन्य कर्मचारियों को बैंक के समान ग्रेड के अधिकारियों के लिए लागू तथा सरकारी क्षेत्र के मानदंडों के अनुसार पारिश्रमिक में लागू वृद्धि के साथ बैंक द्वारा अपनाए गए सरकारी क्षेत्र के वेतनमानों के अनुसार पारिश्रमिक मिलता है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों सहित कर्मचारियों के वेतनमान में आवधिक संशोधन का संबंध बैंक के कार्य-निष्पादन सहित अन्य कारकों से जुड़ा होता है. बैंक ने कोई एफ़पीओ नहीं जारी किया है, अतः बैंक के शेयरों के बाजार कोटेशन की कोई तुलना संभव नहीं है. तथापि वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए बैंक के शेयरों के बाजार मूल्य, वित्तीय अनुपात आदि का प्रकटन वार्षिक रिपोर्ट में किया गया है. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों तथा एमडी एवं सीईओ/ डीएमडी, जो भारत सरकार के वेतनमानों के अनुसार वेतन प्राप्त कर रहे हैं, सहित कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में कोई परिवर्ती वेतन अवधारणा लागू नहीं है. 31 मार्च 2018 को बैंक के रोल पर कर्मचारियों की संख्या 17,475 थी जिसमें 356 कर्मचारी संविदा आधार पर थे तथा अन्य सभी कर्मचारी स्थायी थे. इस बात की भी पुष्टि की जाती है कि पारिश्रमिक बैंक की पारिश्रमिक नीति के अनुसार है और प्रत्येक निदेशक के पारिश्रमिक तथा माध्यिका कर्मचारी के पारिश्रमिक का अनुपात और अन्य विवरण ऊपर किए गए प्रकटन के आधार पर हैं तथा ये कंपनी (प्रबंधकीय अधिकारी की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197(12) के अनुपालन में हैं.

महासभा की बैठकें

(i) वार्षिक महासभा का विवरण

बैंक की पिछली वार्षिक महासभा (एजीएम) 18 जुलाई 2017 को हुई थी. आईडीबीआई बैंक लि. की वार्षिक महासभाओं का विवरण तालिका 4 में दिया गया है.

तालिका 4 : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

पिछली 3 वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान और समय	1)	12 अगस्त 2015 को अपराहन 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (आपके बैंक की 11वीं वार्षिक महासभा).
	2)	22 जुलाई 2016 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (आपके बैंक की 12वीं वार्षिक महासभा).
	3)	18 जुलाई 2017 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400 021 (आपके बैंक की 13वीं वार्षिक महासभा).
क्या पिछली 3 वार्षिक महासभाओं में विशेष संकल्प पारित किए गए थे	**11वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 12 अगस्त 2015 को संपन्न 11वीं वार्षिक महासभा में (i) बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉन्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉन्ड के रूप में ₹ 20,000 करोड़ तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) बैंक के संस्था के अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए. **12वीं वार्षिक महासभा के लिए** बैंक की 22 जुलाई 2016 को संपन्न 12वीं वार्षिक महासभा में (i) ₹ 8,000 करोड़ (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए केपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉन्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉन्ड के रूप में ₹ 20,000 करोड़ तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने और (iii) श्री एस. रवि को चार वर्षों की अंतिम अवधि के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करने (iv) श्री निनाद कर्पे को चार वर्षों की अंतिम अवधि के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त करने (v) बैंक के प्राधिकृत पूंजी में वृद्धि और बैंक के संस्था के अंतर्नियम में परिवर्तन के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.	

	13वीं वार्षिक महासभा के लिए बैंक की 18 जुलाई 2017 को संपन्न 13वीं वार्षिक महासभा में (i) ₹ 5,000 करोड़ (प्रीमियम राशि सहित) तक बैंक की पूंजी जुटाने और इस संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को अधिकार प्रदान करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने, (ii) निजी नियोजन/ सार्वजनिक निर्गम के जरिए एकल या एक से अधिक भाग में सीनियर/ इन्फ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड, बासेल III अनुपालित टीयर II बॉन्ड/ अतिरिक्त टीयर I बॉन्ड के रूप में ₹ 5,000 करोड़ तक जुटाने के लिए निदेशक मंडल को अधिकार प्रदान करने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के अधीन शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने, (iii) बैंक के संस्था अंतर्नियम में परिवर्तन करने और (iv) डॉ. आशिमा गोयल को दिनांक 28 अप्रैल 2017 से 4 वर्षों के लिए बैंक के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए विशेष संकल्प पारित किए गए.
क्या गत वर्ष डाक मतदान के जरिए कोई विशेष संकल्प पारित किया गया था - मतदान पद्धति का ब्योरा	हाँ. (i) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अंतर्गत दिनांक 04 अक्तूबर 2017 को अधिमान्य आबंटन आधार पर भारत सरकार को ₹ 1861 करोड़ तक के सकल राशि के इक्विटी शेयरों को प्रस्तावित करने, जारी करने और आबंटित करने के लिए और (ii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अंतर्गत दिनांक 21 फरवरी 2018 को अधिमान्य आबंटन आधार पर भारत सरकार को ₹ 2729 करोड़ तक के सकल राशि के इक्विटी शेयरों को प्रस्तावित करने, जारी करने और आबंटित करने के लिए दो विशेष संकल्प पारित किए गए.
व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं. की कंपनी सचिव श्रीमती अपर्णा गाडगिल
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतदान के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है.	हाँ. आईडीबीआई बैंक ने 21 मई 2018 को डाक मतदान प्रक्रिया के जरिये शेयरधारकों से निम्नलिखित के लिए अनुमोदन प्राप्त किया: (i) भारत सरकार को ₹ 7881 करोड़ मूल्य के इक्विटी शेयरों के अधिमान्य निर्गम हेतु; तथा (ii) प्राधिकृत पूंजी ₹ 4500 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 8000 करोड़ करने हेतु.

डाक मतपत्र के माध्यम से पारित संकल्प और उसकी प्रक्रिया

आपके बैंक ने विशेष संकल्प (i) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अंतर्गत दिनांक 04 अक्तूबर 2017 को अधिमान्य आबंटन आधार पर भारत सरकार को ₹ 1861 करोड़ तक के सकल राशि के इक्विटी शेयरों को प्रस्तावित करने, जारी करने और आबंटित करने के लिए, और (ii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अंतर्गत दिनांक 21 फरवरी 2018 को अधिमान्य आबंटन आधार पर भारत सरकार को ₹ 2729 करोड़ तक के सकल राशि के इक्विटी शेयरों को प्रस्तावित करने, जारी करने और आबंटित करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से अपने सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त कर प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है.

	दिनांक 4 अक्तूबर 2017 को डाक मतपत्र के माध्यम से पारित विशेष संकल्प	दिनांक 21 फरवरी 2018 को डाक मतपत्र के माध्यम से पारित विशेष संकल्प
मांगे गए अनुमोदन	विशेष संकल्प के माध्यम से शेयरधारको का अनुमोदन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अंतर्गत अधिमान्य आबंटन आधार पर भारत सरकार को ₹ 1861 करोड़ तक के सकल राशि के इक्विटी शेयरों को प्रस्तावित करने, जारी करने और आबंटित करने के लिए, प्राप्त किया गया था.	विशेष संकल्प के माध्यम से शेयरधारको का अनुमोदन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अंतर्गत अधिमान्य आबंटन आधार पर भारत सरकार को ₹ 2729 करोड़ तक के सकल राशि के इक्विटी शेयरों को प्रस्तावित करने, जारी करने और आबंटित करने के लिए, प्राप्त किया गया था.
संवीक्षक	बोर्ड के निदेशक मंडल ने दिनांक 14 अगस्त 2017 की अपनी बैठक में मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं. की कंपनी सचिव, श्रीमती अपर्णा गाडगिल को डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया का आयोजन करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया था.	बोर्ड के निदेशक मंडल ने दिनांक 15 जनवरी 2018 की अपनी बैठक में मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं. की कंपनी सचिव, श्रीमती अपर्णा गाडगिल को डाक मतपत्र मतदान प्रक्रिया का आयोजन करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया था.
नोटिस की तारीख	21 अगस्त 2017	16 जनवरी 2018
डाक मतपत्र फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तारीख	4 अक्तूबर 2017	21 फरवरी 2018
संवीक्षक रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	संवीक्षक ने दोनों भौतिक मतपत्र तथा ई- मतदान के माध्यम से 860 मतपत्र प्राप्त किए थे. सर्वेक्षण में शामिल 2,12,48,95,089 मतदान में से 2,12,48,86,025 मतदान जो कि कुल मतदान का 99.99% है, संकल्प के पक्ष में थे और 9,064 मतदान जोकि कुल मतदान का 0.01% है, संकल्प के विपक्ष में डाले गए थे.	संवीक्षक ने दोनों भौतिक मतपत्र तथा ई- मतदान के माध्यम से 1141 मतपत्र प्राप्त किए थे. सर्वेक्षण में शामिल 2,42,77,60,576 मतदान में से 2,42,77,33,514 मतदान जो कि कुल मतदान का 99.99% है, संकल्प के पक्ष में थे और 27,062 मतदान जोकि कुल मतदान का 0.01% है, संकल्प के विपक्ष में डाले गए थे.

	दिनांक 05 अक्तूबर 2017 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, संकल्प को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित किया गया था. डाक मतपत्र के परिणाम को गुरुवार, दिनांक 05 अक्तूबर 2017 को चेयरमैन द्वारा घोषित किया गया था और बैंक की वेबसाइट, आरटीए, अर्थात् कार्वी पर प्रदर्शित किया गया था. इसे बीएसई और एनएसई जैसे उन स्टॉक एक्सचेंजों में भी प्रदर्शित किया गया था, जहां आपके बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं.	दिनांक 22 फरवरी 2018 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, संकल्प को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित किया गया था. डाक मतपत्र के परिणाम को शुक्रवार, दिनांक 23 फरवरी 2018 को चेयरमैन द्वारा घोषित किया गया था और बैंक की वेबसाइट, आरटीए, अर्थात् कार्वी पर प्रदर्शित किया गया था. इसे बीएसई और एनएसई जैसे उन स्टॉक एक्सचेंजों में भी प्रदर्शित किया गया था, जहां आपके बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं.
ई-वोटिंग सुविधा	आपके बैंक ने उपर्युक्त दोनों ही डाक मतपत्र के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने में सक्षम बनाने के लिए वैकल्पिक विकल्प के रूप में ई-वोटिंग का प्रस्ताव दिया था.	

(ii) असाधारण महासभा का विवरण

5 : आईडीबीआई बैंक लि. की असाधारण महासभा का विवरण	
	27 अप्रैल 2017 को आयोजित ईजीएम
ईजीएम का स्थान और समय	27 अप्रैल 2017 को यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम जन. जगन्नाथराव भोसले मार्ग, मुंबई-400021 में प्रातः 11.00 बजे.
मांगे गए अनुमोदन	₹ 76.77 प्रति शेयर (₹ 66.77 प्रति इक्विटी शेयर प्रीमियम सहित) कीमत पर कुल ₹1900 करोड़ के बैंक के 24,74,92,510 की इक्विटी शेयर भारत सरकार को तथा ₹ 76.77 प्रति शेयर (₹ 66.77 प्रति इक्विटी शेयर प्रीमियम सहित) के कीमत पर कुल ₹ 600 करोड़ के बैंक के 78155530 इक्विटी शेयर एलआईसी को अधिमान्य आबंटन के आधार पर प्रस्तावित करने, जारी करने और आबंटित करने के लिए बोर्ड के निदेशक मंडल को अधिकार देने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 62(1)(सी) के अधीन शेयरधारकों से अनुमोदन के लिए विशेष संकल्प.
संवीक्षक	दिनांक 21 मार्च 2017 को निदेशक मंडल द्वारा ई-वोटिंग प्रक्रिया को आयोजित करने के लिए संवीक्षक के रूप में मेसर्स एस. एन अनंतसुब्रमणियन एंड कंपनी की कंपनी सचिव, श्रीमती अपर्णा गाडगिल को नियुक्त किया गया था.
नोटिस की तारीख	1 अप्रैल 2017
ई-वोटिंग सुविधा	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित सूचीबद्धता विनियम के विनियम 44 की शर्तों के अनुसार सदस्यों को अपना मदतन देने के लिए असाधारण महासभा में रिमोट ई-मतदान और ई-मतदान सुविधा प्रदान की गई थी. इसके अतिरिक्त ईजीएम स्थान पर सदस्यों के लिए टैब- मतदान सुविधा भी उपलब्ध की गई थी.
संवीक्षक रिपोर्ट का संक्षिप्त विवरण	संवीक्षक ने 259 सदस्यों से 1,84,70,92,839 मत (असाधारण महासभा में 156 सदस्यों से रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से 32,39,63,471 मत और 103 सदस्यों से 152,31,29,368 मत) प्राप्त किए. सर्वेक्षण में शामिल 184,70,92,839 मतदान में से 184,67,02,142 कुल मतदान का 99.98% संकल्प के पक्ष में तथा 3,90,697 कुल मतदान का 0.02% संकल्प के विपक्ष में डाले गए.
	दिनांक 27 अप्रैल 2017 की संवीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार, संकल्प को अपेक्षित बहुमत द्वारा पारित किया गया था. डाक मतपत्र का परिणाम चेयरमैन द्वारा दिनांक 27 अप्रैल 2017 को घोषित किया और आपकी बैंक की वेबसाइट, आरटीए, अर्थात्, कार्वी तथा एनएसडीएल पर प्रदर्शित किया गया. इसे बीएसई और एनएसई जैसे उन स्टॉक एक्सचेंजों में भी प्रदर्शित किया गया था, जहां आपके बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं.

प्रकटन

1 1 अप्रैल 2017 - 31 मार्च 2018 के दौरान ऐसी किसी भी कंपनी को सहायता प्रदान नहीं की गई, जिसमें बैंक के किसी भी निदेशक की कोई रुचि हो.

2 पिछले तीन वर्षों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज अथवा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले पर बैंक पर लगाए गए गैर-अनुपालन, दंड, कटु आलोचना के विवरण निम्नानुसार हैं :

वित्तीय वर्ष 2015-16	शून्य
वित्तीय वर्ष 2016-17	शून्य
वित्तीय वर्ष 2017-18	शून्य. तथापि बैंक ने आय निर्धारण और आस्ति वर्गीकरण (आईआरएसी) मानदंडों पर निर्देशों का अनुपालन न करने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 9 अप्रैल 2018 के आदेश के अनुसरण में दिनांक 16 अप्रैल 2018 को ₹ 3 करोड़ की अदायगी की है.

आचार एवं सदाचार संहिता

बैंक के निदेशक मंडल ने अपने निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार एवं सदाचार संहिता को अपनाया है. एलओडीआर विनियमावली के अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 की अपेक्षाओं के अनुपालन में आपके बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि के बारे में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है:

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा घोषणा

एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

ह/-
महेश कुमार जैन
(डीआईएन - 03513127)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
25 मई 2018

भेदिया व्यापार की रोकथाम

सेबी (भेदिया व्यापार निषेध) विनियमावली, 2015 के विनियम 8 के अनुसार बैंक ने अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के उचित प्रकटन के लिए व्यवहार एवं प्रक्रिया संहिता बनाई है. यह संहिता बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है :

https://www.idbi.com:8443/secretarial-disclosures.asp

उक्त विनियमावली के विनियम 9 के अनुसार बैंक ने अपने कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों द्वारा की जा रही ट्रेडिंग को विनियमित करने, निगरानी करने और रिपोर्ट करने के लिए आचरण संहिता भी बनाई है.

सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

एलओडीआर विनियमावली के विनियम 17(8) के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर एमडी एवं सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त कर बोर्ड को प्रस्तुत किए गए हैं.

सहायक कंपनियां

यथा 31 मार्च 2018 को बैंक के पास पांच सहायक कंपनियां थीं अर्थात् आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्युरिटीज लि, आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड. बैंक के बोर्ड के किसी भी स्वतंत्र निदेशक को इसकी सहायक कंपनियों के बोर्ड में शामिल किए जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कोई भी सहायक कंपनी एलओडीआर विनियमावली के विनियमन 16 के अंतर्गत परिभाषित किये अनुसार तात्विक रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है. एलओडीआर विनियमावली के विनियम 24 की अपेक्षाओं के अनुपालन में बैंक की लेखापरीक्षा समिति वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किये गये निवेशों की समीक्षा करती है. असूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त बैंक की बोर्ड बैठकों में नियमित रूप से प्रस्तुत किए जाते हैं.

सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमणियन एंड कं., कंपनी सचिव को बैंक के सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है. दिनांक 15 मई 2018 की सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट के साथ संलग्न है.

सूचना के साधन

बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अधीन अपेक्षित निदेशकों की रिपोर्ट और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए नियमित रूप से तिमाही परिणामों को प्रकाशित करता है. इन्हें राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र अर्थात् बिज़नस लाइन में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र अर्थात् लोकमत में प्रकाशित किया जाता है. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर भी उपलब्ध कराई गई है.

ऐसे दस्तावेज, जो वर्णित हैं लेकिन वार्षिक महासभा की सूचना पाने के पात्र व्यक्तियों को नहीं भेजे गए हैं, वार्षिक महासभा की तारीख से 21 दिन पहले से बैंक के पंजीकृत कार्यालय में कार्य समय के दौरान शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 के दौरान शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव तथा शेयरधारकों से संबंधित अन्य सामान्य सूचनाओं का ब्योरा क्रमशः तालिका 6 और तालिका 7 में दिया गया है.

तालिका 6 : आम शेयरधारकों के लिए सूचना

i.	एजीएम की तारीख, समय और स्थान	सोमवार, 13 अगस्त 2018 को अपराह्न 3.30 बजे. यशवंत राव चव्हाण केंद्र ऑडिटोरियम, जन. जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई - 400021
ii.	वित्तीय वर्ष	1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018
iii.	कंपनी (प्रबंध और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित एलओडीआर विनियमावली के विनियम 44 और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के अनुसार ई-वोटिंग अवधि	ई-वोटिंग अवधि गुरुवार 9 अगस्त 2018 को (भारतीय मानक समय के अनुसार सुबह 9 बजे से) प्रारंभ होगी और रविवार 12 अगस्त 2018 को (भारतीय मानक समय के अनुसार शाम 5 बजे) समाप्त होगी.
iv.	लेखाबहियों के बंद रहने की तारीख	मंगलवार, 7 अगस्त 2018 से सोमवार 13 अगस्त 2018 (दोनों दिन शामिल)
v.	स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता और वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क के भुगतान की पुष्टि	**1. बीएसई लि. (बीएसई)** पता : 25वीं मंजिल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई -01. **2. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई)** पताः एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई-51 बीएसई और एनएसई के वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान 28 अप्रैल 2018 को किया गया है.
vi.	स्टॉक कोड/ प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई-आईडीबीआई
vii.	रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट	कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी, कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500032
viii.	शेयर अंतरण प्रणाली	शेयर अंतरण कार्यपालक निदेशक/ मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित किए जाते हैं.

ix.	वित्तीय कैलेंडर	1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 : 1) 30 जून 2017 को समाप्त तिमाही के परिणाम 14 अगस्त 2017 को अनुमोदित किए गए. 2) 30 सितंबर 2017 को समाप्त तिमाही / छमाही के परिणाम 31 अक्तूबर 2017 को अनुमोदित किए गए. 3) 31 दिसंबर 2017 को समाप्त तीसरी तिमाही / नौ महीने के परिणाम 31 जनवरी 2018 को अनुमोदित किए गए. 4) 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षित परिणाम 25 मई 2018 को अनुमोदित किए गए.
x.	प्रॉक्सी फॉर्म प्राप्त होने की अंतिम तारीख	शनिवार, 11 अगस्त 2018 को अपराह्न 3.30 बजे तक
xi.	तिमाही परिणामों पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक	संबंधित तिमाही के समापन से 45 दिनों के भीतर और वार्षिक लेखापरीक्षित परिणाम हेतु वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 60 दिनों के भीतर.
xii.	गैर-कार्यपालक निदेशकों द्वारा धारित शेयरों तथा परिवर्तनीय लिखतों की संख्या	यथा 31 मार्च 2018 को श्री एस. रवि स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक के पास आईडीबीआई बैंक लि. के 200 शेयर थे.
xiii.	डिबेंचर ट्रस्टी के विवरण	1. **एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** दूसरी मंजिल, एक्सिस हाउस, वाडिया इंटरनेशनल सेंटर, बाम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वरली, मुंबई- 400025, फोन : 022-24255232. 2. **एसबीआईकैप ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड,** एपीजे हाउस, 6ठी मंजिल, 3 दिनशा वाच्छा रोड चर्चगेट, मुंबई - 400020, फोन: 022-43025503. 3. **आईएल एंड एफएस ट्रस्ट कंपनी लिमिटेड,** द आईएल एंड एफएस फाइनान्सियल सेंटर, प्लॉट सी-22, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई 400051. फोन : 022-26593927.

आईडीबीआई के शेयरों का एनएसई और बीएसई में सक्रिय रूप से कारोबार होता है. एक्सचेजों के पास सूचीबद्ध सभी प्रतिभूतियों के संबंध में वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क आज की तारीख तक अदा किया जा चुका है.

तालिका 7: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) और बीएसई लि. (बीएसई) में आईडीबीआई बैंक लि. के शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव : अप्रैल 2017 - मार्च 2018

माह	एनएसई		बीएसई			एनएसई		बीएसई	
	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न	माह	उच्च	निम्न	उच्च	निम्न
अप्रैल 2017	78.10	71.85	78.05	71.70	अक्तूबर 2017	67.95	51.80	67.75	51.80
मई 2017	82.00	60.00	81.90	59.95	नवंबर 2017	65.85	58.70	65.90	58.75
जून 2017	60.95	53.40	60.85	53.40	दिसंबर 2017	60.90	58.00	60.75	57.95
जुलाई 2017	62.20	53.50	62.20	53.50	जनवरी 2018	65.35	59.40	65.45	59.40
अगस्त 2017	59.65	52.30	59.65	52.30	फरवरी 2018	78.95	57.00	78.90	57.10
सितंबर 2017	57.20	52.20	57.25	52.25	मार्च 2018	84.65	64.85	84.40	64.70

यथा 31 मार्च 2018 के शेयरधारिता का स्वरूप


मार्च 2018 के अंत में बैंक के शेयरधारकों की प्रमुख श्रेणियों द्वारा शेयरधारिता के ब्योरे और वितरण अनुसूची नीचे तालिका 8 और तालिका 9 में दी गई है.

तालिका 8 : 31 मार्च 2018 के अंत में शेयरधारिता का स्वरूप

शेयरधारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल का %
भारत सरकार	2496838686	80.96
कर्मचारी	800025	0.03
जनता	116295556	3.77
हिन्दू अविभाजित परिवार	3008481	0.10
कंपनी निकाय	27534512	0.89
संस्थाएं		
अ) बैंक	2105899	0.07
आ) विदेशी संस्थागत निवेशक	47770	0
इ) राज्य वित्त निगम	0	0
ई) वित्तीय संस्थाएं	13280000	0.43
उ) म्यूचुअल फंड	11981236	0.39
सोसायटी	28960	0
न्यास	326953	0.01
बीमा कंपनियां	347301541	11.26
अनिवासी भारतीय	4572021	0.15
निदेशक, केएमपी एवं उनके रिश्तेदार		
(i) श्री के. पी. नायर, उप प्रबंध निदेशक	320	0
(ii) श्री एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक	200	0
(iii) श्री अभय एल. बोंगिरवार, कार्यपालक निदेशक	320	0
(iv) डॉ. एस. एस. बॅनर्जी, कार्यपालक निदेशक	320	0
(v) श्री सुरेश के. खटनहार, कार्यपालक निदेशक	24200	0
(iv) श्री इंद्रपाल सिंह कालरा, कार्यपालक निदेशक	320	0
(vii) श्री माधव वी. फड़के, कार्यपालक निदेशक	320	0
(viii) श्री अजय शर्मा, सीएफओ	120	0
(ix) श्रीमती पद्मा बेताई, मुख्य महाप्रबंधक	270	0
(x) श्री अजय नाथ झा, सीआरओ	320	0
(x) श्रीमती माया चक्रवर्ती, मुख्य महाप्रबंधक	200	0
एनएसडीएल (अंतरणाधीन)	4831157	0.16
विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक	52738164	1.71
एनबीएफसी	**27391**	**0**
आईईपीएफ	**2117434**	**0.07**
कुल योग	**3083862696**	**100**

व्यापक सूचकांकों अर्थात् बीएसई सेंसेक्स, क्रिसिल सूचकांक, आदि की तुलना में प्रदर्शन

1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 की अवधि के दौरान बीएसई सेंसीटिव इंडेक्स (सेंसेक्स) की तुलना में आईडीबीआई बैंक के इक्विटी शेयर का प्रदर्शन निम्नलिखित चार्ट में दिया गया है:



शेयर अंतरण प्रणाली एवं निवेशक शिकायत समाधान

तालिका 9 : 31 मार्च 2018 के अंत में वितरण अनुसूची

क्र. सं	श्रेणी		शेयरधारकों की संख्या	कुल शेयरधारकों में %	राशि (₹)	कुल राशि में %
	से	तक				
1	1	5000	358746	99.41	88443244	2.87
2	5001	10000	1115	0.31	8262384	0.27
3	10001	20000	478	0.13	6792852	0.22
4	20001	30000	147	0.04	3660276	0.12
5	30001	40000	69	0.02	2469896	0.08
6	40001	50000	55	0.02	2533503	0.08
7	50001	100000	101	0.03	7092445	0.23
8	100001 और अधिक		175	0.05	2964608096	96.13
कुल			**360886**	**100.00**	**3083862696**	**100.00**

शेयर अंतरण प्रक्रिया को शीघ्रतापूर्वक पूरा करने के उद्देश्य से अंतरण ज्ञापन (एमओटी) को साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित करने के लिए कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति गठित की गई है.

1 अप्रैल 2017 को निवेशकों की कोई भी शिकायत निवारण के लिए लंबित नहीं थी और 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट को शेयरधारकों/ निवेशकों से कुल 1,439 निवेशक शिकायतें प्राप्त हुईं. वर्ष के दौरान 1,439 शिकायतों का निवारण किया गया और 31 मार्च 2018 को कोई भी शिकायत निवारण के लिए लंबित नहीं थी.

शेयरों के संबंध में 1 अप्रैल 2017 को अंतरण से संबंधित 4 मामले लंबित थे. 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंट को शेयरों के अंतरण के लिए 1099 अनुरोध प्राप्त हुए. इनमें से शेयरों के अंतरण से संबंधित 1103 अनुरोधों पर कार्रवाई की गई और 31 मार्च 2018 को कोई अनुरोध लंबित नहीं थे.

हितधारक संबंध समिति के बारे में प्रकटन

(क) समिति की अध्यक्षता करने वाले गैर-कार्यपालक निदेशक का नाम	डॉ. आशिमा गोयल , स्वतंत्र निदेशक
(ख) अनुपालन अधिकारी का नाम और पदनाम	श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव अनुपालन अधिकारी हैं. वे परिचालनों का पर्यवेक्षण करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सचिवीय अनुपालन से संबंधित सेबी विनियमावली और स्टॉक सूचीबद्धता विनियमावली की अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाता है.
(ग) वित्त वर्ष 2017-18 में शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों की संख्या	1439
(घ) शेयरधारकों की संतुष्टि तक समाधान नहीं किए गए मामलों की संख्या	0
(ङ) लंबित शिकायतों की संख्या	0

डीमैट उचंत खाता/ अदावी उचंत खाता के संबंध में प्रकटन

सूचीबद्धता विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के अनुसार आपका बैंक अदावी उचंत खाते में पड़े इक्विटी शेयरों के संदर्भ में निम्न ब्योरे रिपोर्ट करता है:

क्र. सं.	विवरण	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या
(क)	दिनांक 1 अप्रैल 2017 को उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	4832	862054
(ख)	दिनांक 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 के दौरान उचंत खाते से शेयरों का अंतरण करवाने के लिए आपके बैंक से संपर्क करने वाले शेयरधारकों की संख्या	25	5500
(ग)	उन शेयरधारकों की संख्या, जिन्हें दिनांक 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2018 के दौरान उचंत खाते से शेयर अंतरित किए गए	25	5500
(घ)	दिनांक 31 मार्च 2018 को उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरों और शेयरधारकों की कुल संख्या	4807	856554
(ङ)	इन शेयरों पर वोटिंग अधिकार तब तक फ्रीज़ रहेगा जब तक इन शेयरों के वैध स्वामी शेयरों का दावा नहीं करते.		

तालिका 9 : डिमटेरियलाइजेशन के ब्योरे तथा पत्राचार के लिए पता

शेयरों का डिमटेरियलाइजेशन और चलनिधि

शेयरधारिता का स्वरूप	शेयरधारकों की संख्या	शेयर	प्रतिशत
कागजी रूप में	56909	454998054	14.75
एनएसडीएल (डीमटेरियलाइज्ड)	200016	532732185	17.27
सीडीएसएल (डीमटेरियलाइज्ड)	103961	2096132457	67.97
कुल			

बकाया जीडीआर/एडीआर/ वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन की तारीख तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव	आईडीबीआई बैंक लि. ने जीडीआर/ एडीआर/ वारंट आदि जारी नहीं किए हैं.
प्लांट का स्थान	लागू नहीं. तथापि, बैंक की शाखाओं के स्थान के बारे में जानकारी बैंक की वेबसाइट, www.idbi.com पर उपलब्ध है.
पत्राचार के लिए पता	**आईडीबीआई बैंक लि.** सीआईएन - L65190MH2004GOI148838 इक्विटी कक्ष- बोर्ड विभाग, आईडीबीआई बैंक लि., 22वीं मंज़िल, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 फोन- (022) - 66552779, 66553062, 66552620 फैक्स - (022) - 2218 23 52 ई-मेल - idbiequity@idbi.co.in वेबसाइट - www.idbi.com
	रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, कार्वी सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबौली फायनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद - 500 032 फोन : (040) 67162222 टोल फ्री नंबर: 1-800-3454001 फैक्स नं. : (040) 23420814 ई-मेल : einward.ris@karvy.com
सहायक कंपनियों के पंजीकृत कार्यालयों के पते	**आईडीबीआई कैपिटल मार्केटस एंड सेक्युरिटीज लिमिटेड** तीसरी मंज़िल, मफतलाल सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021 **आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड** आईडीबीआई बिल्डिंग, पहली मंज़िल, प्लॉट नं. 39-41, सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400 614 **आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड** आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 **आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड** आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 **आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड** एशियन बिल्डिंग, तल मंज़िल, 17, आर. कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट मुंबई - 400 001

विनियम 27 की विवेकाधिकार अपेक्षाओं के अनुपालन की स्थिति

बैंक ने एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची V के साथ पठित विनियम 34 के तहत दी गई सभी अनिवार्य अपेक्षाओं का अनुपालन किया है और निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर स्टॉक एक्सचेंज को निर्दिष्ट प्रारूप में कॉरपोरेट अभिशासन पर तिमाही/ छमाही/ वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करता रहा है. एलओडीआर विनियमावली की अनुसूची II के भाग ई के अंतर्गत दी गई विवेकाधिकार अपेक्षाओं के संदर्भ में स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं	विवेकाधीन आवश्यकताएं	स्थिति
1.	एक गैर-कार्यपालक अध्यक्ष को कंपनी के खर्च पर अध्यक्ष कार्यालय को बनाए रखने का अधिकार होगा और उन्हें उनके द्वारा दायित्व के निर्वहन पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति भी प्राप्त होगी.	वर्तमान में बैंक में गैर-कार्यपालक (गैर-पूर्णकालिक) अध्यक्ष का पद खाली है.
2.	पिछले 6 महीनों की महत्वपूर्ण घटनाओं के संक्षिप्त विवरण सहित वित्तीय कार्य निष्पादन की अर्द्धवार्षिक घोषणा प्रत्येक शेयरधारक के घर भेजी जाए.	बोर्ड के अनुमोदन के तुरंत बाद शेयर धारकों और अन्य अंशधारकों की जानकारी के लिए तिमाही और अर्द्धवार्षिक वित्तीय परिणामों को समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाता है और साथ ही स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से प्रसारित किया जाता है.
3.	कंपनी असंशोधित लेखापरीक्षा अभिमत व्यवस्था की ओर अग्रसर हो.	बैंक इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है.
4.	कंपनी द्वारा अध्यक्ष और एमडी/सीईओ पद के लिए अलग-अलग व्यक्ति की नियुक्ति की जाए.	अब बैंक में गैर-कार्यपालक (गैर-पूर्णकालिक) अध्यक्ष और एमडी एवं सीईओ के अलग-अलग पद हैं.
5.	आंतरिक लेखापरीक्षक द्वारा सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करना.	आंतरिक लेखापरीक्षक, श्री एम. वी. फड़के, कार्यपालक निदेशक, सीधे एसीबी को रिपोर्ट करते हैं.

फॉर्म सं. एमआर-3
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम सं. 9 के अनुसरण में]

प्रति,
सदस्यगण,
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
CIN: L65190MH2004GOI148838
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स,
कफ परेड,
मुंबई - 400005.

हमने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (इसमें इसके पश्चात् 'कंपनी' के रूप में निर्दिष्ट) द्वारा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और अच्छी कॉरपोरेट प्रथाओं के अनुपालन की सचिवीय लेखापरीक्षा की है. सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार संचालित की गई है जिससे हमें कॉरपोरेट आचरणों/सांविधिक अनुपालनों के मूल्यांकन और उन पर अपना अभिमत व्यक्त करने के लिए पर्याप्त आधार प्राप्त हुआ है.

कंपनी की बहियों, कागज़ात, कार्यवृत्त बहियों, दाखिल किए गए फॉर्मों एवं विवरणियों तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य अभिलेखों और सचिवीय लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारियों के सत्यापन के आधार पर हम एतदद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में कंपनी ने 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखा-परीक्षा की अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और साथ ही, कंपनी ने इसमें इसके पश्चात् की गई रिपोर्टिंग की सीमा तक, वर्णित रीति से और उसके अध्यधीन उपयुक्त बोर्ड- प्रक्रियाएँ और अनुपालन-प्रणाली लागू की हैं:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी द्वारा अनुरक्षित बहियों, कागज़ात, कार्यवृत्त बहियों, फाइल किए गए फॉर्मों एवं विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की जांच की है :

i. कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;

ii. प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम,1956 ('एससीआरए') तथा इसके अधीन बनाए गए नियम;

iii. निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और इसके अधीन तैयार की गई विनियमावली तथा उप-विधियों;

iv. विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश तथा बाह्य वाणिज्यिक उधार की सीमा तक इसके अधीन बनाए गए नियम तथा विनियमन;

v. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अधीन विनिर्दिष्ट निम्नलिखित विनियम तथा दिशानिर्देश :-

   क. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों का पर्याप्त अर्जन और अधिग्रहण) विनियम, 2011;

   ख. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार का प्रतिषेध) विनियम, 2015 ;

   ग. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2009

   घ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियम, 2014 - लागू नहीं क्योंकि कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान उक्त विनियम के अंतर्गत निदेशकों / कर्मचारियों को कोई शेयर/ऑप्शन जारी नहीं किया है.

   ङ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीबद्धता) विनियम, 2008;

   च. कंपनी अधिनियम तथा ग्राहक के साथ संव्यवहार के बारे में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट) विनियम,1993 - लागू नहीं क्योंकि कंपनी समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट के रूप में पंजीकृत नहीं है;

   छ. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की असूचीबद्धता) विनियम, 2009 - लागू नहीं क्योंकि कंपनी ने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान किसी स्टाक एक्सचेंज से अपने इक्विटी शेयरों को असूचीबद्ध नही किया है/ असूचीबद्ध करने का प्रस्ताव नहीं किया है; तथा

   ज. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों की वापसी-खरीद) विनियम,1998; लागू नहीं क्योंकि कंपनी ने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान अपनी किसी प्रतिभूति की वापसी-खरीद नहीं की है/ वापसी-खरीद का प्रस्ताव नही किया है.

vi. कंपनी ने कंपनी पर लागू पर निम्नलिखित विधियों की पहचान तथा पुष्टि की है:

   1. बैंककार बही साक्ष्य अधिनियम, 1891;

   2. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम, 1934;

   3. बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 तथा बैंककारी कंपनी नियम, 1949 (समय-समय पर यथा संशोधित);

   4. बैंककारी कंपनी (अभिलेखों के परिरक्षण की अवधि) नियम, 1985;

5. विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम, 1999 के नियम, विनियम व समय-समय पर जारी अधिसूचनाएं;
6. बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को शोध्य ऋण वसूली अधिनियम, 1993;
7. धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 तथा धन-शोधन निवारण (अभिलेखों का अनुरक्षण आदि) नियम, 2005;
8. वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002;
9. भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007;
10. बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को शोध्य ऋण वसूली अधिनियम, 1993
12. दिवाला और शोधन अक्षमता कोड, 2016;
13. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986;
14. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (मर्चेंट बैंकर्स) विनियमन, 1992;
15. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम के बैंकर) विनियमन, 1994

हमने निम्नलिखित के लागू खंडों के अनुपालन की भी जांच की है:

(i) निदेशक मंडल की बैठकों (एसएस-1) और महा सभा (एसएस-2) के संबंध में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी लागू सचिवीय मानक.

(ii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं), विनियम 2015 तथा बीएसई लिमिटेड व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ किए गए सूचीबद्धता करार ;

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने उपर्युक्त अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि का अनुपालन किया है :

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि : -

- कार्यपालक निदेशकों, गैर-कार्यपालक निदेशकों, स्वतंत्र निदेशकों और महिला निदेशक के समुचित संतुलन के साथ कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन किया गया है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में किए गए परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए हैं.
- सभी निदेशकों को बोर्ड बैठकों के आयोजन के संबंध में पर्याप्त समय पहले सूचना दी जाती है, कार्य-सूची और कार्य-सूची पर विस्तृत नोट काफी समय पहले भेजे जाते हैं और बैठकों से पहले कार्य-सूची की मदों पर अन्य जानकारी और स्पष्टीकरण मांगने तथा लेने के लिए और बैठक में सार्थक सहभागिता के लिए व्यवस्था मौजूद है.
- बोर्ड तथा समिति की बैठकों में सभी निर्णय बहुमत से लिये जाते हैं.

हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी द्वारा स्थापित अनुपालन प्रणाली की समीक्षा तथा विभिन्न प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा जारी और निदेशक मंडल द्वारा उनकी बैठक (कों) में दर्ज किए गए अनुपालन प्रमाणपत्र (त्रों) के आधार पर हमारा अभिमत है कि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी करने और उनका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और परिचालन के अनुरूप कंपनी में पर्याप्त प्रणालियां और प्रक्रियाएं हैं.

